सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 07 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 59, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## यूरोप को डीजल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बना भारत

रूस से डीजल की आपूर्ति में भारी गिरावट और अमेरिका से यूरोप जाने वाली ईंधन की खेप में कमी के बीच यूरोप के लिए भारत डीजल के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उभरा है। } 10

## राजनाथ सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका जायेंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सैन्य संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। } 12



# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता चीन मास्टर्स का खिताब

## रोमांचक मुकाबले में चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराया

एजेंसी




शेनजेन। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को यहां शानदार वापसी करते हुए तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 का खिताब अपने नाम कर लिया। वर्ष 2023 और 2025 के चरणों में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग की जोड़ी यहां अपना तीसरा फाइनल खेल रही थी।

इस भारतीय जोड़ी ने एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में हे और रेन की दुनिया की पूर्व चौथे नंबर की जोड़ी को 11-21, 21-13, 21-17 से शिकस्त दी। करियर की 10वीं बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर जीत दर्ज करने के बाद सात्विक ने कहा कि यहां खेलना हमेशा अच्छा रहा है। चोट से वापसी के बाद जब भी हम यहां आए हैं, हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि 2024 में ओलंपिक के बाद हम यहां खेले थे और सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। फिर पिछले साल भी हम खेले थे। उस समय हम अच्छी फॉर्म में नहीं थे, लेकिन फिर भी फाइनल तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस बार भी हम चोट से वापसी के बाद यहां आए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा है। मुझे लगता है कि इस पूरे सप्ताह की कहानी भी कुछ ऐसी ही रही। पहले दौर को छोड़ दें तो हमने लगभग हर मुकाबला तीन गेम में खेला है। सात्विक ने कहा कि हम यहां आने से पहले ही अपनी रणनीति तैयार करके आए थे। हम उसे लागू करना चाहते थे। अगर वह काम करता तो बहुत अच्छा और अगर नहीं करता तो हम वापस जाकर फिर से उस पर काम करते। मुझे लगता है कि आज हमारी रणनीति काम कर गई। हमने आखिरकार उस सिलसिले को तोड़ दिया और 2026 में अपना दूसरा खिताब जीता। इस जीत से बहुत खुश हूं।

यह भारतीय जोड़ी का इस सत्र का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था और थाईलैंड ओपन सुपर 500 के फाइनल में भी जगह बनाई थी। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताब जापान में 19 सितंबर से पहले होने वाले एशियाई खेलों से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है जिसमें वह अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने की तैयारी कर रहे हैं। चिराग ने कहा कि यह सचमुच काफी विशेष लग रहा है। निश्चत रूप से एशियाई खेलों में ...शेष पृष्ठ 10 पर




**मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,**

अभी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर मुझे राष्ट्र निर्माण की नीव रखने वाले 81 गुरुजनों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। **शिक्षक वह दीप हैं, जो ज्ञान का प्रकाश फैलाकर आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करते हैं।** इसी ज्ञान के विस्तार और प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में 8 सितंबर को हम अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाएंगे।

हमारे बच्चे विद्यालय क्यों जाते हैं? केवल पढ़ना-लिखना सीखने के लिए? जी नहीं, हमारा उद्देश्य बच्चों को ज्ञान, संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं जीवन को सही दिशा देने वाली समझ देना है। **हमारी प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरुकुल इसी समग्र शिक्षा के केंद्र रहे हैं,** जहां ज्ञान के साथ जीवन मूल्यों और दायित्वबोध की शिक्षा भी दी जाती थी। यही भाव आज भी हमारी शिक्षा का आधार होना चाहिए। ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह जीवन को सरल बनाए और समाज के लिए उपयोगी बने।


आज तकनीक तेजी से हमारे जीवन को बदल रही है। **ऐसे में डिजिटल साक्षरता के साथ एआई साक्षरता भी समय की आवश्यकता है।** AI, डीप-टेक और उभरती प्रौद्योगिकी शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और रोजगार के नए अवसर खोल रहे हैं। हमारी सरकार परंपरागत ज्ञान को आधुनिक विज्ञान, तकनीक, नवाचार और कौशल से जोड़ रही है। **लखनऊ में AI City और कानपुर में ड्रोन एवं UAV तकनीक का विकसित होता पारिस्थितिकी तंत्र उत्तर प्रदेश के तकनीकी भविष्य की नई संभावनाओं का आधार बन रहा है।**

इसी दिशा में हमारी सरकार ने **ऑपरेशन कायाकल्प, मिशन प्रेरणा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और कौशल विकास कार्यक्रमों** के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयी सुविधाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया है। इन प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश के विद्यालयों में ड्रॉपआउट दर को न्यूनतम करने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है और अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

इस पूरी यात्रा में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे विद्यार्थियों में संस्कार, जिज्ञासा, अनुशासन, आत्मविश्वास और दायित्वबोध जगाते हैं तथा हमारी गौरवशाली ज्ञान-परंपरा को आधुनिक ज्ञान और नवाचार से जोड़ते हैं।

लेकिन साक्षरता का संकल्प समाज के सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता। **यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति अक्षर ज्ञान से वंचित है, तो उसे साक्षर बनाना हम सभी का कर्तव्य है।** किसी को पढ़ना-लिखना सिखाने का छोटा-सा प्रयास उसके जीवन में ज्ञान, आत्मविश्वास और अवसरों के नए द्वार खोल सकता है।

आइए, इस अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर संकल्प लें कि **हर बच्चा विद्यालय पहुंचे, हर विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाए, हर युवा कौशल और नवाचार से जुड़े तथा हर नागरिक साक्षर होने के साथ डिजिटल ज्ञान और एआई के प्रति जागरूक बने।**



आपका

योगी आदित्यनाथ

तमसो मा ज्योतिर्गमय

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

# पहले बाढ़ का पैसा हजम कर जाते थे सपाई : सीएम

## हल्ला होने पर केवल सूखे ब्रेड दे दिये जाते थे, मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में हवाई सर्वेक्षण कर लिया बाढ़ का जायजा

विशेष संवाददाता



लखनऊ/चित्रकूट। मंदाकिनी नदी में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित चित्रकूट के 800 परिवारों को रविवार को राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बाढ़ आने पर तत्कालीन सरकार इसका संज्ञान तक नहीं लेती थी।

राहत के नाम पर बहुत अधिक हो-हल्ला होने पर प्रभावितों को केवल सूखे ब्रेड दे दिए जाते थे, जबकि राहत के लिए आने वाला पूरा पैसा सपाई गुंडे खाकर हजम कर जाते थे और गरीब, कमजोर एवं वंचित लोगों को कुछ नहीं मिलता था। उन्होंने कहा कि पहले जहां बाढ़ प्रभावितों को एक किलो राहत सामग्री भी नहीं मिलती थी, वहीं अब करीब 50 किलो राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद 800 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। बाढ़ में आश्रयहीन हुए परिवारों को आवास के लिए भूमि आवंटन प्रमाण पत्र तथा आपदा मोचक निधि से राहत राशि भी वितरित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों से उनका हाल-चाल जाना और बच्चों को चॉकलेट देकर उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम को जब वनवास हुआ था तो चित्रकूट ने उन्हें आश्रय दिया। अब चित्रकूटवासी संकट में हैं तो प्रभु का भक्त होने के नाते वे साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्थिति में गरीब और प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। बाढ़ से प्रभावित गरीबों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों और साधु-संतों को आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसका भी नुकसान हुआ है, सरकार उसे हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट की पावन धरा को नमन करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने लगभग 12 वर्ष जिस धरा पर रहकर ऋषि-मुनियों के सानिध्य में राम राज्य की परिकल्पना को साकार किया था, वह भूमि आज भी आस्था और साधना का प्रमुख केंद्र है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवार खुद को अकेला न समझें। डबल इंजन की सरकार भारतीय जनता पार्टी के कोटि-कोटि कार्यकताओं के साथ उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी में पिछले दिनों आई भीषण आपदा से हुई त्रासदी का पहले हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में रामघाट सहित आसपास के प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस दिन चित्रकूट में अचानक बाढ़ आई, उस समय वह बलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर थे। सूचना मिलते ही उन्होंने लखनऊ से डीजी पीएसी को निर्देश देकर एसडीआरएफ और पीएसी की अतिरिक्त फ्लड कंट्रोल कंपनियों को तत्काल चित्रकूट रवाना कराया। उस समय जिले में एसडीआरएफ की केवल एक कंपनी तैनात थी, लेकिन अगले दो से तीन घंटे के भीतर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की फ्लड यूनिट की कुल आठ कंपनियां राहत एवं बचाव ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चंदौली में नशे के सौदागरों पर कसा शिकंजा, 2.10 करोड़ की हेरोइन बरामद

लखनऊ/वाराणसी। उत्तर प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई की है। वाराणसी यूनिट की टीम ने चंदौली में करीब 2.10 करोड़ रुपये कीमत की 1 किलो 20 ग्राम हेरोइन के साथ एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की सप्लाई चंदौली में की जानी थी। एएनटीएफ टीम ने कार्रवाई चंदौली के अलीनगर थाना क्षेत्र स्थित गोदना मोड़ सर्विस रोड पर की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र के झोरिया जगदीशपुर बाबतपुर निवासी अभिषेक सोनकर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से हेरोइन के अलावा अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने एक पार्टनर के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थों ...शेष पृष्ठ 10 पर

# संभल में ट्रक और ऑटो की टक्कर, छह की मौत

## सीएम योगी ने मृतकों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों का उपचार कराने के निर्देश दिये

एजेंसी



संभल (उप्र)। उत्तर प्रदेश के संभल के बहजोई क्षेत्र में रविवार सुबह ट्रक की जोरदार टक्कर लगने से ऑटो सवार छह लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुरादाबाद-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बम्नेटा गांव के पास एक ऑटो में कुछ लोग जा रहे थे तभी अचानक सामने एक गाड़ी आ जाने से ऑटो अनियंत्रित होकर सामने आ रहे ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि हादसे में ऑटो चालक सौदान सिंह (40), रुवैद (30), ध्रुव (छह), सरवाध्या (चार माह) तथा एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (बहजोई) स्तुति सिंह ने बताया कि रामपाल (35) नामक व्यक्ति की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में पांच अन्य लोग जख्मी हो गये, जिन्हें उपचार के लिये चंदौसी, संभल और मुरादाबाद के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये हैं।

# दिल्ली में ढही पांच मंजिला इमारत, चार की मौत

एजेंसी



नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार अपराह्न छात्रों के पीजी के तौर पर इस्तेमाल की जा रही पांच मंजिला इमारत ढह गई, जिससे चार व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि कई लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मकान मालिक के खिलाफ एफआई दर्ज किया गया है।

यह इलाका दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के साउथ कैंपस के प्रमुख हिस्से के पास स्थित है और यहां की संकरी एवं भीड़भाड़ वाली गलियों में कई छात्रावास तथा भोजनालय हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इमारत करीब 20 साल पुरानी थी और घटना के समय, अपराह्न करीब 1.30 बजे, बेसमेंट में निर्माण कार्य जारी था। एम्स के सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में लाए गए चार घायलों में से दो की हालत अब भी गंभीर है, जबकि एक को मृत अवस्था में लाया गया था। एक बचावकर्मी को भी अस्पताल लाया गया था, जिसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिसकर्मी, दमकल विभाग, कैट एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं मौके पर मौजूद हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है और बचाव एवं राहत अभियान जारी है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि अपराह्न 1.34 बजे साउथ कैंपस थाने में नानकपुरा गुरुद्वारे के पास एक इमारत ढहने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली। बयान में कहा गया, मलबे में फंसे या घायल लोगों की सटीक संख्या फिलहाल ज्ञात नहीं है। अब तक कुछ लोगों को मलबे से निकाला गया गया है। पुष्टि होने पर आगे की जानकारी साझा की जाएगी। पुलिस ने बताया कि उन्होंने इमारत के मालिक की पहचान कर ली है और उसे पकड़ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कानपुर में कच्चा मकान ढहा, पिता और तीन बेटियों की मलबे में दबकर मौत

कानपुर (उप्र)। कानपुर जिले के साढ़ क्षेत्र में रविवार को एक कच्चा मकान ढहने से मलबे में दबकर एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि साढ़ थाना क्षेत्र के हिरनी गांव में पूर्वाह्न करीब 11 बजे बारिश के दौरान एक परिवार का कच्चा घर ढहने से मुकेश कुमार (45) और उनकी बेटियों माया (17), नीतू (सात) और पल्लवी (पांच) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि हादसे में मुकेश की एक अन्य बेटी काजल (20) गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे कानपुर के लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लाल ने बताया कि घर ढहने के सही कारणों की जांच की जा रही है। इस बीच, मुकेश के चचेरे भाई तेज बहादुर सिंह ने पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घर ढहने के बाद परिवार ने साढ़ पुलिस को कई बार फोन किया, लेकिन शुरू में उनके फोन का कोई ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

## हादसे के शुरुआती 60 मिनट पर योगी सरकार का फोकस, 12 हजार जिंदगियां बचाने का लक्ष्य

# एंबुलेंस से ट्रॉमा सेंटर तक एक नेटवर्क में जुड़ेंगी सेवाएं

विशेष संवाददाता



लखनऊ। सड़क हादसों और गंभीर मेडिकल इमरजेंसी में समय पर इलाज न मिलने से होने वाली मौतों को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत आपात नेटवर्क में बदलने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रस्तावित उत्तर प्रदेश ट्रॉमा एंड इमरजेंसी नेटवर्क के जरिए प्रदेश की बिखरी ट्रॉमा, बर्न, कार्डियक, स्ट्रोक और अन्य इमरजेंसी सेवाओं को एक ही नेटवर्क से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा लक्ष्य हादसे या गंभीर बीमारी के बाद शुरूआती 60 मिनट यानी गोल्डन ऑवर में मरीज को सही अस्पताल और सही उपचार उपलब्ध कराना है।

सरकार का लक्ष्य इस नेटवर्क के जरिए हर साल करीब 10 से 12 हजार लोगों की जान बचाना है। योजना के तहत प्रदेश में 173 एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन यूनिट विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें 11 लेवल-1 एपेक्स हब, 36 लेवल-2 रीजनल सेंटर और 126 लेवल-3 जिला स्तरीय इकाइयां शामिल होंगी। इससे मरीज की स्थिति के अनुसार उसे नजदीकी और सक्षम चिकित्सा केंद्र तक तेजी से पहुंचाया जा सकेगा। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित घोष के मुताबिक केवल अस्पतालों की संख्या बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है। प्रस्तावित व्यवस्था में एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, अस्पतालों में उपलब्ध बेड और कमांड सेंटर को एक ही आपात नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। नेटवर्क से 1,200 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस जोड़ी जाएंगी। इन एंबुलेंस को महज मरीजों को अस्पताल पहुंचाने का साधन नहीं, बल्कि चलते-फिरते आपात उपचार केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम होगा। प्रदेश के 18 मंडलीय कमांड सेंटर इमरजेंसी कॉल, एंबुलेंस और अस्पतालों के बीच समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यूपीटीईएन के जरिए इमरजेंसी रिस्पांस टाइम में 30 से 50 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। अस्पताल पहुंचने से पहले ही मरीज के लिए जरूरी चिकित्सकीय निर्णय लेने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके लिए रियल-टाइम नेटवर्किंग, डिजिटल अलर्ट सिस्टम और एआई आधारित ट्रायेज जैसी तकनीकों का इस्तेमाल प्रस्तावित है। पूरी व्यवस्था राइट मरीज, राइट डिपार्टमेंट और राइट टाइम के सिद्धांत पर आधारित होगी। आपातकालीन व्यवस्था में आम लोगों की भूमिका भी बढ़ाने की योजना है। इसके लिए तीन स्तरों वाला फर्स्ट रिस्पॉन्डर नेटवर्क तैयार किया जाएगा। पहले स्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हरतालिका तीज अटूट आस्था और संकल्प की स्मृति से जुड़ा पर्व: धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। हरितालिका तीज के अवसर पर देहरादून के जसवंत सिंह ग्राउंड में गोखार्ली समाज द्वारा 'गोखार्ली महिला हरितालिका तीज उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई और समाज की मातृशक्ति को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की विविध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में हरितालिका तीज को सरकारी स्तर पर और अधिक व्यापक एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्वों का महत्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। इनके माध्यम से पीढ़ियों के बीच परंपराओं का हस्तांतरण होता है और समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहता है। हरितालिका तीज माता पार्वती की कठोर साधना, अटूट आस्था और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बाढ़ प्रभावित फसल व ढहे मकानों का मुआवजा देगी सरकार

## मंदाकिनी के कैचमेंट एरिया से हटेगा अतिक्रमण, फुट ओवर ब्रिज का होगा सेफ्टी ऑडिट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अतिवृष्टि से प्रभावित जनपद चित्रकूट का भ्रमण कर लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए और फसल तथा मकान की क्षति का तत्काल सर्वे कराकर पात्र लोगों को नियमानुसार सहायता दी जाए। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी के कैचमेंट एरिया में हुए अतिक्रमण का चिन्हांकन कर उसे हटाने की कार्रवाई कराने, नदी पर बने फुट ओवर ब्रिज का सेफ्टी ऑडिट कराने तथा मंदाकिनी में सीवर और नालों का पानी किसी भी दशा में न जाने देने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने चित्रकूट धाम के व्यापारियों और मठ-मंदिरों को हुए नुकसान का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसल क्षति का सर्वे शीघ्र पूरा कराया जाए और पात्र किसानों



- सीवर-नालों का पानी नदी में गिरने पर रोक के लिए बनेगी ठोस कार्ययोजना

को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए भी प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट धाम के व्यापारियों को हुए नुकसान का आकलन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित व्यापारियों को सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। मठ-मंदिरों को हुई क्षति का भी सर्वे कराया जाए और उनकी मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। इन धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण में शासन आवश्यक सहयोग करेगा।

राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष राहत किट का वितरण 48 घंटे के भीतर प्रभावित लोगों के बीच सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री पहुंचाने में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

प्रशासन प्रभावित परिवारों के बीच लगातार मौजूद रहकर उनकी जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार उपलब्ध रहें और प्रभावित लोगों को आवश्यक चिकित्सा सहायता समय पर मिले। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसे देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखें और किसी भी बीमारी के लक्षण सामने आने पर तत्काल उपचार और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण के संबंध में शासन के अधिकारियों को जनपदीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैचमेंट एरिया में हुए अतिक्रमण का चिन्हांकन कर नियमानुसार उसे हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही, घाट के विस्तारीकरण के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पवित्र मंदाकिनी नदी में किसी भी दशा में सीवर या नालों का पानी नहीं जाना चाहिए। इसके लिए पर्यटन, सिंचाई और नगर विकास विभाग आपसी समन्वय से ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसे लागू करें। उन्होंने कहा कि मंदाकिनी चित्रकूट की आस्था से जुड़ी है। इसकी स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। मंदाकिनी नदी पर बने फुट ओवर ब्रिज की सुरक्षा को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी को उसका सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा से जुड़े निर्माण कार्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और आवश्यकतानुसार तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट धाम से एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि इस मार्ग का कार्य विजयादशमी से पहले हर हाल में पूरा कराया जाए। कार्य में हुए विलंब के कारणों की समीक्षा कर संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने पशुधन की सुरक्षा के लिए गोशालाओं की जांच कराने और वहां पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंपी डिजीज से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक प्रबंध करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत और पुनर्वास के साथ चित्रकूट के लिए ऐसी कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे भविष्य में अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। इसमें मंदाकिनी के प्राकृतिक प्रवाह, कैचमेंट एरिया, अतिक्रमण, जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## किसान, व्यापारी और सामान्य वर्ग के हर व्यक्ति को मिलेगी पूरी मदद

चित्रकूट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने भीषण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और जमीनी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी की बाढ़ से प्रभावित हुए सैकड़ों परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द जाना और उन्हें राशन किट व राहत सामग्री वितरित की। आपदा की इस घड़ी में त्वरित सहायता पहुंचाते हुए मुख्यमंत्री ने उन तीन बाढ़ पीड़ितों में से प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपये के चेक सौंपे, जिनके आशियाने बाढ़ की भेंट चढ़ गए थे वहीं कुछ लाभार्थियों को भूमि आवंटन प्रमाण पत्र भी दिये। प्रशासन अभी सर्वे करा रहा है, शीघ्र ही अन्य प्रभावितों को भी ऐसी ही मदद दी जाएगी। राहत सामग्री वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी मजबूती के साथ बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा हर वर्ग के सभी प्रभावित लोगों को बिना किसी भेदभाव के हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राहत कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाढ़ प्रभावित लोगों का दर्द व राहत कार्य की ताजा स्थिति जानने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट के रामायण मेला में आयोजित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में मंच से जहां पूर्ण रूप से मकान छतिग्रस्त हो जाने पर मुकेश, लल्लू और चुन्नीलाल में प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपए के चेक प्रदान किए तो वही राम सूरज और सूरज कली को भूमि आवंटन प्रमाणपत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री के हाथों तुरंत मदद पाकर बाढ़ पीड़ित खुश नजर आए। राहत सामग्री और पक्के मकान का आश्वासन पाकर लोगों ने मुख्यमंत्री का दिल से आभार जताया। सीतापुर मलकाना इलाके की रहने वाली रानी व मंजू ने बताया कि बाढ़ में हमारा पूरा घर डूब गया था और गृहस्थी का सारा सामान बर्बाद हो गया था। आज सुख्यमंत्री जी ने खुद आकर हमें राशन किट दी है जिससे हमें बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री जी ने हमें नया घर बनवाने का भरोसा भी दिया है। कटरा गूजर गांव की रहने वाली आशा ने बताया कि बाढ़ में हमारा मकान डूब गया था।

## राजनीतिक पार्टियों को मिले करोड़ों रुपये के वास्तविक स्रोत

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को लिखा पत्र
- गुजरात से जुड़ी पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों का मामला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने आज प्रवर्तन निदेशालय, नई दिल्ली के निदेशक को पत्र लिखकर गुजरात से जुड़ी पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को मिले सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध धन के वास्तविक स्रोत और अंतिम लाभार्थियों की जांच तथा उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों में ऐसी मुखौटा पार्टियों के संभावित इस्तेमाल को रोकने के संबंध में वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक जांच एवं कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रवर्तन निदेशक को प्रेषित पत्र में कहा है कि पत्रकार शुभांगी मिश्रा की पड़ताल में गुजरात से जुड़ी छह आरयूपीपीएस को वर्ष 2023-24 में लगभग रु. 1,700 करोड़ का चंदा मिलने, जबकि लोकसभा चुनाव में इन दलों द्वारा केवल 15 उम्मीदवार उतारे जाने का तथ्य सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार चार दलों के कार्यालय अहमदाबाद के एक ही क्षेत्र में हैं और शेष दो भी गुजरात में हैं। आम जनमत पार्टी को अकेले लगभग रु.620 करोड़, सत्यवादी रक्षक पार्टी को लगभग रु.330 करोड़, स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी को लगभग रु.219 करोड़, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी को लगभग रु.200 करोड़, गरीब कल्याण पार्टी को लगभग रु.138 करोड़ और भारतीय नेशनल जनता दल को लगभग रु. 191 करोड़ मिलने की बात सामने आई है।

यह तथ्य इस दृष्टि से गंभीर है कि केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की पूर्व कार्रवाई में कुछ आरयूपीपीएस के माध्यम से बोगस चंदे, हवाला, धन के संदिग्ध आवागमन और अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी सामने आ चुकी है। इसलिए इन छह दलों के धन के वास्तविक स्रोत और उसके अंतिम लाभार्थी की जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह जांच की जाए कि धन का वास्तविक स्रोत और मूल दाता कौन है, इन दलों के वास्तविक नियंत्रक अथवा वास्तविक स्वामी कौन हैं, क्या विभिन्न दलों के बीच कोई एक ही चार्टर्ड एकाउन्टन्ट, विचैलिया अथवा काले धन का शोधन करने वाला तंत्र है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि उचित होगा कि आयकर विभाग के साथ सूचनाओं का समन्वय कर बैंक खातों, कर-रिटर्न, ऑडिट रिपोर्ट, चंदे की रिपोर्ट तथा संदिग्ध लेन-देन का पैसों के लेन-देन तरीका स्थापित किया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र के अंत में लिखा है कि उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों को देखते हुए यह भी जांचा जाना चाहिए कि क्या इसी प्रकार के संगठन अथवा वित्तीय नेटवर्क वहां भी चुनावी धन के लिए इस्तेमाल हो रहे हैं। राजनीतिक दल का पंजीकरण लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका इस्तेमाल संदिग्ध धन को वैध दिखाने के माध्यम के रूप में नहीं होना चाहिए।

# सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों के घावों पर लगाया मरहम

## 'पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार, किसान, व्यापारी और सामान्य वर्ग के हर व्यक्ति को मिलेगी पूरी मदद

विशेष संवाददाता (vol)

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने भीषण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और जमीनी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी की बाढ़ से प्रभावित हुए सैकड़ों परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द जाना और उन्हें राशन किट व राहत सामग्री वितरित की। आपदा की इस घड़ी में त्वरित सहायता पहुंचाते हुए मुख्यमंत्री ने उन तीन बाढ़ पीड़ितों में से प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपये के चेक सौंपे, जिनके आशियाने बाढ़ की भेंट चढ़ गए थे वहीं कुछ लाभार्थियों को भूमि आवंटन प्रमाण पत्र भी दिये। प्रशासन अभी सर्वे करा रहा है, शीघ्र ही अन्य प्रभावितों को भी ऐसी ही मदद दी जाएगी।

राहत सामग्री वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी मजबूती के साथ बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा



- बांटी राहत सामग्री, ढहे मकानों के लिए दिए चेक

कि किसी भी पीड़ित को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा हर वर्ग के सभी प्रभावित लोगों को बिना किसी भेदभाव के हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राहत कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाढ़ प्रभावित लोगों का दर्द व राहत कार्य की ताजा स्थिति जानने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट के रामायण मेला में आयोजित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में मंच से जहां पूर्ण रूप से मकान छतिग्रस्त हो जाने पर मुकेश, लल्लू और चुन्नीलाल में प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपये के चेक प्रदान किए तो वही राम सूरज और सूरज कली को भूमि आवंटन प्रमाणपत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री के हाथों तुरंत मदद पाकर बाढ़ पीड़ित खुश नजर आए। राहत सामग्री और पक्के मकान का आश्वासन पाकर लोगों ने मुख्यमंत्री का दिल से आभार जताया। सीतापुर मलकाना इलाके की रहने वाली रानी व मंजू ने बताया कि बाढ़ में हमारा पूरा घर डूब गया था और गृहस्थी का सारा सामान बर्बाद हो गया था। आज सुख्यमंत्री जी ने खुद आकर हमें राशन किट दी है जिससे हमें बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री जी ने हमें नया घर बनवाने का भरोसा भी दिया है। कटरा गूजर गांव की रहने वाली आशा ने बताया कि बाढ़ में हमारा मकान डूब गया था। लेकिन प्रशासन और योगी सरकार की सजगता के कारण बाढ़ के पहले दिन से ही हमें लगातार खाने-पीने का सामान मिल रहा था। आपदा के बीच भी हमें भूखा नहीं सोने दिया गया। वहीं एक अन्य बाढ़ पीड़ित ज्ञान सिंह ने कहा कि मेरा कच्चा मकान बाढ़ में ढह गया था। आज राशन किट भी मिली और घर बनवाने का भी आश्वासन मिला है। मैंने अपने जीवन में ऐसे मुख्यमंत्री कभी नहीं देखा जो इतनी जल्दी खुद पीड़ितों के बीच आकर उनका दुख-दर्द बांटें। जो योगी जी ने किया, वह आज तक किसी मुख्यमंत्री ने नहीं किया। चित्रकूट की जनता और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के इस त्वरित दौरे और संवेदनशीलता की जमकर सराहना की है। बाढ़ क्षेत्रों का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक कर स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य करने और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## मस्जिद गिराने से लोग दुःखी, 12 घंटे में कार्रवाई, कैसे मिलेगा न्याय : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार संविधान और कानून से नहीं चल रही है। महंगाई नहीं कम कर पा रही है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। निवेश नहीं आ रहा है, इसीलिए सहारनपुर में मस्जिद गिरा दी गयी। उन्होंने कहा कि भाजपा सौहार्द विरोधी है। जिन लोगों ने सहारनपुर में मस्जिद गिराया है और जो लोग गिराने में शामिल हैं, कानून उन्हें सजा देगा। अगर किसी को दूसरे कोर्ट में जाने का मौका नहीं देंगे और 12 घंटे में कार्रवाई कर देंगे तो न्याय कैसे मिलेगा। सहारनपुर में मस्जिद गिराने की क्या जल्दी थी, अगर मस्जिद के पक्षकार न्याय के लिए हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट चले जाते तो क्या दिक्कत हो जाती। प्रशासन द्वारा मस्जिद गिराने से लोग दुःखी है। यही सब लोग मिलकर कम्युनल भाजपा को हटाने का काम करेंगे।

रविवार को औरैया के एक दिवसीय दौरे पर बिधूना पहुंचे श्री यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा का जब गठन हुआ था तो भाजपा अपने को सेकुलर दिखाने के लिए पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रस्तावक मुस्लिम बनाया था। सबसे ज्यादा चंदा मुस्लिम लोगों से लिया था। श्री यादव ने कहा कि हमारा समाज तब मजबूत होगा, जब दूसरे धर्म का सम्मान करेंगे। सच्चा, सनातनी, एक सच्चा संत और सच्चा हिन्दू कभी दूसरे धर्म का अपमान नहीं कर सकता है। दूसरे की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकता है। हमारी परम्पराओं में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जीडीपी के सही आंकड़े नहीं बता रही है। आज बेरोजगारी है। नौकरी नहीं मिल रही है। डीजल पेट्रोल महंगा है। पेट्रोल में मिलावट करनी पड़ रही है। चीनी के दाम बढ़ गए है। भाजपा सरकार कोई सुधार नहीं कर पा रही हैं, इसका मतलब है, सरकार जो जीडीपी बता रही है वह सही जीडीपी नहीं है। लगता है जीडीपी शून्य है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का गठबंधन उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने जा रहा है। अब भाजपा सरकार के सौ दिन से ज्यादा नहीं बचे हैं। इसलिए भाजपा के लोग अपना सामान समेट रहे हैं। पेमेंट हो रहे हैं। जेबे भरी जा रही है। 60 फीसदी तक कमीशन चल रहा है। श्री यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और सरकारों ने समाज की तरक्की के लिए शिक्षा को बढ़ावा दिया लेकिन भाजपा सरकार बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश कर रही है।

## भूमि आवंटन को लेकर शासनादेश होने के बाद भी नहीं मिला कब्जा

### आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उन्हें दिलायेगी न्याय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश के लिए जान गंवाने वाले अमर शहीदों के प्रति किस कदर उदासीनता है कि राजधानी लखनऊ के 147/सी-3 कृष्ण लोक, फेज-1, दरोगाखेड़ा, ग्राम मिरानपुर पिनवट कानपुर रोड निवासी अमर शहीद सहायक कमांडेट विवेक सक्सेना, शौर्य चक्र और राष्ट्रपति पुलिस पदक(वीरता) से सम्मानित, वर्ष 2003 में मणिपुर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हो गये थे, उनकी 80 वर्षीय मां सावित्री सक्सेना हैं, जिन्हें भूमि आवंटन को लेकर शासनादेश होने के बावजूद आज भी वह सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं और उन्हें लगभग 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक इसका लाभ नहीं मिला।

योगी सरकार अपने लगभग 10 वर्ष के कार्यकाल में एक शहीद की मां को उनका हक तक नहीं दिला सकी है। उल्लेखनीय है कि कल 5 सितम्बर को



शौर्य चक्र लेकर सरोजनीनगर तहसील के समाधान दिवस पहुंची बलिदानी की मां ने कहा है कि न्याय नहीं मिला तो पदक लौटा देंगी।

उप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री डा. सीपी राय ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलने पर अ.भा. महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने अ.भा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर अनामिका यादव को उनके आवास पहुंचने और मदद करने के लिए कहा। आज सायं अनामिका यादव अमर बलिदानी के आवास 147/सी-3 कृष्ण लोक, फेज-1, दरोगाखेड़ा, ग्राम मिरानपुर पिनवट कानपुर रोड पहुंची, उनका हालचाल जाना एवं घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर उन्होने अमर शहीद की मां को अंग्रवस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया और आश्वासन दिया कि उनके हक के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और उन्हें न्याय दिलायेगी।

## लखनऊ से मुम्बई के लिए विशेष ट्रेन का संचालन आज

**लखनऊ।** रेल प्रशासन की ओर से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 02533 लखनऊ जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एकल यात्रा विशेष गाड़ी सोमवार को निम्नवत किया जायेगा। जन सम्पर्क अधिकारी महेश गुप्ता के अनुसार 02533 लखनऊ जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एकल यात्रा विशेष गाड़ी 7 सितम्बर को लखनऊ जं. से 17.10 बजे प्रस्थान कर उन्नाव से 18.27 बजे, कानपुर सेंट्रल से 19.15 बजे, उरई से 20.44 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. से 22.53 बजे, दूसरे दिन ललितपुर से 00.07 बजे, भोपाल से 03.15 बजे, रानी कमलापति से 03.29 बजे, इटारसी से 05.05 बजे, खंडवा से 08.00 बजे, भुसावल से 09.55 बजे, मनमाड से 12.20 बजे, नासिक रोड से 13.28 बजे, इगतपुरी से 14.32 बजे, कल्याण जं. से 16.15 बजे तथा दादर से 17.05 बजे छूटकर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस 18.30 बजे पहुँचेगी।

## बच्चों और बुजुर्गों को प्रदूषित वायु में अधिक सावधानी की जरूरतः डा. अजय कुमार

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस सात सितम्बर को मनाया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषित हवा से अस्थमा और सांस की बीमारी के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से हृदय या फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे लोगों पर अधिक पड़ता है। मरीज को अस्पताल पहुंचने के बाद इलाज देने के साथ प्रदूषण के संपर्क को कम करना भी जरूरी है। लोहिया संस्थान में रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन के प्रमुख सदस्य डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि वायु प्रदूषण का असर अस्पतालों की ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों में भी दिखाई देता है। प्रदूषित हवा से सांस संबंधी लक्षण बढ़ने, पुरानी बीमारियों के बिगड़ने और दिल संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ सकता है। बच्चों के स्कूल छूटने, कामगारों के काम के दिन कम होने और परिवारों पर इलाज का खर्च बढ़ने जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं।

## गंभीर नवजातों के इलाज में भी 12.9 प्रतिशत की वृद्धि, एसएनसीयू में बेड ऑक्यूपेंसी भी बढ़ी

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हर नवजात के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमारी

**लखनऊ।** प्रदेश में नवजात शिशुओं की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अस्पताल से घर पहुंचने के बाद भी उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (एचबीएनसी) कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकताओं की सक्रियता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 36.82 लाख नवजातों के घर विजिट करने वाली आशा कार्यकताओं ने वर्ष 2025-26 में 39.32 लाख होम विजिट किए। इस तरह एक वर्ष में होम विजिट की संख्या में करीब 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि नवजात शिशु के लिए जन्म के बाद के शुरूआती दिन बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर पर उसकी नियमित निगरानी और सही देखभाल से कई स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान की जा सकती है। एचबीएनसी के माध्यम से आशा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर नवजात और मां की स्थिति की जानकारी ले रही हैं तथा परिवार को आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी परामर्श दे रही हैं।

डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रदेश में गंभीर रूप से बीमार नवजातों के लिए अस्पतालों में उपलब्ध विशेष उपचार सुविधाओं को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। सिक न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में उपचार प्राप्त करने वाले गंभीर नवजातों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,36,148 गंभीर नवजातों का एसएनसीयू में उपचार किया गया था, जबकि 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 1,53,647 हो गई। यानी एक वर्ष में गंभीर नवजातों के उपचार में करीब 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इसी अवधि में एसएनसीयू की बेड ऑक्यूपेंसी 103.45 प्रतिशत से बढ़कर 111.69 प्रतिशत पहुंच गई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि नवजात की बेहतर सेहत के लिए केवल अस्पताल में उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि घर लौटने के बाद भी उनकी नियमित निगरानी जरूरी है। इसी उद्देश्य से एचबीएनसी के तहत आशा कार्यकताओं को नवजात की देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी परिवार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

## 183 सप्ताह से जनता के द्वार डॉ. राजेश्वर नानमऊ में सुनीं जनसमस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनता से सीधे संवाद और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए चलाया जा रहा आपका विधायक, आपके द्वार अभियान लगातार 183 सप्ताह पूरे कर चुका है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में अभियान की 183वीं कड़ी ग्राम नानमऊ में आयोजित हुई, जहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

हर रविवार आयोजित होने वाला यह अभियान अब गांव-गांव और दूरस्थ बस्तियों तक पहुंच बना चुका है। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ उनके निस्तारण की लगातार निगरानी भी की जाती है। विधायक डॉ.



राजेश्वर सिंह ने कहा कि गांवों और अंतिम बस्तियों तक पहुंचने से क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं और विकास की प्राथमिकताओं को समझने में मदद मिलती है।

नानमऊ में वृद्धावस्था और विधवा पेंशन, सड़क एवं नाली, साइकिल, लैपटॉप, स्मार्टफोन, विद्यालय में शिक्षकों की कमी और आयुष्मान कार्ड से संबंधित 11 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें हनुमान सिंह का आयुष्मान कार्ड तत्काल बनवाकर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ दिलाया गया। अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 100 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई। चार मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई। ग्रामीण युवाओं और बालिकाओं को खेलों से जोड़ने के लिए नानमऊ में 192वें बॉयज यूथ क्लब और 130वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया।

## भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे लखनऊ, हुआ स्वागत

**लखनऊ।** भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे। इस दौरान उनका भव्य स्वागत हुआ।

बासित अली राज्य सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं में अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक मोर्चे की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा हुई। वहां से मुलाकात के बाद कुंवर बासित अली राजभवन होते हुए भाजपा के राज्य मुख्यालय पहुंचे और उसके बाद क्राइस्ट चर्च कॉलेज में कार्यकताओं के साथ संवाद किया। बासित ने कार्यकताओं को स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा को जीत दिलाकर लगातार तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनानी है। इसके लिए कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत से जुटें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए काफी काम किया है। कल्याणकारी योजनाओं में वे खासा लाभान्वित हुए हैं।



सरकार की योजनाओं का संदेश लेकर हमें अल्पसंख्यकों के बीच पहुंच कर उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करनी है। बासित ने कहा कि भाजपा के अलावा अन्य दलों ने अल्पसंख्यकों का केवल वोट लिया, लेकिन उनके हित के लिए कोई काम नहीं किया।

संक्षेप

## जन्माष्टमी शोभयात्रा में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर करंट उतरा, दो की मौत

**बरेली।** जिले के शीशगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात जन्माष्टमी झांकी निकालकर लौट रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में करंट फैलने से चालक समेत एक बालक की मौत हो गई, एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया।उप जिलाधिकारी रामगोपाल शर्मा ने रविवार को बताया कि इस घटना की जानकारी मिलने के बाद राजस्व टीम से रिपोर्ट तलब की गई है और मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## गंगा में डूबने से दो छात्रों की मौत

**प्रयागराज।** झूंसी में रविवार को सोहम आश्रम के पास नहाने गये 10वीं कक्षा के दो छात्रों की पानी में डूबने से मौत हो गयी। घटना की जानकारी तीसरे छात्र के शोर मचाने पर हुई और आसपास के लोगों ने पीआरवी को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस और जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों छात्रों की तलाश शुरू की। आवास विकास कॉलोनी योजना-3, झुंसी निवासी करीब 15 वर्षीय रुद्र प्रताप सिंह और देवनगर निवासी 15 वर्षीय अर्पण विश्वास और सुमित एक ही कोचिंग संस्थान में कक्षा 10वीं के छात्र हैं।

## सरयू नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**गोंडा।** जिले में रविवार को सरयू नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से दोनों के शव नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गये। कर्नलगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय ने बताया कि परसपुर थाना क्षेत्र के राजापुर निवासी अरुण कुमार तिवारी की बेटियां सुप्रिया तिवारी (15) और सुहानी तिवारी (तीन) रविवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे भौरीगंज स्थित रामजानकी मंदिर के पास सरयू नदी में मछलियों को दाना डालने गई थीं। उन्होंने बताया कि नदी घाट की सीढ़ियों के पास बनी दीवार से पैर फिसलने के कारण दोनों बहनें नदी में गिर गईं और डूब गईं। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। राय ने बताया कि पुलिस ने स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से दोनों बहनों को नदी से बाहर निकलवाया और इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें परसपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां अधीक्षक डॉ. लवकेश शुक्ल ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

## एसएचओ की आत्महत्या से जुड़े मोहपाश गिरोह मामले में तीन गिरफ्तार

**बस्ती।** जिले में वाल्टरगंज थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह की कथित आत्महत्या से जुड़े मोहपाश गिरोह के मामले में पुलिस ने एक वकील समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बस्ती के डीआईजी संजीव त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि तीनों आरोपियों को अस्पताल चौराहे से गिरफ्तार किया गया। वाल्टरगंज थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने 29 अगस्त को अपने सरकारी आवास में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उनकी मौत के बाद उनके बेटे संदीप सिंह ने पांच सितंबर को बस्ती कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# घर के अंदर खींचकर मारी गोली, की हत्या

## जमीन विवाद में बहन को बचाने पहुंचा, रास्ते की हो रही थी ढलाई

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में रविवार सुबह 9 बजे जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। इसी बीच बहन को मारपीट से बचाने के लिए मौके पर पहुंचे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी पक्ष के लोग उसे खींच कर घर के अंदर ले गए और सिंगल नली बंदूक से सीने में गोली मार दी। गोली उनके सीने में लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बहन भी गोली लगने के गंभीर घायल हो गई। घटना पुलिस ने जगदीशपुर निवासी अतुल दुबे के परिवार की तीन महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामला सदर नगर पालिका क्षेत्र के जगदीशपुर गांव का है। तनाव को देखते हुए आरोपी के घर के सामने पुलिस को तैनात किया गया।

जगदीशपुर निवासी रामशंकर और उनके पड़ोसी अतुल दुबे के बीच घर के बगल में जमीन को करीब पांच साल से विवाद चल रहा था। परिवार का कहना है कि विवादित जमीन को लेकर कोर्ट से स्टे भी मिला हुआ था।

विवादित जमीन के एक तरफ नगरपालिका की ओर से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क से जमीन तक आने-जाने के लिए अतुल दुबे के परिवार की ओर से मजदूरों से जमीन पर स्लोप बनवाया जा रहा था। इसी को लेकर रविवार सुबह दोनों परिवारों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। मृतक के भतीजे रिक्की रस्तोगी के मुताबिक, उस समय रामशंकर की बहन सरोज मौके पर मौजूद थीं।

वहीं, अतुल दुबे के परिजनों का कहना है कि रामशंकर के लोग उनके घर पर चढ़कर मारपीट करने गए थे। सरोज ने सड़क निर्माण का विरोध किया तो अतुल दुबे, उनकी दोनों बहनों, मां और परिवार के अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। सरोज के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर रामशंकर मौके पर पहुंचे और बहन को बचाने के लिए बीच-बचाव करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान अतुल दुबे रामशंकर को पकड़कर अपने घर के अंदर खींचकर ले गए। इसी दौरान अतुल के परिवार में किसी व्यक्ति ने लाइसेंसी बंदूक से रामशंकर पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, घर के अंदर सिंगल नली बंदूक से रामशंकर के सीने में गोली मार दी गई। गोली लगते ही उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजनों का यह भी आरोप है कि सरोज पर भी गोली चलाई गई, जो उनके सिर को छूकर निकल गई। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनका इलाज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। रामशंकर मृत अवस्था में मिले। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले में नौ लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें अतुल दुबे, महेंद्र पांडे, रितिक पांडे, शिवेंद्र सिंह, संजय पांडे की पत्नी, वंश गोपाल धर दुबे, इन्द्रासनी दुबे और अतुल दुबे की दोनों बहनें शामिल हैं। पुलिस सभी आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

# सीडीओ आवास के सामने बोलेरो ने बच्ची को रौंदा, मौत

जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी आवास के सामने गत रविवार दोपहर बोलेरो की चपेट में आने से 8 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, बच्ची को परिजन ने तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान सायंकाल उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान अंशिका के रूप में हुई है। वह महाराजगंज जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के बेलसर गांव की रहने वाली थी। रविवार को अंशिका अपनी मां और छोटे भाई के साथ मोबाइल बनवाने नौगढ़ आई थी। तीनों बृजमनगंज से टेंपो से नौगढ़ पहुंचे थे। टेंपो से उतरने के बाद मां और दोनों बच्चे पैदल आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान सीडीओ आवास के ठीक सामने अंशिका बोलेरो की चपेट में आ गई। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई।

हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। परिजन और स्थानीय लोगों ने बच्ची को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर बनी रही। शाम को इलाज के दौरान अंशिका ने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे के बाद चर्चा है कि जिस बोलेरो की चपेट में अंशिका आई, वह सीडीओ आवास परिसर के अंदर जा रही थी। वाहन को जिले के किसी अधिकारी का सरकारी वाहन बताए जाने की भी बात सामने आई है। हालांकि, बोलेरो के सरकारी वाहन होने या किसी अधिकारी से संबंधित होने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस वाहन और चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों और हादसे से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भजन संध्या में मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु भण्डारे में ग्रहण किया प्रसाद



**प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर लालगंज कोतवाली प्रांगण में भक्ति संध्या कार्यक्रम में लोगों की भीड़ जुटी दिखी। भजन गायक राजेश शुक्ला व ज्योति सिंह ने भगवान की आराधना से जुड़े भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। वहीं कलाकार प्रमोद व नेहा ने धार्मिक झांकी का मनमोहक प्रस्तुतिकरण किया। पर्व को लेकर शनिवार की शाम भण्डारे में भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय, एसडीएम वाचस्पति सिंह तथा सीओ राजीव द्विवेदी भी शामिल हुये। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार व संचालन साहित्यकार हरिबहादुर सिंह हर्ष ने किया। सह संयोजन एसएसआई अरूण सिंह, उपनिरीक्षक ज्ञानचन्द तिवारी ने किया। इस मौके पर भागवत भूषण विनय शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख डॉ. अमित प्रताप सिंह पंकज, राणा सुबेदार सिंह चैहान, पूर्व सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, पप्पू जायसवाल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, संदीप सिंह, डा. वीरेश सिंह, मनीष मिश्र, सर्वेश मिश्र, साकेत मिश्र आदि रहे।

## पूर्व प्रधान उमाशंकर मिश्र के निधन पर प्रमोद व मोना हुए दुःखी

**प्रतापगढ़।** पूरे हरिकिशुन के पूर्व प्रधान एवं रिटायर्ड शिक्षक उमाशंकर मिश्र (84) का इलाज के दौरान शनिवार की रात गम्भीर बीमारी के चलते प्रयागराज के एक अस्पताल में निधन हो गया। स्व. मिश्र के निधन की जानकारी पर सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुःख जताया है। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, डा. पूर्णिमा मिश्रा, डा. सौरभ मिश्र, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनूप पाण्डेय, अनिल महेश, विशालमूर्ति मिश्र, विनय शुक्ल आदि ने भी स्व. उमाशंकर मिश्र के निधन पर दुःख जताया।

## 6 से अधिक आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस

**प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों द्वारा पीड़िता तथा उसके भाई के साथ गाली गलौज व मारपीट तथा धमकी को लेकर उदयपुर पुलिस ने बलवा समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के गोसाई के मठिया रेहुआ लालगंज निवासिनी शैलेश गिरि पुत्री जगमोहन गिरि ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि चार सितम्बर को वह शाम करीब पांच बजे अपने भाई राजगिरि के साथ रेहुआ लालगंज बाजार गई थी। रास्ते में पूरे शुकुलन का पुरवा निवासी तरून शुक्ला पुत्र राजेन्द्र शुक्ला ने छह सात अज्ञात लोगों के साथ उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा राहगिरों के जुटने पर जानलेवा धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी तरून समेत छह से सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने से रविवार को परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के डगरारा निवासी मलखान सिंह (38) शनिवार की शाम पत्नी अंजू सिंह का इलाज कराने बाइक से लालगंज आये थे। घर वापस लौटते समय नेशनल हाईवे के रायबरेली प्रतापगढ़ के नया का पुरवा के समीप पीछे से आ रही एक कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। ट्राम सेन्टर में इलाज के बाद दोनों घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां घायल मलखान सिंह की हालत गम्भीर देख उसे प्रयागराज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह मलखान की मौत हो गयी। मृतक की पत्नी का उपचार जिला अस्पताल में जारी बताया गया है। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। प्रयागराज मेडिकल कालेज ने मृतक के शव परीक्षण के बाद देर शाम तक शव घर पहुंचने की सम्भावना बतायी गयी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# राशन दुकान के स्टॉक में 146 क्विंटल खाद्यान्न कम मिला

**सिद्धार्थनगर।** ग्राम पंचायत रेडवरिया में सरकारी राशन के स्टॉक में गड़बड़ी सामने आई है। अधिकारियों के निर्देश पर हुई जांच में उचित दर विक्रेता नूर हसन की दुकान पर रिकॉर्ड के मुकाबले 32 क्विंटल गेहूं और 114 क्विंटल चावल कम मिला। कुल 146.65 क्विंटल खाद्यान्न कम मिलने के बाद विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

यह मामला 31 अगस्त से शुरू हुआ। कार्यालय से निर्देश मिलने के बाद ग्राम पंचायत रेडवरिया के राशन विक्रेता नूर हसन और ग्राम पंचायत हलौरा के राशन विक्रेता अमित कुमार के स्टॉक की जांच करने को कहा गया था। साथ ही, परिवहन ठेकेदार का बयान भी दर्ज करने को कहा गया। इसके बाद 31 अगस्त को पूर्ति निरीक्षक राना प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर नूर हसन की दुकान और गोदाम में खाद्यान्न के स्टॉक की जांच की। जांच के दौरान नूर हसन ने बताया कि उसे सितंबर महीने का 68.50 क्विंटल चावल अभी तक नहीं मिला है। हालांकि, रिकॉर्ड में इस खाद्यान्न की रिसीविंग पहले ही दर्ज थी।

• जांच के बाद विक्रेता पर मुकदमा दर्ज

जांच में पता चला कि 7 अगस्त को हलौरा के राशन विक्रेता अमित कुमार ने नूर हसन के बेटे शमसाद अहमद के फोन पर ओटीपी लेकर खाद्यान्न की रिसीविंग कराई थी। अधिकारियों ने इस मामले को जोड़ते हुए अमित कुमार से भी पूछताछ की। अमित कुमार के घर पर उनके मौजूद न होने पर उनकी पत्नी सुमन चौबे और भाई पंकज चौबे मिले। उनके जरिए शमसाद अहमद और अमित कुमार के बीच खाद्यान्न की रिसीविंग को लेकर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी जांच टीम को दी गई। बातचीत से पता चला कि तकनीकी समस्या के कारण अमित कुमार ने शमसाद अहमद की सहमति से ओटीपी लेकर अगस्त और सितंबर के खाद्यान्न की रिसीविंग कराई थी।

# अवैध तस्करी कों आरोपी गिरफ्तार साढ़े छः किलोग्राम गांजा बरामद



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को साढ़े छः किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रविवार को अडीग बाईपास इलाके में की गई। पुलिस ने बरामद गांजे को अपने कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

चैकी प्रभारी अडीग प्रदीप भदौरिया अपनी टीम के साथ इलाके में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अडीग बाईपास पर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर गोविंद पुत्र सोना, निवासी ग्राम जिखनगांव को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से साढ़े छः किलो गांजा मिला। इस कार्रवाई में चैकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया के साथ कांस्टेबल राम सुंदर, अमित कुमार और सुशील कुमार भी शामिल थे। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर गांजे को जब्त कर लिया। चैकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया ने बताया कि पुलिस मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार नजर रख रही है और कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में अडीग बाईपास से गोविंद को साढ़े छः किलो गांजे के साथ पकड़ा गया है।

आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इलाके में अवैध मादक पदार्थों का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है। पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

# विधायक को दिया वामन भगवान शोभायात्रा का निमंत्रण



**मथुरा।** श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मथुरा-वृंदावन विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से उनके निज निवास राधा वैली पर मुलाकात की। समिति पदाधिकारियों ने उन्हें आगामी 23 सितंबर 2026 को अंगूरी वाटिका, डीग गेट से निकाली जाने वाली श्री वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विधायक श्रीकांत शर्मा ने समिति के पदाधिकारियों का दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने शोभायात्रा के आयोजन के लिए समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी गौरवशाली सनातन परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और धार्मिक चेतना को भी मजबूती मिलती है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक झांकियां, बैंड एवं अन्य आकर्षण शामिल रहेंगे। शोभायात्रा को लेकर समिति द्वारा संत-महंतों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, अजय शर्मा लाला सदस्य नरेश शर्मा ह्यबब्बू गुड्डा पंडित कपिल पटेल, पूजा चैधरी, रवि सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# बीएचयू अस्पताल में पद्मश्री प्रो. टीके लहरी से मारपीट का आरोप, मेडिकल बोर्ड गठित

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदरलाल अस्पताल में उपचार करा रहे सेवानिवृत्त चिकित्सक एवं पद्मश्री से सम्मानित प्रोङ टी. के. लहरी से एक एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा कथित तौर पर बदसलूकी करने और थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में अधिकारियों ने एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया है।

अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि डॉक्टर गॉड के नाम से लोकप्रिय प्रोफेसर लहरी पिछले कुछ महीनों से अस्पताल के हृदय एवं वक्ष शल्य चिकित्सा विभाग में उपचार करा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन को प्रोङ लहरी के परिजनों की ओर से ईमेल के माध्यम से शिकायत मिली है जिसमें आरोप लगाया गया है कि एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अरविंद पांडेय ने उनसे कथित तौर पर बदसलूकी की और उन्हें थप्पड़ मारा, जिससे उनके चेहरे पर चोट आई। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि प्रो. लहरी के परिजनों की ओर से ईमेल के माध्यम से शिकायत मिली थी। इस संबंध में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है और इसकी रिपोर्ट जल्द ही सौंपी जाएगी। अधिकारी ने कहा कि मेडिकल बोर्ड की जांच के निष्कर्ष आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रो. लहरी 2003 में बीएचयू के आयुर्विज्ञान संस्थान से सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद भी वह मरीजों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देते रहे।

समाज सेवा के लिए पहचाने जाने वाले प्रो. लहरी ने अपनी पेंशन का एक बड़ा हिस्सा भी दान किया है। समाज और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें 2006 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

## गुरुवंदन कार्यक्रम में मेधावियों ने दी प्रभावी प्रस्तुति, शिक्षकों का हुआ सम्मान




**प्रतापगढ़।** अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में गुरुवंदन कार्यक्रम में मेधाविनयों द्वारा भाषण, कविता, गीत, नृत्य व लघु नाटिका की प्रभावी प्रस्तुति देख अभिभावक व अतिथि मंत्रमुग्ध हो उठे। विद्यालय की अकदामिक नियंत्रक सुश्री रीमा मिश्रा ने विद्यार्थी के व्यक्तित्व और भविष्य को सुदृढ़ दिशा देने पर प्रकाश डाला। संस्थापक पूर्व आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्रा व प्रकाश चन्द्र मिश्र तथा सीमा मिश्रा एवं गौरव मिश्र ने शिक्षकों को सम्मानित किया। संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी व संचालन हिमांशु शुक्ल ने किया। इस मौके पर श्यामशंकर मिश्र, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव, सुनीत सिंह, शरद मिश्र, मनोज शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, विवेक पाण्डेय, राजकुमार यादव, श्रुति शुक्ला, रामचन्द्र तिवारी, अनिल द्विवेदी, प्रदीप तिवारी आदि रहे।

## पीड़ित के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** रंजिशन आरोपियों द्वारा जन्माष्टमी कार्यक्रम देखकर घर लौट रहे पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे बक्तावर चोपसिंह निवासी दीपेश कुमार यादव पुत्र तेज बहादुर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती चार सितम्बर वह रात करीब साढ़े दस बजे गांव में जन्माष्टमी का कार्यक्रम देखने गया था। घर वापस लौटते समय पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में घात लगाये बैठे प्रतापरूद्रपुर निवासी आरोपी यश साहू व सोनू सुतगण संतोष साहू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली देते हुए उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी यश समेत दो के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज व धमकी का केस दर्ज किया है।

## घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का केस

**प्रतापगढ़।** घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज व तोड़फोड़ तथा धमकी को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के घरौरा अजगरा निवासिनी सबीना बेगम पत्नी कियामुद्दीन ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती चार सितम्बर को सुबह सवा सात बजे उसके घर आरोपी आ धमके। आरोपी गांव के तफसीर पुत्र सब्बीर व सब्बीर पुत्र मेहंदी, युनुस उर्फ इद्दू पुत्र मो0 युसुफ तथा वकील पुत्र रज्जाक अहमद उसके उदवाजे पर रखी बांस की कैनी जबरिया लेकर जाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली देते हुए उसे तथा उसके बेटे रेहान के साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए यह लोग घर के अन्दर घुस गये तथा आरोपी घर के अंदर घुसकर उसकी बेटी आयशा को भी मारापीटा। शोर मचाने पर गृहस्थी के सामानों में तोड़फोड़ की। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तफसीर समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक




**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर के सुचारू एवं सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में माननीय प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के निरंतर सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान का मूल भाव श्सेवा, सुशासन और गरीब कल्याणश है। केंद्र सरकार के 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों तथा ऐतिहासिक बदलावों को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत किया जाए। जिलाधिकारी ने जिले में त्रिस्तरीय समन्वय ढाँचा जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर गठित कर सभी विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद स्तर पर सम्पूर्ण अभियान के सफल एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी तथा दैनिक प्रगति रिपोर्ट शासन व राज्य स्तरीय पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपरजिलाधिकारी बिपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उप कृषि निदेशक सतीश कुमार पांडेय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, संस्कृत पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाजसेविका ने सिल्ट हटवायी

**इटावा।** पुरबिया टोला नालापार में नाला किनारे पर बारिश के दौरान सड़क पर मिट्टी का ढेर लगने से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी। इस समस्या को लेकर सत्यनारायण समाजसेवा संस्थान की सचिव डा.ज्योति वर्मा ने अपने प्रयासों से नगर पालिका परिषद की टीम से साफ सफाई करवाई। समाजसेविका डा. ज्योति वर्मा ने बताया कि बारिश के दौरान नाला के ओवरफ्लो होने की वजह से सड़क पर सिल्ट जमा होने से रास्ते पर फिसलन होने पर लोगों को निकलने में हो रही परेशानी को देखते हुए सड़क से सिल्ट हटवाना बहुत जरूरी था। नगर पालिका परिषद के वार्ड सफाईनायक नरेश ने अपनी टीम से सड़क से सिल्ट हटवाकर साफ सफाई कराई।

## शिक्षक है राष्ट्र का निर्माता : प्रो. ओझा

**प्रतापगढ़।** नगर सिंह सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां हुयी। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ देश के पूर्व राष्ट्रपति रहे डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्‍के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रो0 ओझा ने डा. राधाकृष्णन्‍के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सम्यक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अमूल्य है। वहीं उन्होंने शिक्षक को राष्ट्र निमार्ता की संज्ञा दी। स्वागत भाषण निदेशक डा. संदीप कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. अमित कुमार सिंह व संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डा. आशुतोष शुक्ल ने शिक्षा आयोग के गठन तथा यूजीसी की स्थापना में डा. राधाकृष्णन्‍के योगदान को वंदनीय बताया। वहीं कार्यक्रम में आदर्श शिक्षाविद के रूप में प्रो. शिवाकान्त ओझा का सारस्वत सम्मान भी हुआ। इस मौके पर डा. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डा. अरविन्द वर्मा, डा. शैलेश सिंह, डा. सीमा सिंह, डा. संध्या त्रिपाठी, डा. शैलेन्द्र त्रिपाठी, डा. रघुनायक आदि रहे।



संक्षेप

## जगतबेला-डोमिनगढ़ मार्ग पर गड्ढे दे रहे बड़ी दुर्घटना को दावत

**सरहरी, गोरखपुर।** जगतबेला-डोमिनगढ़ मार्ग बंधे पर बने सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे व बारिश के कारण हुए रेनकट राहगीरों के लिए खतरे का सबब बन चुके हैं। सड़क की हालत इतनी बदतर हो गई है जिस पर राहगीरों का चलना दुभर हो गया है। सड़क की बदहाली सरकार के गड्ढामुक्त सड़क व विकास के दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। बताते, जगतबेला-डोमिनगढ़ मार्ग काफी दिनों से बदहाल व जर्जर हालत में है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बारिश के मौसम में इस सड़क से सकुशल गुजरना किसी खतरे से कम नहीं। वाहन चालक अचानक गड्ढे या कटे हुए किनारे के सामने आने पर संतुलन खो सकते हैं। लोगों का कहना है कि सड़क खराब है सड़क पर गड्ढे व सड़क के किनारे रेनकट दिखाई दे रहे हैं, मगर संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को यह समस्या नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पहले भी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं गड्ढों और रेनकट के कारण वाहन चालकों को हर समय सतर्क होकर चलना पड़ता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद जोखिम भरा हो गया है। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत करा दी जाए तो दुर्घटना को टाला जा सकता है।

## थाना परिसर में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**बनवारपार/गोला, गोरखपुर।** गोला थाना परिसर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक सीपी पाण्डेय की मौजूदगी में ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। रात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा थाना परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। जन्मोत्सव के दौरान ह्यभय प्रगट कृपाला, दीनदयाला...ह्व सहित विभिन्न भजनों और कीर्तन से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और एक-दूसरे को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। भगवान के जन्म के समय थाना परिसर की छटा देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सभी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं संभ्रांत लोगों ने थाना परिसर पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में सहभागिता की। थाना परिसर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों और आमजन के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

## बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सभी का मनमोहा

**बनवारपार, गोरखपुर।** बनवारपार न्यायपंचायत क्षेत्र के अगल बगल गावो तथा चौराहों पर स्थित मंदिर लोगों के घरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हर घर के लोगों ने नन्हे-मुन्नों को लड्डू गोपाल, कान्हा व राधा के रूप में मनमोहक झांकी भी सजाया। वही क्षेत्र के खोपापार मठिया डडिया तरयापार पडौली बारानगर मुगवार बनवारपार भवाजीतपुर बेलपार पाठक सडसडा सिसई सहित आदि गावो मे हर घर घर के लोगो द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया लोगो द्वारा अपने अपने घरो पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाई गयी थी घर के छोटे-छोटे बच्चों मे रूद्रा कृष्ण की वेशभूषा मे सम्बृधी राधा की वेशभूषा में सभी का मन मोह लिया।

### सूचना

मैने अपना नाम जुगुनू वर्मा से बदलकर शशिकलां कर लिया जो प्रपत्रों में दर्ज है। मुझे शशिकलां पत्नी श्री अवधेश कुमार वर्मा नि0 ग्राम पिन्डुरिया लालपुर जिला सीतापुर से जाना जाए।

### आवश्यकता है

प्राचार्य पद हेतु गोरखपुर विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार उपयुक्त शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करें
विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदीशपुर बरडीहा कुशीनगर।
**संपर्क करें-**
प्रबन्धक
9628484888
vidyarthipgcollege@gmail.com
**नोट-** आवेदन करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिन तक रहेगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से गोरक्ष घाट का एक गुंबद गिरा

## हादसे में दो अधिवक्ता घायल, एक की मौत व दूसरा मेडिकल कॉलेज रेफर



गोरखपुर। राप्ती नदी के किनारे स्थित गुरु गोरक्षनाथ घाट पर रविवार को मौसम में अचानक आए बदलाव के बीच आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। आकाशीय बिजली की तेज चपेट के बाद घाट परिसर में अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों के बैठने के लिए बनाए गए गुंबदनुमा चबूतरे का स्लैब भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे के समय वहां बैठे दो अधिवक्ता मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए मलबा हटाकर दोनों घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता आलोक अस्थाना की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि अधिवक्ता संजय सिंह को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य में सहयोग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। जिला अस्पताल में भी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की परिस्थितियों की जानकारी ली और संबंधित विभागों से आवश्यक जानकारी जुटाई। जानकारी के अनुसार, शक्ति नगर कॉलोनी निवासी अधिवक्ता संजय सिंह और राप्ती नगर निवासी अधिवक्ता आलोक अस्थाना, अपने साथी अधिवक्ता विनोद तिवारी की माता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गुरु गोरखनाथ घाट पहुंचे थे। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान दोनों अधिवक्ता घाट परिसर में बने चबूतरे पर बैठ गए।

इसी दौरान मौसम अचानक खराब हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आकाशीय बिजली गिरने के बाद तेज झटका लगा और गुंबदनुमा छज्जा अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। छज्जे के मलबे में दोनों अधिवक्ता दब गए, हादसा होते ही घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने बिना समय गंवाए मलबा हटाने का काम शुरू किया और दोनों घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों का उपचार शुरू किया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने अधिवक्ता आलोक अस्थाना की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें उच्चस्तरीय उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया। परिजनों के अनुसार, मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल अधिवक्ता संजय सिंह का भी चिकित्सकों ने परीक्षण किया और उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

आलोक अस्थाना की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता जिला अस्पताल पहुंच गए। घटना को लेकर अधिवक्ताओं में स्वाभाविक रूप से आक्रोश दिखाई दिया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया।

**डीएम ने संवेदनशीलता के साथ लिया संज्ञान**

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से गुंबदनुमा बैठने वाले स्थान का स्लैब गिरा, जिसकी चपेट में आने से दोनों अधिवक्ता घायल हुए। उन्होंने बताया कि हादसे में आलोक अस्थाना की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि संजय सिंह का उपचार जारी है और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। डीएम ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता घायलों को तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराना और घटना के कारणों की पूरी जांच करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करने तथा संरचना की तकनीकी स्थिति की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की ओर से एंबुलेंस के पहुंचने में कथित देरी की शिकायत भी की गई थी। प्रशासन ने इस शिकायत को भी गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी ने एंबुलेंस के रिस्पॉन्स टाइम की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से घटना की सूचना मिलने, एंबुलेंस के रवाना होने और मौके पर पहुंचने तक के पूरे समय का विवरण जुटाया जा रहा है।

प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जांच में यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह प्रशासन ने हादसे के साथ-साथ एंबुलेंस सेवा से जुड़ी शिकायत को भी जांच के दायरे में लिया है।

**पुलिस-प्रशासन ने संभाली स्थिति, अस्पताल में बढ़ाई गई सुरक्षा**

अधिवक्ता की मौत की सूचना के बाद जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में अधिवक्ता और परिजन पहुंच गए थे। स्थिति को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की और स्थिति को शांत कराया। कई थानों की पुलिस फोर्स को भी मौके पर लगाया गया। प्रशासन की ओर से अधिकारियों ने निर्देश दिया गया कि घायलों और मृतक के परिजनों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए तथा अस्पताल में उपचार और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**27.85 करोड़ रुपये की लागत से हुआ था घाट का सुंदरीकरण**

गुरु गोरक्षनाथ घाट के सुंदरीकरण का प्रस्ताव वर्ष 2019 में तैयार किया गया था। करीब 27 करोड़ 85 लाख 71 हजार रुपये की लागत से घाट का सुंदरीकरण कराया गया था। घाट परिसर में अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए जगह-जगह चबूतरे और उनके ऊपर गुंबदनुमा छत का निर्माण कराया गया था। रविवार को इन्हीं में से एक गुंबदनुमा संरचना हादसे की चपेट में आ गई। गुरु गोरक्षनाथ घाट का लोकार्पण 16 फरवरी 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। हादसे के बाद अब प्रशासन की ओर से पूरे मामले की तकनीकी जांच कराई जा रही है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि संरचना किस स्थिति में थी और आकाशीय बिजली गिरने के बाद उसके गिरने की वास्तविक परिस्थितियां क्या रहीं।

## कचैरा-आगरा मार्ग पर नये पेट्रोल पंप का शुभारंभ



**जसवंतनगर, इटावा।** कचैरा-आगरा मार्ग पर संतोष भुवनेश एनर्जी स्टेशन पेट्रोल पंप का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। पेट्रोल पंप के फील्ड ऑफिसर प्रशांत मोहन आगरा और प्रोफेसर डॉ. बृजेश चंद्र यादव ने डॉ. भुवनेश चंद्र यादव एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख व विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव की मौजूदगी में फीता काटकर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर पंप संचालकों ने ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्था की। पहले दिन पेट्रोल पंप पर आने वाले करीब एक हजार ग्राहकों को 100 रुपये का पेट्रोल मुफ्त दिया गया। इस पहल को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला। नए पेट्रोल पंप के शुरू होने से कचैरा-आगरा मार्ग से राजस्थान और मध्यप्रदेश के साथ आगरा जिले को जाने वाले वाहन चालकों के साथ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ईंधन के लिए अब दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पेट्रोल पंप की सुविधा उपलब्ध होने से वाहन चालकों को काफी सहूलियत मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा। बताया गया कि प्रोफेसर डॉ. बृजेश चंद्र यादव की ओर से जसवंतनगर क्षेत्र में पहले से पांच पेट्रोल पंप और एक सीएनजी पंप संचालित किए जा रहे हैं। अब यमुना नदी के पार कचैरा-आगरा मार्ग पर संतोष भुवनेश एनर्जी स्टेशन की शुरुआत होने से कचैरा समेत आसपास के गांवों के ग्रामीणों और आगरा की ओर आने-जाने वाले राहगीरों को बेहतर ईंधन सुविधा मिल सकेगी। समारोह के दौरान प्रधान राजपाल यादव, प्रकाश चंद्र यादव, अशांक हनी यादव, गौरब यादव सहित पंप संचालकों एवं अतिथियों ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गाय से टकरायी बाइक, 5 दिन बाद युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलपोखरा गांव के सामने पाँच दिन पहले सड़क पर घूम रही गाय से बाइक टकराने के बाद घायल हुए युवक की सैफई में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चे रह गए हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं हाईवे पर आवारा गोवंश के जमावड़े को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। राजपुर तमेरी निवासी 31 वर्षीय गजेंद्र प्रताप और शेखूपुरा निवासी 28 वर्षीय वीरपाल बुधवार रात बाइक से फिरोजाबाद की ओर जा रहे थे। जलपोखरा गांव के सामने अचानक सड़क पर घूम रही गाय से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। वहां चार दिन तक चले उपचार के बाद गजेंद्र प्रताप ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। गजेंद्र प्रताप की मौत से पत्नी साक्षी देवी समेत परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के ढाई वर्षीय पुत्र कार्तिक और सात माह की मासूम पुत्री कृतिका के सिर से पिता का साया उठ गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शिक्षक दिवस समारोह में संस्थापक अध्यक्ष स्व. राम उजागिर दुबे को किया गया याद

जिला संवाददाता (vol)

**गोला, गोरखपुर।** मां सरस्वती देवी शिक्षा संस्थान, पटौहां में शिक्षक दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व. राम उजागिर दुबे को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। विद्यालय परिवार ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान, समर्पण एवं दूरदर्शी सोच को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार दुबे ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं चरित्र का निर्माण कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा प्रदान करते हैं। शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों का सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

अंत में विद्यालय परिवार ने संस्थापक अध्यक्ष स्व. राम उजागिर दुबे के आदर्शों, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर शिक्षक कुलदीप मिश्र, विवेक पाण्डेय, राकेश वर्मा, शुभम चन्द तथा शिक्षिकाएं सरम्भा देवी, रोशनी एवं अंशिका गुप्ता सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।

## गोरखपुर में आकाशीय बिजली से हादसे का सीएम ने लिया संज्ञान



**गोरखपुर।** गुरु गोरक्षनाथ घाट पर आकाशीय बिजली गिरने से हुए हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया है। हादसे में एक अधिवक्ता की मौत और एक के घायल होने की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को पीड़ित परिवार की हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हादसे में घायल लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जरूरत पड़ने पर उन्हें उच्चस्तरीय उपचार के लिए अन्य चिकित्सा संस्थान में भी भेजने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन से राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी लेते हुए प्रभावित परिवार को नियमानुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आकाशीय बिजली गिरने से हुई अधिवक्ता आलोक अस्थाना की मौत के मामले में पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया जाए और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न होने दी जाए। साथ ही घायल अधिवक्ता को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने तथा उपचार की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने राहत एवं सहायता संबंधी कार्रवाई तेज कर दी है। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों तक समय से सहायता पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

## दो टीजूटू के हुए तबादले, दबंगई के बल पर जमे बठै है टीजूटू

**इटावा।** अधिशाषी अभियन्ता उमा शंकर ने दो फीडरों के टीजूटू का तबादला किया है। उक्त दोनों का तबादला 18 अगस्त को किया गया था लगभग बीस दिन होने पर भी इन लोगों ने नवीन तैनाती ज्वाइन नहीं की। रिश्वत के चलते इन लोगों को अभी तक इनके कार्य से मुक्त नहीं किया गया कार्यमुक्त होने के बाद ही नई तैनाती ज्वाइन कर पाएंगे। अधिशाषी अभियन्ता उमा शंकर ने विद्युत उपसंस्थान रामलीला पर तैनात टीजूटू शिव पूजन सिंह को फीडर कालीवाहन भेजा है वहीं सुन्दरपुर तैनात टीजूटू राजेश बाबू को रामलीला फीडर नियुक्त किया है लगभग बीस दिन हो गए है तबादले को फिर भी एक ही जगह पर जमे हुए है। जेई सुन्दरपुर ललित कुमार पर सुन्दरपुर फीडर के अलावा रामलीला फीडर का चार्ज है जेई ललित कुमार दोनों को कार्यमुक्त करें जिससे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सही तरह से सुचारू रूप से चल सके। पता चला कि जेई पर दवाब बनाया जा रहा है कि कार्यमुक्त न करने का एक टीजूटू काफी दबंग बताया गया है।

## वन्य जीव संरक्षण में सभी लोग सार्थक सहयोग करें : दीपक कुमार



जिला संवाददाता (vol)

**इटावा।** पौधारोपण महायज्ञ के अंतर्गत शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर एक पेड़ गुरु के नाम कार्यक्रम का आयोजन इटावा सफारी पार्क के अंतर्गत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि दीपक कुमार, आई.एफ.एस., अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सामाजिक वानिकी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सनातन धर्म इंटर कॉलेज के छात्रों के अलावा डी.एफ.ओ. विकास नायक एवं अन्य प्रकृति प्रेमी भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पारस पीपल के पौधों को रोपित किया गया तथा उनकी संख्या वर्तमान में सफारी पार्क में विद्यमान शेरों की संख्या के बराबर 22 रखते हुए पौधरोपण स्थल को सिंह वाटिका का नाम दिया गया।

साथ ही सितंबर माह का प्रथम शनिवार इंटरनेशनल वल्चर अवेयरनेस डे के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर 5 सितम्बर की दोपहर में मनन सभागार में सनातन धर्म इंटर कॉलेज के 50 छात्रों के साथ एक जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें गिद्धों के संरक्षण के संबंध में दीपक कुमार, आई.एफ.एस., बीएन सिंह बायोलॉजिस्ट एवं डॉ. अनिल कुमार पटेल, निदेशक सफारी पार्क द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किये गए और वन्य जीव संरक्षण में सभी लोगों को सार्थक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी रूपेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## सड़क की पटरियों की मरम्मत से सुगम हुआ रास्ता, ग्रामीणों में खुशी

**गीडा, गोरखपुर।** पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेनुअन में सड़क किनारे बने जानलेवा गड्ढों की मरम्मत और झाड़ियों की सफाई होने से ग्रामीणों और राहगीरों ने राहत की सांस ली है। इस कार्य से राहगीरों का आवागमन अब सुगम हो गया है, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्राम पंचायत तेनुअन से तिनहरा होते हुए जैतपुरझबोक्टा मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली पक्की सड़क से रोजाना



सैकड़ों ग्रामीणों और राहगीरों का आना-जाना होता है। पिछले कुछ महीनों से सड़क की कच्ची पटरियों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे और घनी झाड़ियां उग आई थीं। इसके कारण आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे थे। साथ ही, रास्ते में आमने-सामने से दो पहिया या चार पहिया वाहनों का निकलना बेहद मुश्किल हो गया था, जिससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था। ?ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए तेनुअन के प्रधान प्रतिनिधि मनीष पाण्डेय ने वीबी जी राम जी योजना के तहत त्वरित कदम उठाया। उन्होंने पटरियों पर उगी झाड़ियों की सफाई करवाई और मिट्टी भरवाकर सभी बड़े गड्ढों को समतल करा दिया। ?सड़क दुरुस्त होने पर स्थानीय ग्रामीण हरिकेश, तूफानी, सिकंदर, भोलई, चंद्रिका, प्रेम सागर, राम भजन, आकाश, फूल चंद और दूबे नाथ आदि ने कार्य की सराहना की। ग्रामीणों ने इस जनहित के कार्य के लिए ग्राम प्रधान और उनके सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

## शिक्षा के अधिकार पर ताला, नहीं सहेंगे



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर एव प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार प्रदेश में बंद किए जा रहे 26,000 प्राथमिक विद्यालयों के तानाशाही फैसले के खिलाफ 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी छात्रसभा रवी यादव विधायक ने सैफई ब्लॉक के ग्राम चन्देपुरा एव मढ़ा एव न कढ़ोरी में पहुच कर समाजवादी छात्रसभा इटावा का पुरजोर विरोध प्रदर्शन ! गांव-देहात के गरीब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार। इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव केपी शाक्य, जनवेद भोजवाल, विधानसभा अध्यक्ष रामनरेश, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शाक्य, सांस्कृतिक जिलाध्यक्ष राजेंद्र निराला, रामदास प्रधान, महावीर प्रधान, सुखबीर यादव, अनुरुद्ध यादव, अनुज कुमार, लालू यादव, सत्यप्रकाश सविता, दिनेश जाटव, एव समस्त लोग शामिल हुए।

## जांच के बीच शिक्षक सम्मान पर सवाल

**उन्नाव (वीओएल)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ट एवं नवाचार करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इसी क्रम में बिछिया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरांय कटियान के शिक्षक अनुदीप श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। खास बात यह है कि अनुदीप श्रीवास्तव पर विद्यालय के बच्चों के खेल खातों से करीब 10 लाख रुपये के कथित गबन के आरोप हैं। मामले की जांच के लिए दो खंड शिक्षा अधिकारियों को नामित किया है और जांच अभी गतिमान बताई जा रही है। जांच के बीच सम्मान दिए जाने पर कुछ शिक्षकों ने नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए। उनका कहना है कि इसी सिस्टम की गड़बड़ी के चलते वास्तविक रूप से योग्य और प्रतिभावान शिक्षक पीछे रह जाते हैं।

## कृष्ण लीला का भव्य आयोजन

**बीघापुर]उन्नाव (वीओएल)।** उन्नाव के ग्राम पंचायत टेढ़ा में लगातार चलते आ रहे आज कृष्ण लीला कामेटी 59 वर्ष पर आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी पर हर वर्ष श्रीकृष्ण की लीलाओं को देखकर आम जनमानस मंत्रमुग्ध हो गए। कृष्ण लीला हमें सिखाती है कि जब-जब समाज में अन्याय बढ़े, तब हमें मौन दर्शक नहीं बल्कि धर्म और सत्य के साथ खड़े होने वाला व्यक्ति बनना चाहिए। कंस का अंत केवल एक अत्याचारी का अंत नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि अहंकार, अत्याचार और अधर्म चाहे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः सत्य और धर्म की विजय निश्चित है। इस पर अभिनय करने वालों में अरविन्द कुमार कंस, उग्रसेन मोहम्मद रियाज, देवकी आकाश शुक्ला, वासुदेव करुणा शंकर, कृष्ण आकाश शुक्ला, बलराम रिंकू प्रजापति, राधा सुमित शर्मा, अक्रूर सुशील प्रजापति आदि लोगो ने किया।

## समिति की सराहनीय पहल, अंतिम यात्रा के लिए शुरू किये दो एसी वाहन




**हिलौली (वीओएल)।** मौरावां स्थित श्री सुगमेश्वर महादेव मंदिर समिति ने धार्मिक कार्यों के साथ-साथ जनसेवा के क्षेत्र में एक और बड़ा कदम उठाया है। रविवार को समिति द्वारा अंतिम यात्रा को सुगम और सम्मानजनक बनाने के लिए दो वातानुकूलित वाहनों का लोकार्पण किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक व अधिवक्ता एस.बी. शर्मा ने बताया कि जन कल्याण समिति की प्राथमिकता है और जल्द ही इन वाहनों के संचालन के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा पहले ही वेद पाठन के लिए श्गुरुकुलमश की नींव रखी जा चुकी है, जिसका निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू त्रिपाठी और अधिवक्ता एस.बी. शर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के लोकार्पण अवसर पर प्रमोद कुमार दीक्षित, भूपेश कुमार, जगदीश सिंह, मुजफ्फर भाई, मोतीलाल लोधी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित**

**इटावा।** न्यू हेल्थ केयर हास्पीटल द्वारा बाह अड्डा पर एक निशुल्क नेत्र स्वास्थय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अदिति आई हास्पीटल के कुशल डाक्टर दीपा गौर पूर्व कंसलटेंट संकरा आई हास्पीटल कानपुर एवं डाक्टर वसीम अहमद के द्वारा 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें मोतिया विन्द अथवा नजर दूर पास का धुंधला दिखाई देना परीक्षण करके दवा व चश्मे बितरित किये गये मोतिया विन्द के मरीजों को परामर्श दिया गया।

## लोन नदी का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर, मदद को पहुंचे समाजसेवी



**बीघापुर, उन्नाव (वीओएल)।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के खेसुवा गाँव मे गंगा नदी की सहायक नदी लोन नदी का जलस्तर अधिक बढ़ने से लोन नदी खतरे के ऊपर बहाव है। जिस कारण फसलों के साथ साथ, दर्जनों घरों में पानी भर गया आवागमन अस्त व्यस्त हो गया। प्रभावित लोगो की खाने पीने संबन्धी व्यवस्था भी दयनीय स्थिति होने की जानकारी जैसे ही राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को हुई उन्होने त्वरित बड़ा कदम उठाते हुए अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह को समस्त टीम के साथ राहत सामग्री वितरित करने हेतु खेसुवा गाँव भेजा। गाँव पहुंचते ही मानवेन्द्र सिंह ने बाढ़ के पानी में उतरकर दर्जनों प्रभावित परिवारों से मुलाकात करके सबसे पहले राहत सामग्री दी व भविष्य मे हमेशा परिवार की भांति साथ खड़े रहने का भरोसा दिया इस दौरान राहत सामग्री पाकर प्रभावित परिवारों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की सेवा भावना से खुश व संतुष्ट नजर आये इस दौरान मुख्य रुप से ग्राम प्रधान सुनील यादव, गौरीशंकर, राघवेंद्र प्रधान, आर के सिंह मामाजी, विनीत सिंह, विकास, रोहित सिंह काका, प्रखर, शेषपाल, विश्वजीत चौहान, शंकर लोधी, बाबूलाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

पसगवां खीरी। थाना उचौलिया क्षेत्र के ग्राम मढिया में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर पंखे से लटका मिला है। मृतका की पहचान प्रीति पत्नी राहुल गौतम के रूप में हुई है,बताया जा रहा है कि प्रीति ने शनिवार को घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। घटना के समय वह अकेली थी। उसका पति राहुल गौतम दूसरे राज्य में नौकरी करता है, और कई महीनों से घर नहीं आया है,मृतका का मायका मैगलगंज क्षेत्र में बताया जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा उसके बाद पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। थाना प्रभारी उचौलिया अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।मायके पक्ष को जानकारी दे दी गई है।अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर विधिक कार्यवाही की जाएंगी।

## चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

सिंगाही खीरी। थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह साढ़े चार साल की बच्ची के साथ करीब 50-60 वर्षीय व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। गंभीर हालत में बच्ची को पहले निघासन सीएचसी और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि सिंगाही-बेलरायां मार्ग स्थित गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास पीड़िता और आरोपी के घर आमने-सामने हैं। रविवार सुबह आरोपी खलील पर बच्ची को रुपये देने का लालच देकर अपने घर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना के बाद बच्ची जब घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों के पूछने पर बच्ची ने घटना के बारे में बताने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान वह बेहोश हो गई। इसके बाद परिजन आरोपी के घर पहुंचे। आरोप है कि आरोपी ने फावड़ा लेकर उन्हें दौड़ा लिया। परिजनों ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी वैन मौके पर पहुंची और पुलिसकर्मियों ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। घटना की जानकारी सिंगाही थाना प्रभारी राज बहादुर सिंह को दी गई। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर बच्ची को तत्काल निघासन सीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सिंगाही थाना प्रभारी राज बहादुर सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नितेश बने रामपुर मथुरा ब्लॉक मीडिया प्रभारी

रेउसा (सीतापुर)। अखंड हिंदू वाहिनी ने सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता को देखते हुए नितेश कुमार को रामपुर मथुरा ब्लॉक का मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। संगठन संस्थापक रुद्र त्रिपाठी (वीरू भैया) व महासचिव चंद्रप्रकाश दीक्षित (अजीत) व जिलाध्यक्ष विशाल अवस्थी ने 5 सितंबर 2026 को मनोनयन पत्र जारी कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी। संगठन ने नितेश कुमार से अपेक्षा जताई कि वह सौंपे गए दायित्वों का निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही सामाजिक हित में जागरूकता फैलाने और संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

# बाढ़ प्रभावित परिवारों को देंगे मदद: डीएम

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। रविवार को प्रशासनिक संवेदनशीलता और तत्परता का नजारा तहसील निघासन के ग्राम ग्रंट नंबर-12 के मजरा रण्डौहा में देखने को मिला। बाढ़ प्रभावितों का हाल जानने पहुंचे डीएम अंजनी कुमार सिंह ट्रैक्टर से गांव तक पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए रास्ते में भरे पानी की परवाह किए बिना पैंट ऊपर चढ़ाई और खुद पानी में उतरकर ग्रामीणों के बीच पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियां सुनीं और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

डीएम ने ग्रामीणों से उनके कुशलक्षेम के साथ आवागमन, घरों और बाढ़ से उत्पन्न अन्य समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों से भी बातचीत की और उनकी स्थिति जानी। डीएम को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद डीएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित स्थान पर भूमि की तलाश की जाए। उन्होंने भूमि चिह्नित कर वहां आवास निर्माण के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जाएं।

### सरकार और प्रशासन आपके साथ खड़ा है

ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए डीएम ने कहा कि मा.मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में शासन और प्रशासन बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन भी पूरी संवेदनशीलता के साथ आपके साथ खड़ा है। उन्होंने ग्रामीणों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, राहत और आवश्यक सहायता सुनिश्चित करना है। वापसी के दौरान डीएम ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए बच्चों की शिक्षा पर विशेष फोकस करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। शिक्षा ही बच्चों के बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है, इसलिए अभिभावक उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान एसडीएम यदुवीर सिंह, तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक, राजस्व अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

### कोई पात्र प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रहे

डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रभावित पात्र परिवारों को नियमानुसार अनुमन्य जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र प्रभावित व्यक्ति सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए। राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए जरूरत के अनुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## विद्यार्थियों ने संभाली शिक्षक की भूमिका वरिष्ठ शिक्षकों का हुआ सम्मान




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। शिक्षक दिवस पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने कक्षा छह से 11 तक की कक्षाओं में शिक्षक की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने अध्यापन कराने के साथ विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भी सहयोग किया। इस पहल से विद्यार्थियों को शिक्षक के दायित्व और जिम्मेदारियों को समझने का अवसर मिला। इसके बाद शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ नगर के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों बाबू राम वर्मा, हेमनाथ प्रसाद, इब्राहिम खान, सुरेंद्र सिंह, अनूप कुमार गुप्ता, नरेंद्र बहादुर वर्मा, राम नरेश शुक्ला और राम कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीजीएन पीजी कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष एनडी शर्मा को भी सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने आचार्य-आचायाओं को सम्मानित करते हुए शिक्षक के दायित्वों और डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने पर विचार रखे। कार्यक्रम में प्रबंधक आदित्य पुरवार, कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया और इंडियन बैंक गोला शाखा के प्रबंधक विकास झा मौजूद रहे।

## छात्राओं ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। साहबगंज स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्या सरिता देवी सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिक्षकों ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व के साथ गुरु के सम्मान, अनुशासन और संस्कारों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने के साथ उसके व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षक दिवस समारोह को लेकर छात्राओं में विशेष उत्साह रहा। छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गये विधायक अरविंद गिरि



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पूर्व विधायक अरविंद गिरि की पुण्यतिथि पर रविवार को राजेंद्र गिरि मैरिज लॉन में श्रद्धांजलि सभा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर और क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्व. अरविंद गिरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान लोगों ने उनके व्यक्तित्व और गोला विधानसभा क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. अरविंद गिरि ने गोला विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद बनाए रखा और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों और जनसेवा से जुड़े प्रयासों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। स्व. अरविंद गिरि की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में भी लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। रक्तदान के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों ने इसे मानव सेवा का माध्यम बताते हुए कहा कि जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में रक्तदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद बाजपेई, आशीष सिंह, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और विभिन्न वर्गों के लोगों की मौजूदगी रही।

## डूब रहे गैवियान के बाद भी विभाग का प्रयास जारी

तिकुनियां-खीरी। मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से बंधे को बचाने के लिए विभाग से लगाए गए गैवियान डूबते जा रहे है। हालांकि सिंचाई महकमा मुस्तैदी से बचाव कार्य मे लगा हुआ है। जसनगर और कश्यपनगर में नदी का कहर जारी है। बंधे के समानांतर बह रही नदी से बंधे को नुकसान न हो इसके लिए सिंचाई विभाग गैवियान से ठोकरें बनाकर नदी की धारा को मोड़ने में जुटा हुआ है। इलाके के कई भट्ठों से अद्धा रोड़ा और ईंट की ट्रालियां दिनभर फराटें भर रही है, जिन्हें कार्य में लगे मजदूर एक बोरी में भरकर नदी में डाल रहे है। नदी का बढ़ता जलस्तर और हो रही बारिश कार्य मे बाधा भी पैदा कर रही हैं। गांव के स्कूल में रह रहे 37 परिवारों ने ऊंचे स्थान पर बसाने की मांग की है जिससे उन्हें नदी से हमेशा हमेशा के लिए छुटकारा मिल सके। पीड़िता शोभावती, जमुना देवी, सुमन, छोटी, झिनकी आदि लोगो ने बताया कि नदी से चौथी बार बेघर हुए है। और कहा कि अब बंधे के दक्षिण में जगह देकर बसाया जाए। पीड़ितों ने रोज मिल रही पूड़ी को लेकर बताया कि इससे बदलाव करें। स्कूल में कटान पीड़ितों के रहने के चलते इस स्कूल का संचालन केवटली गांव में बने स्कूल में किया जा रहा है।

## कुल्हाड़ी से हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

सीतापुर। पति ने किसी व्यक्ति से बातचीत करने को लेकर हुए विवाद में रविवार शाम खूनी रूप ले लिया। मछरेहटा थाना क्षेत्र के रमुवापुर गांव में पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी और ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। रमुवापुर निवासी राजेश कुमार पुत्र विश्राम लाल का रविवार शाम करीब छह बजे पत्नी किरन देवी (36) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि किरन देवी किसी व्यक्ति से फोन पर बातचीत कर रही थीं। पत्नी को फोन पर बात करते देख राजेश कथित तौर पर भड़क गया। पुलिस की शुरुआती जांच में पत्नी के किसी व्यक्ति से फोन पर बातचीत को लेकर विवाद और उसके चरित्र पर शक की बात सामने आई है। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने के बाद राजेश ने आपा खो दिया और पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसके बाद ईंट से भी वार किए। अचानक हुए हमले में किरन देवी गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी पहुंची, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वारदात से जुड़े साक्ष्य जुटाए। कुल्हाड़ी और ईंट को भी कब्जे में लिया गया है। आरोपी पति राजेश कुमार को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## छात्र-छात्राओं को बांटे गये प्रमाण पत्र



पलियाकलां खीरी। देश के महान शिक्षाविद तथा स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जन्मोत्सव शिक्षक दिवस पर स्थानिय श्री गुरु गोविंदसिंह राजकीय महाविद्यालय में बृहद व्याख्यान माला का आयजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज रायबरेली के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ बैजनाथ विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश व समाज के उत्थान,शिक्षकों की भूमिका, गुरु शिष्य की परंपरा, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का बिंदुवार वर्णन कर छात्र-छात्राओं के उत्तरदायित्वक बारे में विस्तार से चर्चा की।

रोवर रेंजर स्काउट-गाइड कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए पूर्व निर्धारित के अनुसार 12:00 से शुरू हुए कार्यक्रम 3:00 तक चलता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित तथा माल्यार्पण, परिचय, बैजअलंकरण, स्वागत सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ला तथा प्रोफेसर वसीम खान ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर स्मृति चिन्ह दे सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पलिया चीनी मिल के सेवानिवृत गन्ना अधिकारी जय गोविंद जोशी वरिष्ठ पत्रकार विश्वकांत त्रिपाठी, नगर के सुप्रसिद्ध योग शिक्षक सुभाषदास, वरिष्ठ लिपिक विश्राम राणा आकर्ष विश्वकर्मा, अजय कुमार, अशोक कुमार, धोखे राम, सहित तमाम शोधार्थी स्टूडेंट तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे, कार्यक्रम के अंत में एक दर्जन से अधिक छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, कार्यक्रम के अंत में प्रचार्य डॉक्टर सूर्य प्रकाश शुक्ला ने आए हुए सभी महानुभाव अतिथि तथा छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पेड़ में उतरे करंट की चपेट में आकर पिता-पुत्र की मौत

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र मे रविवार की सुबह बेलवा बसहिया गांव में एक मामूली घटना ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। घर के सामने खड़े पाकड़ के पेड़ पर चढ़े बंदर ने एक डाल तोड़कर नीचे गिरा दी। डाल उठाने पहुंचे 17 वर्षीय पीयूष मिश्रा को क्या पता था कि वही डाल उसके लिए मौत का कारण बन



जाएगी। पेड़ के पास से गुजर रही एलटी लाइन का करंट पेड़ में उतर आया था। डाल उठाते ही पीयूष करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा। बेटे को तड़पता देख पिता गीतेश मिश्रा (56) उसे बचाने दौड़े, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। देखते ही देखते पिता-पुत्र दोनों की मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी सांडा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

पीयूष दो भाइयों में बड़ा था। वह भागवत कथा और पूजा-पाठ कर परिवार की जीविका में हाथ बंटाता था। पिता गीतेश पांच बीघा जमीन पर खेती करते थे। रविवार सुबह तक जिस घर में पिता-पुत्र की आवाजें गूंज रही थीं, वहां कुछ ही देर बाद चीख-पुकार मच गई। एक साथ पिता-पुत्र की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम पसरा है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जन्माष्टमी पर हुआ उत्सव, बनी मोहक झांकियां

महोली (सीतापुर)। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर क्षेत्र में बड़े जोश के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस पवित्र दिन पर मंदिरों में जहां उत्सव जैसा माहौल रहा। वहीं गीता में दुनिया को धर्म और कर्म का ज्ञान देने वाले शक्ति के पुंज माधव के जन्मदिन को खास महोत्सव के रूप में मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर नगर में आयोजकों ने कई वर्षों से चल रहे मेला महोत्सव और मोहक झांकी से अद्भुत छटा बिखेरी। थाना प्रभारी जेबी पांडे के निर्देशन में उनके सहयोगियों ने एतिहासिक साजवट, मनमोहक झांकी और भजन संध्या के आयोजन का भव्य नजारा पेश कराया। शनिवार को थाना प्रभारी जेबी पांडे के कुशल निर्देशन में कोतवाली परिसर को खूब दिव्य सजाया गया,बड़े पैमाने पर थाने में सजी मोहक झांकी ने गली गली में उत्साह व हर घर उत्सव के रंग भर दिये। क्षेत्र के विधायक शशांक त्रिवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रीकृष्ण की नटखट बाल लीलाओं पर आधारित कान्हा के जन्मोत्सव में शामिल हुए तमाम अतिथि एवं अधिकारियों के समक्ष, राधा-कृष्ण के मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अद्भुत नजारे की चकाचैंध रही। इस मौके पर मोहिनी झांकियों की शानदार झलक एवं बड़े पैमाने पर उत्सव जोश से भरपूर नारी शक्ति की, भी समारोह में धूम रही और भजन संध्या के साथ प्रसाद वितरण किया गया। नगर की गन्ना समिति परिसर में हर वर्ष की भांति मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी के मौके पर लगे मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने किया तो त्यौहार में प्रतीकात्मक दही हांडी उत्सव की रौनक रही और कान्हा के जन्मोत्सव में ब्रज की झांकियों ने शामिल हुए तमाम अतिथियों का मन मोह लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा सुरक्षा के प्रति निगरानी के खास इंतजाम किए गये।

## गन्ने के खेत में मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

हरगांव (सीतापुर)। थाना हरगांव क्षेत्र के एक गांव में 17 दिनों से लापता 23 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव शनिवार को घर से महज तीन सौ मीटर दूर गन्ने के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार शव की हालत इतनी खराब थी कि मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख- पुकार मच गई। कपड़ों और साथ मिले लोटे के आधार पर परिजनों ने शव की पहचान गोली पुत्र स्व. राम प्रसाद निवासी कोरैया उदनापुर थाना हरगांव के रूप में की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि गोली कुछ दिन पहले अपनी ससुराल गया था। वहां से लौटने के बाद वह परिवार से अलग रह रहा था। परिजनों के अनुसार घर में किसी बात को लेकर कहासुनी भी हुई लेकिन वह शान्त रहा कुछ समय बाद वह शाम को घर से निकल गया और फिर वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने हरगांव थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। इसके बाद पुलिस भी उसकी तलाश में जुटी थी। शनिवार को घर के पास गन्ने के खेत की ओर शौंच गए ग्रामीणों को वहां कुछ संदिग्ध दिखाई दिया। खेत में पहुंचने पर क्षत-विक्षत शव कंकाल के रुप में पड़ा मिला।

## शिक्षक दिवस पर वरिष्ठ शिक्षकों को किया सम्मानित




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक बांकेगंज के तत्वावधान में शनिवार को जय शंकर बारात घर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 31 मार्च 2027 को सेवानिवृत्त होने जा रहे वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक समाज के योगदान और शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक बांकेगंज के अध्यक्ष आशुतोष गिरि एवं मंत्री विपिन वर्मा के नेतृत्व में किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन शिक्षकों के योगदान को सम्मान देने के साथ संगठन की एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। मंत्री विपिन वर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक हितों से जुड़े विषयों के समाधान के लिए संगठन को मजबूत और एकजुट रहना जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सामूहिक प्रयास जारी रखने पर जोर दिया। अध्यक्ष आशुतोष गिरि ने कहा कि प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर इसी प्रकार शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने शिक्षक हितों के लिए लगातार प्रयास करने और सावन के प्रत्येक सोमवार को अवकाश घोषित कराने की मांग को लेकर प्रयास जारी रखने की बात कही। समारोह के दौरान शिक्षकों से सुझाव भी लिए गए। उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे शिक्षक समाज के सम्मान की दिशा में अच्छी पहल बताया। आगामी 9 सितंबर को होने वाले संगठन के चुनाव को लेकर भी उपस्थित शिक्षकों ने अध्यक्ष पद पर आशुतोष गिरि और मंत्री पद पर विपिन वर्मा के समर्थन में एकजुटता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन मुकेश वर्मा ने किया।

इस अवसर पर जगन्नाथ प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, सुनील वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, विजयपाल वर्मा, प्रमोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष आशुतोष गिरि ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्वर्ण समाज के लोगों ने भरी हुंकार

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक रिसॉर्ट में स्वर्ण समाज के लोगों ने



एकत्र होकर सरकार द्वारा थोपे गए कानून को वापस लेने के लिए रणनीति बनाई है जिसको लेकर विशाल प्रदर्शन के लिए तारीख मुकर्रर की है। चुनाव की आहट के बीच स्वर्ण के जागरूकता पर तमाम पार्टी के नेता सकते मैं आ गए हैं।

रविवार को स्वर्ण समाज के विपिन सिंह के नेतृत्व में श्याम बाबू मिश्रा एडवोकेट, श्याम मिश्रा, करुणेश मिश्रा, गोपाल मिश्रा, अश्वनी राजपूत, अनुज सिंह, अमित चौहान, अतुल सिंह, इंद्र कुमार सिंह, हर्षित सिंह, कोविंद सिंह, भारतीय अग्निहोत्री समेत भारी संख्या में समाज के लोगों ने एकत्र होकर रणनीति बनाते हुए 11 तारीख को रामलीला मैदान पर विशाल प्रदर्शन करने की तारीख मुकर्रर की गई है। जिसमें यूजीसी वापस लेना, आर्थिक आधार पर आरक्षण, स्वर्ण आयोग गठन करना और एससी एसटी एक्ट कानून को वापस लेने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देने की रणनीति पर सहमति बनी है।

## साक्षर हुए 100 लोग, अब आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ेंगे कदम

सीतापुर। शिक्षक दिवस पर विकासखंड सिधौली में आयोजित कार्यक्रम में उस समय माहौल खास हो गया, जब पढ़ना-लिखना सीख चुके 100 युवा और प्रौढ़ शिक्षार्थियों को साक्षरता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। शिक्षा, शिव नाडर फाउंडेशन की ओर से संचालित एडल्ट्स लिटरेसी प्रोग्राम के तहत आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक के अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में फाउंडेशन के उपमहाप्रबंधक मयंक सिन्हा ने शिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि साक्षरता किसी व्यक्ति को केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देती, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में सही निर्णय लेने, अपने अधिकारों को समझने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की क्षमता भी देती है।

उन्होंने बताया कि सीतापुर में फाउंडेशन की ओर से पिछले सात वर्षों से साक्षरता के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से अब तक जिले के करीब




- शिक्षक दिवस पर शिव नाडर फाउंडेशन के साक्षरता कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र पाकर खिले चेहरे

1,60,800 लोगों को पढ़ने-लिखने के साथ दैनिक जीवन में उपयोगी ज्ञान और आवश्यक कौशल प्रदान किया जा चुका है।

खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख सहित मौजूद अधिकारियों ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी समाज को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा सबसे जरूरी आधार है। उन्होंने प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों से सीखने की प्रक्रिया को आगे भी जारी रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य वयस्कों में साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा से जोड़ना रहा। इस अवसर पर मनोज, उमेश, राजीव, कृतिका, आशुतोष समेत फाउंडेशन की शिक्षा टीम के सदस्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## करंट से अधेड़ की मौत

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के जासापारा गांव निवासी एक अधेड़ की शनिवार रात करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जासापारा निवासी राधेश्याम सिंह (53) पुत्र गायत्री प्रसाद सिंह शनिवार रात करंट की चपेट में आ गए थे। गंभीर हालत में परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर लेकर पहुंचे। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया राधेश्याम सिंह खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रीना सिंह और दो पुत्र शुभम व शिवम को छोड़ गए हैं। थानाध्यक्ष अखण्डदेव मिश्रा ने बताया है शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## नीलगाय के झुंड ने वृद्ध महिला पर किया हमला, मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के सहुलारा गांव के भरतपुर पूरे पल्टन में रविवार सुबह खेत की रखवाली करने गई 80 वर्षीय वृद्ध महिला पर नीलगाय के झुंड ने हमला कर दिया। नीलगायों ने महिला को पटक-पटककर घायल कर दिया। गंभीर हालत में परिजनों ने उन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतपुर पूरे पल्टन गांव निवासी गायत्री यादव (80) पत्नी स्व राम नरेश रविवार सुबह खेत की रखवाली करने गई थीं। ग्रामीणों के अनुसार खेत में पहले से ही नीलगायों का झुंड मौजूद था और वह फसल को नुकसान पहुंचा रहा था। गायत्री ने नीलगायों को खेत से भगाने का प्रयास किया। इसी दौरान झुंड ने उन पर हमला कर दिया। नीलगायों ने उन्हें पटक-पटककर घायल कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ीं। इसी दौरान पास में बकरी चरा रहे एक युवक की नजर घायल महिला पर पड़ी। उसने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले गए। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. महिपाल सिंह ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## महापौर ने लॉन्ड्री लेजेंड शाखा का किया शुभारम्भ

**अयोध्या।** शहरवासियों को बेहतर और विश्वसनीय लॉन्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लॉन्ड्री लेजेंड ने अयोध्या में अपनी नई शाखा का शुभारंभकिया। आधुनिक तकनीक, बेहतर गुणवत्ता और प्रोफेशनल केयर के साथ लॉन्ड्री लेजेंड ग्राहकों को कपड़ों की सफाई एवं देखभाल का प्रीमियम अनुभव प्रदान करेगा। लॉन्ड्री लेजेंड में कपड़ों की लॉन्ड्री सेवा मात्र 89 रू प्रति किलोग्राम से शुरू की गई है। इसके साथ ही ग्राहकों को ड्राईक्लीनिंग, प्रीमियम फैब्रिक केयर और अन्य लॉन्ड्री सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध होगी। कंपनी का उद्देश्य पारंपरिक लॉन्ड्री सेवाओं को आधुनिक, व्यवस्थित और भरोसेमंद बनाते हुए ग्राहकों को गुणवत्ता, स्वच्छता और समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना है।

# अदिति सिंह के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

### प्रभावित परिवारों को दी गयी सहायता



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते कई ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ और जलभराव से जनजीवन प्रभावित है। ऐसे मुश्किल समय में सदर विधायक अदिति सिंह के निर्देश पर उनके कार्यकर्ताओं ने पिंडारी कला के बघेल एवं उनाई जंगल क्षेत्र में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। सदर विधायक अदिति सिंह के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने प्रभावित ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। राहत सामग्री पाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों के चेहरों पर राहत दिखाई दी। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं और जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश और जलभराव के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरों के आसपास पानी भरने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं और खाद्य सामग्री सहित अन्य जरूरी सामान जुटाने में भी दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे समय में राहत सामग्री मिलने से प्रभावित परिवारों को काफी सहारा मिला है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि सदर विधायक अदिति सिंह क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लगातार गंभीर हैं। उनके निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाकों में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं। जहां भी लोगों को आवश्यकता होगी, वहां राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। सदर विधायक के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय जनप्रतिनिधि और उनके कार्यकर्ताओं का प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचना उनके लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जल्द ही जलभराव एवं बाढ़ की समस्या से राहत मिलेगी।सदर विधायक अदिति सिंह की ओर से बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया है। राहत वितरण के दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि सिंह लालूपुर चौहान अखिलेश सिंह बखरा प्रधान अमर त्रिवेदी अमावा प्रधान गया यादव कमल बजाज दूसरी रमेश कछवाहा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विधायक समर्थक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कल रहेगा यातायात डायवर्जन

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री के 8 सितंबर को अयोध्या के जीआईसी मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर शहर, अयोध्या धाम और रामपथ पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस की ओर से 8 सितंबर को दोपहर 12रू30 बजे से कार्यक्रम एवं भीड़ समाप्त होने तक विभिन्न मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान निर्धारित मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सहादतगंज हनुमानगढ़ी चौराहे से रामपथ, पोस्ट ऑफिस तिराहे से पुलिस लाइन व रिकाबगंज तिराहे की ओर तथा पुलिस लाइन तिराहे से रामपथ और पुष्पराज की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

इसी तरह पुष्पराज चौराहे से जीआईसी की ओर, तहसील तिराहे से गुरु गोविंद सिंह चौक की ओर और गुरु गोविंद सिंह चौक (कैंट रेलवे स्टेशन) से पुराने भाजपा कार्यालय की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अग्रसेन चौराहे, रामनगर तिराहे और बहू बेगम मकबरा तिराहे के आसपास भी यातायात प्रतिबंध लागू रहेगा। बहू बेगम मकबरा तिराहे से जीआईसी की ओर वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। रिकाबगंज चौराहे से कसाबबाड़ा एवं रामपथ की ओर, फतेहगंज चौराहे से जीआईसी की ओर तथा कसाबबाड़ा तिराहे से जीआईसी की ओर भी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ऋषिटोला तिराहा, मनूचा तिराहा, उदया फ्लाईओवर के नीचे रामपथ, बेनीगंज चैराहा, आंख अस्पताल तिराहा, गुदड़ी बाजार चैराहा और नियावां तिराहे से रामपथ की ओर भी सभी प्रकार के वाहनों का अयोध्या धाम क्षेत्र में हनुमान गुफा से लता मंगेशकर चैक की ओर तथा पुराने सरयू पुल से लता मंगेशकर चैक की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सब्जी मंडी रोड से पोस्ट ऑफिस तिराहा होते हुए रामपथ, हनुमानगढ़ी चैराहा बैरियर से रामपथ और दंतधावन कुंड तिराहा बैरियर से रामपथ की ओर भी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इसके अलावा श्रीराम अस्पताल तिराहा से रामपथ, टेढ़ी बाजार चैराहा से रामपथ तथा रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग से रामपथ की ओर भी सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार यह सभी डायवर्जन आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोड़कर लागू रहेंगे। वाहन चालकों से अपील की गई है कि कार्यक्रम के दौरान निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# समाज को दिशा दिखाता है शिक्षकः अजय जायसवाल




**सुलतानपुर (वीओएल)।** शिक्षक समाज को दिशा दिखाने का कार्य करता है। देश की युवा पीढ़ी को शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने भविष्य के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। यह बातें पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल ने रोटरी क्लब सुलतानपुर ट्रांसगोमती की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कहीं। सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चार शिक्षकों को सम्मानित किया गया। श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष सिंह, सेंट्रल स्कूल की शिक्षिका निशा वर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय बीबीगंज की शिक्षिका रीना रावत और केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षक शैलेंद्र चतुर्वेदी को शाल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। अजय जायसवाल ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का ज्ञान नहीं देता, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और सही दिशा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मजबूत राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ट्रांसगोमती के अध्यक्ष सुनील शर्मा, सचिव अजय अग्रहरि, कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जीपी सिंह, संतोष सिंह, अजय सिंह, मनोज गुप्ता, राजीव त्रिपाठी, नीरज अग्रवाल, विकास सेठ, आलोक अग्रवाल और रितेश त्रिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ओपीडी में छात्र-छात्राओं को मिलेगी प्राथमिकता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** छात्र-छात्राएं देश का भविष्य और राष्ट्र की धरोहर हैं। उनका समय कीमती है, इसलिए अस्पतालों की ओपीडी में उन्हें जांच और चिकित्सकीय परामर्श के लिए लंबी कतार में न लगना पड़े। इसी उद्देश्य से सेव अर्थ बाई प्लांट संस्था ने जिले में छात्र-छात्राओं को ओपीडी में प्राथमिकता देने का अभियान शुरू किया है। संस्था की पहल को चिकित्सकों और अस्पताल संचालकों का समर्थन मिल रहा है। पंचायत सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में ओपी सिंह ने बताया कि कई चिकित्सकों ने पहल का स्वागत करते हुए छात्रों को फीस में छूट देने और कुछ ने ओपीडी में निशुल्क परामर्श देने की बात कही है। निजी अस्पतालों में व्यवस्था लागू होने के बाद सरकारी अस्पतालों में भी छात्रों के लिए सुविधा शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। उद्देश्य है कि आर्थिक परेशानी इलाज में बाधा न बने और बीमारी के कारण पढ़ाई प्रभावित न हो। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आईएमए से जुड़े कई चिकित्सकों ने भी आई कार्ड के आधार पर छात्रों को सुविधा देने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान करीब दो दशक से ह्वहर घर सहजनह्व अभियान चला रहे डॉ. ओपी सिंह और टीम ने सहजन के पौधे वितरित किए। जिले के पांच गांवों को ह्वसहजन गांवह्व बनाने के लिए कादीपुर के दो और जयसिंहपुर के तीन गांव चयनित किए गए हैं। डॉ. प्रीति प्रकाश ने सहजन का उपयोगी पौधा बताया। इस मौके पर सुरेंद्र बहादुर यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मा.शिक्षा विभाग के सोशल मीडिया अकाउंट शुरू

**सुलतानपुर (वीओएल)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्वटर पर आधिकारिक अकाउंट शुरू किए हैं। इनके माध्यम से विभाग की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों और अभिभावकों तक पहुंचाई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया संचालन के लिए विभिन्न विषयों के 12 विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम गठित की गई है। टीम का नेतृत्व भौतिक विज्ञान प्रवक्ता शैलेंद्र चतुर्वेदी करेंगे। मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज और केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा नौ से 12 तक स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से मॉडल कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। इन कक्षाओं का यूट्यूब लाइव प्रसारण भी होगा। अटल टिंकरिंग लैब और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग और एआई की शिक्षा दी जाएगी। बैठक में प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने पहल की सराहना की। सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने कार्यक्रमों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत 'बहू-बेटी सम्मेलन' और चौपाल का आयोजन

**रायबरेली।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0₹ के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में 'बहू-बेटी सम्मेलन' एवं चौपाल का सफल आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए 1090, 181, 112, 1076, 102, 1930, 101 एवं 1098 सहित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि 1090 महिला हेल्पलाइन पर शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है, जिससे महिलाएं बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मातृशक्ति वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

## बीएमपीएस प्रशासनिक सचिव को मिला अवध रतन सम्मान

लालगंज,रायबरेली। कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रशासनिक सचिव को 'अवध रतन सम्मान' से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह जहाँ विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ता पूर्वक ऊंचाई दे रहे हैं वहीं अवधी भाषा में भी विशेष योगदान देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें अवधी लोकगीत,सोहर, कजरी, भजन, संस्कार गीत, ऋतु गीत, पर्व गीत, जन्मोत्सव और छठी गीत, विवाह गीत, सावन और कजरी, फाग और होरी, बारहमासा, देवी गीत, दिवाली और अन्य त्योहारों के गीत, आल्हा, बिरहा आदि के गायन पर पारंगत हासिल प्राप्त है। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि के कारण ग्लोबल एजुकेशन कॉन्क्लेव द्वारा लखनऊ स्थित एक प्रसिद्ध होटल में भव्य समारोह के बीच 'अवध रतन सम्मान' से सम्मानित किया गया।

# बगिया चौराहा में बसपा के कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुरानी तहसील के सामने स्थित बगिया चौराहे में रविवार को बहुजन समाज पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम लोग जुटे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। बसपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने महंगाई, इलेक्ट्रोरल बॉन्ड, बुलडोजर कार्रवाई और राजनीतिक गठबंधनों को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से बड़े उद्योगपतियों से चंदा लिया गया और इसका असर महंगाई के रूप में आम जनता पर पड़ रहा है। सहारनपुर में मस्जिद पर हुई बुलडोजर कार्रवाई का जिक्र करते हुए पाल ने कहा कि किसी भी जाति, समाज या धर्म के धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। उन्होंने संविधान का हवाला देते हुए सभी वर्गों, जातियों और धर्मों के समान सम्मान की बात कही। सपा के पीडीए अभियान पर भी बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि च्च्। अब ह्यपरिवार दल अलायंसह्ल बनकर रह गया है। पाल ने कहा कि बसपा किसी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं कर रही है, बल्कि उसका गठबंधन प्रदेश की जनता और सर्वसमाज से है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने दावा किया कि मायावती के नेतृत्व में बसपा जनता को साथ लेकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

● प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

# डीह के बीआरसी पर सम्मानित हुए शिक्षक



**रायबरेली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर डीह ब्लॉक में शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्य राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा किया गया, इस अवसर पर जिले से आए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जिला महामंत्री संजय कनौजिया व शैलेंद्र सिंह द्वारा शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया साथ ही साथ डीह ब्लॉक में कार्य कर रहे समस्त एकेडमिक रिसोर्स पर्सन अंकुर मिश्रा आलोक मिश्रा विकास पाल एवं विनय त्रिपाठी जी का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में संगीता मौर्य शिव प्रकाश, विजयकांती, प्रिया सिंह श्रद्धा सिंह प्रतिभा सिंह वासुदेव मौर्य, अवनीश कुमार, राना लाल सिंह, शैलेंद्र त्रिवेदी प्रदीप कुमार बृजेश यादव शिक्षामित्र स्मिता श्रीवास्तव ओम प्रकाश व अनुदेशक अखिलेश सिंह सम्मानित किए गए। डीह ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग मिश्रा महामंत्री रवीन्द्र सिंह यादव कार्यकारी अध्यक्ष हरिवंश सिंह ने सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दें और लगातार शिक्षा के क्षेत्र में वेतन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया इस अवसर पर कौशलेंद्र सिंह अतुल मिश्र, प्रदीप कुमार, रविंद्र प्रताप दीपेश अवस्थी, सत्यानंद मिश्रा चंद्रशेखर प्रतिभा वर्मा ममता यादव प्रतिभा वाजपेयी सरिता श्रीवास्तव सीमा सुरभि आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## वित्तविहीन विद्यालयों के अधिकारों की आवाज बुलंद

**रायबरेली।** शिक्षा जगत की उपलब्धियों के साथ वित्तविहीन विद्यालयों से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से सामने रखा। सम्मान, संवाद और अधिकारों की आवाज के इस मंच पर जिले व आसपास के क्षेत्रों के अनेक

● सदन तक पहुंचाने का संकल्प

विद्यालयों के प्रबंधकों, शिक्षकों तथा मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि वित्तविहीन विद्यालयों से जुड़े लोगों के हितों के लिए सरकारों ने अपेक्षित प्रयास नहीं किए हैं। संगठन का संकल्प है कि जमीनी समस्याओं को मजबूती से उठाकर सदन तक पहुंचाया जाए। एलपी यादव ने कहा कि आज देश की बड़ी आबादी निजी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रही है। ऐसे में इन संस्थानों से जुड़े कर्मियों का प्रोत्साहन व सम्मान आवश्यक है। एफडीडीआई के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को सफलता के आयामों तक पहुंचाने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शीला सिंह, पूर्व सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग, ने बदलते समय में वित्तविहीन विद्यालय संगठन की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डॉ. तहसीलदार सिंह, प्रमुख आधारशिला कॉलेज ऑव प्रोफेशनल कोर्सेस, ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों संग खड़े होने और संगठित होने की आवश्यकता है। आधारशिला परिवार इस प्रयास में सभी के साथ खड़ा है। दीप प्रकाश शुक्ल ने संगठन की आवश्यकता पर जोर दिया।

## ठहाका मैन डॉ. ताराचंद्र तन्हा की लेखनी का परचम

**अयोध्या।** ठहाका मैन के नाम से मशहूर डॉ. ताराचंद्र शतन्हाश और उनकी लेखनी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। डॉ. तन्हा ने हमेशा अपनी रचनाओं के माध्यम से अयोध्या की सांस्कृतिक और साहित्यिक छवि को देश-विदेश तक पहुंचाने का काम किया है। मर्यादित लेखनी के बल पर ही उन्होंने ष्वाह ! वाह ! मेगा विनर स्विफ्ट कार विजेता 2006 और सोनी सब टीवी मुंबई के शो वाह ! वाह ! क्या बात है में कविता के छुपे रुस्तम सम्मान हासिल किया। देश ही नहीं नेपाल तक में सम्मानित हो चुके डॉ. तन्हा की प्रभु श्रीराम की भक्ति पर आधारित रचना मैं हूं अयोध्या की अयोध्या प्रभु राम की आज अयोध्या नगर निगम के सार्वजनिक ध्वनि प्रसारण यंत्रों पर सुबह-शाम गुंजायमान हो रही है। आज उनकी लेखनी और जीवनी की चर्चा देश ही नहीं विदेशों में भी हो रही है।

# वरिष्ठ पत्रकार व चिकित्सक को नमन कर गोमती मित्रों ने किया श्रमदान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर, सीताकुंड धाम परिसर में फैले कीचड़ और गंदगी तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गोमती मित्र मंडल ने रविवार को परिसर और सीता उपवन में विशेष स्वच्छता श्रमदान किया। सुबह छह बजे शुरू हुआ अभियान साढ़े नौ बजे तक चला। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने गोमती मित्रों से अपील की कि जलस्तर बढ़ा रहने तक एक-दो सदस्य यथासंभव धाम पर मौजूद रहें और श्रद्धालुओं को संभावित खतरे के प्रति जागरूक करते रहें। श्रमदान के बाद नगर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. सतीश पांडेय और वरिष्ठ चिकित्सक स्व. डॉ. केसी त्रिपाठी के असामयिक निधन पर शोक जताया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, अजय प्रताप सिंह, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह समेत अन्य गोमती मित्र मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय कार्यसमिति के सदस्य शशिकांत पांडेय का भाजपा ने किया भव्य सम्मान

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बदलाव करते हुए कूरेभार विकासखंड के अमरबोझा गांव निवासी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शशिकांत पांडेय को क्षेत्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में रविवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में उनका भव्य अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने शशिकांत पांडेय को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि शशिकांत पांडेय की कार्यक्षमता, कुशल कार्य व्यवहार और संगठन के प्रति लंबे समय से चली आ रही समर्पण भावना किसी से छिपी नहीं है। उनके क्षेत्रीय कार्यसमिति में शामिल होने से संगठन को एक अनुभवी और मजबूत सिपाही मिला है। उनके अनुभव का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने भी शशिकांत पांडेय की कुशल नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक अनुभव की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी नई जिम्मेदारी से पार्टी को और मजबूती मिलेगी तथा कार्यकताओं में भी नई ऊर्जा का संचार होगा। बताते चलें कि शशिकांत पांडेय युवावस्था से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए बूथ स्तर से लेकर जिले तक पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह भाजपा के जिला महामंत्री के पद पर भी रह चुके हैं। सम्मान से अभिभूत शशिकांत पांडेय ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# विश्व पटल पर डॉ. विनय प्रकाश ने बढ़ाया देश का मान

● लगातार दूसरी बार चुने गये एशियन-पैसिफिक पोस्टल यूनियन के सेक्रेटरी जनरल

जिला संवाददाता (vol)

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या (पूरा बाजार) के रहने वाले भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और अपने जिले का नाम रोशन किया है।डॉ सिंह एशियन-पैसिफिक पोस्टल यूनियन (एपीपीयू) के सेक्रेटरी जनरल के चार वर्षीय कार्यकाल हेतु दुबारा चुने गए हैं। सम्मान का विषय है कि थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित कांग्रेस में चीन, ईरान, जापान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, कोरिया, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भूटान, नेपाल, फिजी, सहित 32 सदस्य देशों वाली इस यूनियन द्वारा डॉ सिंह को विगत 4 सितंबर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। बैंकॉक स्थित इस अंतरराष्ट्रीय संस्था में उनका चार वर्षीय पहला कार्यकाल आगामी दिसम्बर में समाप्त होने के बाद दूसरा चार वर्षीय कार्यकाल जनवरी 2027 से प्रारम्भ होगा।



1988 बैच के अधिकारी डॉ. विनय प्रकाश सिंह का प्रशासनिक व शैक्षिक करियर बेहद शानदार रहा है। वे पूर्व में भारत सरकार के डाक सेवा बोर्ड के सदस्य रहे हैं। इससे पहले वे संचार मंत्रालय में मुख्य सतर्कता अधिकारी, उत्तर प्रदेश के चीफ पोस्टमास्टर जनरल और चीफ जनरल मैनेजर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (अफगानिस्तान) और सेना डाक सेवा कोर में भी महत्वपूर्ण प्रतिनियुक्तियों पर कार्य किया है। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से आधुनिक इतिहास में परास्नातक डिग्री में गोल्ड मेडल अर्जित करने के अलावा आईआईटी दिल्ली से मैनेजमेंट में पीएचडी की उपाधि भी अर्जित कर चुके हैं। डॉ. सिंह पूरा बाजार के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय राम मनोरथ सिंह के पुत्र हैं। डॉ. सिंह के लगातार दूसरी बार इस सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय पद पर महासचिव बनने से अयोध्या के डाक विभाग और स्थानीय जनता में खुशी की लहर है। अयोध्या मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इसे पूरे भारत देश के लिए एक बड़ा गौरव बताया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर सीनियर पोस्टमास्टर डा किरण सिंह, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, पंकज सिंह तथा सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक अभय सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेन्द्र सिंह और पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, सपा नेता अनिमेष सिंह राहुल ने भी गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# कब्रनुमा दो गड्ढे मिलने से मची सनसनी, छह फीट खुदाई में नहीं मिला कुछ संदिग्ध

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईंगंज क्षेत्र के गनेशपुर कैथौली गांव में रविवार सुबह गन्ने के खेत में कब्रनुमा दो गड्ढे दिखाई देने से सनसनी फैल गई। बकरी चराने गए लोगों की नजर गड्ढों पर पड़ी तो उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह और थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एक गड्ढे की खुदाई कराई। करीब छह फीट गहराई तक खुदाई के बाद भी उसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। गड्ढे से केवल लकड़ी की एक छोटी लग्गी बरामद हुई। इसके बाद दूसरे गड्ढे की खुदाई नहीं कराई गई। अजीजपुर गांव निवासी जमाल ने गनेशपुर कैथौली स्थित अपना खेत महादेवपुर निवासी बबलू वर्मा को बटाई पर दे रखा है। बबलू ने खेत में गन्ने की फसल बो रखी है। दोनों गड्ढों के बीच करीब 20 फीट और पूर्व दिशा की मेड़ से करीब 10 फीट की दूरी थी। क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया अंदेशा है कि साही जैसे जंगली जानवर को पकड़ने के लिए गड्ढा खोदा गया होगा। जांच के दौरान गड्ढे में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।



संक्षेप

## 125 परिवारों को बांटी राहत सामग्री

महराजगंज, रायबरेली। विकासखंड क्षेत्र के जलप्रभावित गांवों लालगंज, भुजिहा, जियापुर समेत आसपास के गांवों का रविवार को अमेठी सांसद के.एल. शर्मा ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर जलभराव से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली और प्रभावित परिवारों का हाल जाना सांसद के.एल. शर्मा की मौजूदगी में रायबरेली सांसद राहुल गांधी की ओर से भेजी गई राशन किट का 125 जलप्रभावित परिवारों के बीच वितरण किया गया। राहत सामग्री मिलने पर प्रभावित ग्रामीणों ने राहत महसूस की सांसद के.एल. शर्मा ने कहा कि जलभराव से प्रभावित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है।

जरूरतमंद परिवारों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संबंधित लोगों से प्रभावित गांवों की स्थिति की जानकारी भी ली और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

# सेवा संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला में गूंजा सेवा और समर्पण का संदेश

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को बताया राष्ट्रसेवा का प्रेरणास्रोत

जिला संवाददाता



देवरिया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व के तहत रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, औरा-चौरी, देवरिया में जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, आगामी कार्यक्रमों तथा संगठन के माध्यम से सेवा कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा हुई।कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, जनसेवा और समर्पण का प्रेरणादायी अध्याय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सेवा को राजनीति का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प बनाया है। कार्यकर्ताओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

पूर्व सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अपने सार्वजनिक जीवन में देश के गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व प्रधानमंत्री जी के सेवा भाव को समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

जिला पंचायत देवरिया के प्रशासक पं. गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि सेवा और समर्पण भारतीय जनता पार्टी की कार्यसंस्कृति का मूल आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का आह्वान किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के सेवा एवं समर्पण से भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रेरणा प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभियान को संगठन के प्रत्येक स्तर तक पहुंचाकर इसे व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाएं।कार्यशाला में विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, सुरेन्द्र चौरसिया, नगर पालिका परिषद देवरिया की अध्यक्ष अलका सिंह, जिला उपाध्यक्ष राम जोखन निषाद, राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह, अजीत सिंह, बबिता चौहान, भारती शर्मा एवं रंजना देवी भारती, मार्कण्डेय गिरी, गोविन्द चौरसिया, सत्यम त्रिपाठी शुभम, राहुल कुमार, शिवेश पाण्डेय सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यशाला का मंच संचालन जिला महामंत्री जितेन्द्र सिंह सैंथवार ने किया।

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने तथा ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## बाबा गणिनाथ ने सदैव सर्व समाज के हित में कार्य किये: डा योगेश्वर



कुशीनगर। मद्धेशिया वैश्य (कान्दू) महासभा नगर ईकाई कसया द्वारा अपने नगर कार्यालय पर देर शाम तक मद्धेशिया कान्दू समाज के कुल गुरु बाबा संत गणिनाथ जी महाराज का जन्मोत्सव पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। पुजारी द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर बाबा गणिनाथ का पुजा संपन्न कराया गया।मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ योगेश्वर मद्धेशिया ने अपने संबोधन में कहाँ कि मद्धेशिया कान्दू समाज वैश्य समाज का महत्वपूर्ण अंग है। कुल गुरु गणिनाथ जी महाराज सदैव समाज के सभी वर्गों को लेकर चलते थे।वह समता मूलक समाज के पक्षधर थे।विशिष्ट अतिथि मध्यदेशीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मायाशंकर निगुणायक ने संबोधन में कहाँ कि बाबा गणिनाथ समाज को एकसूत्र में पिरो कर रखे थे, वह राष्ट्रवाद, सामाजिक समरसता और समतामूलक समाज के संवाहक थे। राष्ट्रीय मंत्री हीरालाल मद्धेशिया ने सभी लोगो से एकजुटता बनाये रखने की अपील की।इस दौरान प्रांतीय मंत्री प्रभात मद्धेशिया, प्रांतीय सदस्य त्रियुगी नारायण मद्धेशिया, संयोजक राजेश्वर लाल मद्धेशिया, गोरखपुर जनपद कोषाध्यक्ष जवाहरलाल मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष अशोक मद्धेशिया, उपाध्यक्ष संजय मद्धेशिया, संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद मद्धेशिया, गुलाब मद्धेशिया, डा श्रीमती भावना गुप्ता,डा विजय मद्धेशिया, डा पियूष मद्धेशिया , श्रीमती वंदना मद्धेशिया, डा सीमा गुप्ता, डा शीला गुप्ता,संतोष मद्धेशिया, महेंद्र मद्धेशिया, उमेश मद्धेशिया, मनोज मद्धेशिया, कन्हैया मद्धेशिया, रक्तबीर अंगद मद्धेशिया, रोहित मद्धेशिया, चंदन मद्धेशिया सहित मद्धेशिया समाज के सैकडो लोग उपस्थित थे। प्रसिद्ध भजन गायक सन्नी साविरिया ने अपने भजनों से सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया,राधा कृष्ण लीला की प्रस्तुति ने भी समा बांध दिया।नगर अध्यक्ष पन्नालाल मद्धेशिया ने सबका आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक के बिना अच्छे समाज की कल्पना नहीं की जा सकती: अर्चना



जिला संवाददाता

कुशीनगर। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के मोतीचक के ब्लाक के भलुही में स्थित राजकीय आईटीआई हाटा में शिक्षक सम्मान समारोह एवं प्रशिक्षण प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहीं मोतीचक ब्लाक की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि शिक्षक ही समाज का निमार्ता होता है।शिक्षक के बिना अच्छे समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।जबकि इस वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी प्रशिक्षण प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य पीएन शर्मा ने किया जबकि आभार कार्यदेशक ने पियूष कांत सिंह ने ज्ञापित किया।इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में अनुदेशक अनिल यादव, विनय कुमार, मुकुल हेमलता, अर्चना भारती, प्रभात कुमार आजाद शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

# दंत चिकित्सा शिविर में 35 मरीजों का मुफ्त इलाज



देवरिया। रविवार को दुबे अखंडपुरा में प्रियांशु लक्ष्मी डेंटल केयर, सोनूघाट की ओर से निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ अभिषेक मिश्रा एवं डॉ प्रिया मिश्रा ने शिविर में करीब 30 से 35 मरीजों के दांतों की जांच कर उनका निशुल्क इलाज किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर मिश्र मरकरा ने की।

मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल रहीं। खुखुंदू थानाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान अमित त्रिवेदी, सोशल मीडिया सह संयोजक भलुअनी मंडल ने उनका स्वागत किया।शिविर में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नीरज शाही, सुमित त्रिवेदी, सुशील चतुवेर्दी, दिवाकर तिवारी, लक्ष्मी शंकर मिश्रा सहित लक्ष्मी डेंटल केयर की चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। आयोजकों ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दंत चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे।डॉ. प्रिया ने कहा कि लोगों की सेवा करना प्राथमिकता है, पैसा महत्वपूर्ण नहीं है। जरूरतमंद मरीजों का न्यूनतम शुल्क में इलाज किया जाएगा। आर्थिक रूप से असमर्थ मरीजों का निशुल्क इलाज करने की बात भी कही गई।मुख्य अतिथि श्वेता जायसवाल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से जरूरतमंद लोगों को काफी लाभ मिलता है। उन्होंने आयोजकों से भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की अपील की।लक्ष्मी शंकर मिश्रा ने शिविर के आयोजन में सहयोग के लिए श्वेता जायसवाल, अमित त्रिवेदी और सुशील चतुवेर्दी समेत सभी सहयोगियों का आभार जताया। इस दौरान विनय दुबे, अविनाश दुबे, विकास यादव, बृजेश यादव, श्रीपाद गुप्ता, बाबूनजी चौबे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## ग्रा प ए की सदर तहसील की बैठक संपन्न

देवरिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की सदर इकाई की बैठक स्टेशन रोड स्थित बेगम रहमत नूरी गर्ल इंटर कॉलेज के सभागार में तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और सशक्त और सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने वर्तमान परिवेश में पत्रकारों के मान सम्मान की रक्षा के लिए संगठन का सशक्त होना आवश्यक बताया। बैठक में आगामी माह में तहसील सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया । बैठक में युवा पत्रकार दिलीप मणि त्रिपाठी को सर्वसम्मति से तहसील संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक को जिला अध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पौहारी शरण राय ,जिला महामंत्री डॉक्टर हरिश्चंद्र मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला संप्रेक्षक प्रमोद कुमार राय ,सहित भीम प्रसाद प्रजापति, संतोष सिंह, विजय यादव , सुहेल अंसारी, फणींद्र मणि ,सत्येंद्र दुबे आदि ने भी बैठक को संबोधित कर अपने विचार रखें ।संचालन तहसील मंत्री आदित्य कुमार मिश्रा ने किया।

## शिक्षक दिवस पर के. के. पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी भटनी में शिक्षकों का हुआ सम्मान

भटनी (देवरिया)। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को के0 के0 पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी भटनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव एवं कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया तथा अपने गुरुजनों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता के साथ हुआ।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

देवरिया । जिले में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर के रुद्रपुर, बरहज सलेमपुर, भटनी, भाटपाररानी सहित विभिन्न चौराहों, बाजारों, गांवों, थाना परिसरों घरों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए। झांकियां ,रंग बिरंगे झालरों से डोल सजाये गए ।आयोजन स्थलों पर भजन कीर्तन आधी रात तक चलता रहा और श्री कृष्ण जन्म की घोषणा होते ही जय कन्हैया लाल के जयकारे की गूंज शुरू हो गई और उसके बाद भजन पूजन के बाद भक्तों में प्रसाद भीतर किया गया। मुख्यालय के तिरुपति बालाजी , गायत्री मंदिर, पुलिस लाइन स्थित मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देर रात तक जमी रही ।भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के जयकारे से माहौल बन गया भक्तिमय

# दवा व्यापारी की घर में गला रेतकर हत्या

कानपुर ।इंदिरा नगर इलाके में 50 वर्षीय एक दवा व्यापारी की उसके घर के अंदर कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी गई।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, विनीत मनोचा शनिवार को रतन ऑर्बिट अपार्टमेंट में अपने सी-104 फ्लैट में खून से लथपथ पाए गए थे। उन्होंने बताया कि वारदात के समय वह घर पर अकेले थे, जबकि उनका बेटा सुब्रत मनोचा अपनी पत्नी के साथ एक पार्टी में गया था। पुलिस को उसके घरेलू सहायक और एक अन्य व्यक्ति की संलिप्तता का संदेह है।

उन्होंने बताया कि सुब्रत रात करीब नौ बजकर 40 मिनट पर घर से निकला था और सीसीटीवी फुटेज में दो लोग उसके छह मिनट बाद अपार्टमेंट में प्रवेश करते और लगभग 11 बजकर 28 मिनट पर बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुब्रत ने संदिग्धों में से एक की पहचान घर में काम करने वाले एक सहायक के रूप में की है।दवा कारोबारी विनीत मनोचा ने इस घरेलू सहायक को हाल में किसी बात पर डांटा था और पुलिस को संदेह है कि इसी रंजिश के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया होगा। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या उसने किसी अन्य व्यक्ति की मदद से हत्या की योजना बनाई थी।पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि सुब्रत सुबह करीब साढ़े चार बजे घर लौटा तो उसने अपने पिता को खून से लथपथ देखकर पुलिस को सूचित किया।

फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल की जांच की और सबूत एकत्र किये हैं, जबकि हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद करने के प्रयास जारी हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मध्य) राजेश पांडेय ने कहा कि संदिग्धों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शिक्षक समाज को दिशा देने वाला होता है: शलभ मणि

- जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह
- सेवानिवृत्त शिक्षकों की विदाई, सम्मान

देवरिया।जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में सेवानिवृत शिक्षकों की विदाई एवं सम्मान किया गया । जिला पंचायत सभागार देवरिया में 31 मार्च 2026 को जनपद से सेवानिवृत्त 68शिक्षकों के सम्मान में विदाई/सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ सर्वपल्ले डा० राधाकृष्ण जी के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री महाश्रय मिश्र पूर्व जिलाध्यक्ष उ० प्र० जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ देवरिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ० शलभ मणि जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रजजवलन कर की। तदोपरान्त पूर्व मा०वि० इजरही की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। माल्यार्पण बैज अलंकरण, बुके व अंग वस्व एवं अन्य बिधाओं के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष ,जिल्ला महामंत्री, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री, जिला कोषाध्यक्षा जिला कार्य ?कारिणी, प्रान्तीय संयुक्त मंत्री, आडिटर व समस्त ब्लाकों के अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष ने किया ।सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान मुख्य अतिथि सदर विधायक डा० शलभ मणि ने माल्यार्पण, साल व अंग वस्त भेंट कर किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डा० शलभ मणि ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है ।शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति जागरुक रहता है। आज सम्पूर्ण भारत में शिक्षक दिवस मनाया जारहा है। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार में पिताजी व बहने सभी शिक्षक हैं, हम शिक्षक पुत्र हैं। पालन पोषण शिक्षक परिवार में होना एक गर्व की बात है। उन्होंने अल्बर्ट आइंस्टीन की प्रारम्भिक शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माँ एक शिक्षिका की भूमिका जब निभाती हैं तो समाज व राष्ट्र का निर्माण करती हैं। उन्होंने अक बेस्ट शिक्षा /आन लाइन शिक्षा पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि इस शिक्षा से संस्कृति व संसकार नही प्राप्त होता है, बल्कि शिक्षक संस्कार युक्त शिक्षा हमारे शिक्षक संस्कार युक्त शिक्षा देने का कार्य करते हैं। विशिष्ठ अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया डा० राम जियावन मौर्या ने कहा कि विश्व के शक्तिशाली देशों में अगर अपने राष्ट्र का नाम आता है तो निश्चित रूप से शिक्षक की अहम भूमिका रहती है। ऐसे में ही शिक्षकों को राष्ट्र का निमार्ता नहीं कहा जाता हैं अपितु नन्हें मुन्हें बच्चों को शिक्षा रूपी सांचे में दालकर शिक्षा देने का कार्य करता है। विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व प्रदेशीय मंत्री सुदर्शन ने कहा कि संहा में वह शाक्त है जिससे सभी समस्याओं का निराकरण संभव है। उन्होंने अधिकारियों व विधायक के समक्ष रखा।कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुवे जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन निरुत्तर होता आरहा है और भविष्य में भी किया जायेगा कार्यक्रम में आये हुवे अतिथियों, शिक्षक बन्धुओ के प्रति आभार व्यक्त किये। जिला महामंत्री नन्दलाल ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह को आपने ऐतिहासिक बनाया इसके प्रति आभार व्यक्त किये। विद्यालयों में बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डाला। सर्वपल्ली डा० राधाकृळणन के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उनकी यश कृति को अपने जीवन में आत्मसात हमारे जीवन को सुखमय बनायेगा । मण्डल अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने आप में पूर्ण हैं। शिक्षकों की समस्या को उपस्थित अधिकारी एवं मुख्य अतिथि सदर निधायक के समक्ष रखा। मण्डल महामंत्री अशरफ अली खां ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है।

## जेपी शाही एवं राधेश्याम पाण्डेय का हुआ शोहर गाकर स्वागत



जौराबाजार, कुशीनगर।स्थानीय क्षेत्र स्थित नायरा पेट्रोल पंप हाइवे पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जेपी शाही एवं राधेश्याम पाण्डेय का फाजीलनगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता शाही तथा विनय तिवारी सहित फाजिलनगर मंडल कमेटी एवं भाजपा कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ा एवं फूल मलाओं से स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व जिला क्रय समिति के सदस्य महेंद्र नाथ उपाध्याय ने युग युग जिय हो ललनवा, पावागढ़ के भाग जागल हो। सोहर गाकर स्वागत किए।इस अवसर पर भाजपा के राम ब्रिक्ष गिरी, चमन यादव, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, नंदकिशोर पांडे, प्रदीप सिंह, विनय शंकर तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकुल तिवारी, प्रेम पांडे कविंद्र राय, पंकज पांडे ,मनीष तिवारी बृजेश पांडे झुनेंद्र सिंह, अमरेश सिंह, बबलू राय, मनोज तिवारी, रिंकू राव, संतोष बरनवाल, मंजय गिरी, इंद्रजीत पसाद, सतीश सिंह कौशिक, आदि लोग मौजूद रहे।

## इंटैक संस्था ने आयोजित की विरासत यात्रा

अयोध्या। इंटैक इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉरआर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज अयोध्या चैप्टर द्वारा अयोध्या की विरासत एवं संस्कृति को जानने के लिए विरासत यात्रा का आयोजन किया इस यात्रा में दर्शन नगर बाजार ,सूर्यकुंड घोषार्क तीर्थ, सर्वेश्वर महादेव मंदिर, माई साहब की कुटी राजेपुर, बिल्वहरि घाट, चक्रवर्ती महाराज दशरथ की समाधि स्थल व बिल्वहरि घाट स्थित शनि देव मंदिर जाकर वहां का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व जानने का सभी को अवसर प्राप्त हुआ।

सूर्यकुंड परिसर में नई सीख संस्था द्वारा भगवान सूर्य देव की भव्य आरती का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों को सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ प्रसिद्ध इतिहासकार डॉक्टर देशराज उपाध्याय ने सूर्य कुंड , बिल्वहरि घाट व राजा दशरथ जी की समाधि की स्थापत्य कला एवं इतिहास के विषय में सभी को जानकारी प्रदान की ।

राजा दशरथ जी की समाधि एवं शनि देव मंदिर के पंडित संदीप दास जी महाराज ने यहां के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व की जानकारी प्रदान की ।

# रुद्रपुर के शिवाला वार्ड में सजी झांकी और बच्चों के नृत्य देख लोग हुए मंत्र मुग्ध

रुद्रपुर, देवरिया। स्थित शिवाला वार्ड में सेवानिवृत शिक्षिका के आवास पर सजी झांकी, बच्चों के नृत्य देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।प्रतिवर्ष की भांति सेवानिवृत शिक्षिका सह पूर्व वार्ड सदस्य प्रभावती देवी के आवास पर भगवान कृष्ण की भव्य झांकी सजायी गई। नटखट लीलाओं को देखकर शहर के पहुंचे गणमान्य लोगों का मन आनंदित हो गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की...की गूंज चारों तरफ सुनाई दे रही थी। शुक्रवार की सुबह से ही लोग भगवान कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी में लगे हुए थे। भव्य तरीके से सजी झांकी को देखने के लिए नगर से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। सभी लोगों ने इन बच्चों के नृत्य को देखकर उत्साहित हो उठे। इस अवसर पर बच्चे कृष्ण व राधा का आर्कषक रूप धारण किए हुए थे। शुक्रवार की रात रात भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के बाद पूजा अर्चना हुई। छठी बरही तक कार्यक्रम चलता रहेगा। इस अवसर पर कीर्तन मंडली के संतदर्शन की टीम एक से बढ़कर एक श्रोतोओं को भजन सुनाते रहे। भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर महिलाओं की टीम सोहरगीत गाने में व्यक्त थी। वहीं महिलाएं व बच्चे भी भजन गा रहे थे।इस अवसर पर स्वामी कार्तिकेय तिवारी इंद्रसेन त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चंद्र मद्धेशिया, शशांक शेखर गुप्ता, सुनील त्रिपाठी, डा धनंजय पटवा, बबलू कुशवाहा, गुंजन त्रिपाठी, आनंद पांडेय. आनंद वर्मा, गोलू त्रिपाठी, अनुज श्रीवास्तव, कृष्णा त्रिपाठी, अंजन, श्रेयांश, अरूण मद्धेशिया, बबलू मद्धेशिया, मनोज पांडेय, श्रानेश्वर गुप्ता, जगदीश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सहित मुहल्ले के काफी संख्या में लोग लोग शामिल थे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष मद्धेशिया ने इन छोटे छोटे बच्चों के राधाकृष्ण के वेष व नृत्य को देखकर काफी सराहना की।

# समाज में महिलाओं का सशक्तीकरण महत्वपूर्ण आधार है: बृन्दा




कसया, कुशीनगर। नगर कें वृंदावन महिला उत्थान सेवा समिति सशक्त नारी परिषद के तत्वाधान में महिला मुद्दो, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता पर संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महिला स्वरोजगार पर चर्चा की गई।वृंदावन महिला उत्थान सेवा समिति की अध्यक्षा वृन्दा प्रजापति ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब बेटियां और महिलाएं शिक्षित रहेगी तभी हमारा व हमारे परिवार और देश का विकास हो सकता है। एक शिक्षित नारी ही एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। समाज में महिलाओं का सशक्तिकरण महत्वपूर्ण आधार है, जिसके बिना किसी भी देश या समाज की प्रगति अधूरी है।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके व्यक्तिगत सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक अधिकार देना। जब एक नारी शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती है तो वह केवल अपना ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य बनाती है।

आगे उन्होंने कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि हर महिला अपने प्रति जागरूक हो और घर पर रह कर छोटे-छोटे घरेलू रोजगार सिलाई कढ़ाई बुटिक करके आत्मनिर्भर बन सकती है। महिलाएं रोजगार से बचत करके अपना घर परिवार चला सकती है। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएं शिक्षित एवं संगठित होकर समाज में आगे आएं। जब महिलाएं घर से निकल कर बाहर आएं और अपने हक अधिकार को जाने। दूसरे पर निर्भर न रहे, अपने साहस और हौसले को बुलंद रखें।इस दौरान कॉफी महिलाएं उपस्थित रहीं और अपने स्वरोजगार कें प्रति जागरूक दिखी।

## पौधरोपण कार्यक्रम 13 को : विजय बहादुर सिंह

देवरिया ।शहर के रामचन्द्र शुक्ल नगर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल पार्क में सरदार पटेल की मूर्ति की साफ-सफाई कार्यक्रम कर माल्यार्पण किया ' भारतीय कुर्मी महासभा, देवरिया के जिलाध्यक्ष श्री विजय बहादुर सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री मनोज पटेल, श्री छोटेलाल पटेल, गंगा सागर पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ 'भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश संगठन सचिव विजय पटेल ने जानकारी दिया कि दिनाँक 13 सितंबर को सरदार पटेल पार्क में वृक्षारोपण कर पार्क को सुन्दर एवं आकर्षक बनाने का कार्य किया जायेगा ' आगामी माह में 31अक्टूबर को आयोजित पटेल जयन्ती कार्यक्रम करने की तैयारी भी सुनिश्चित किया जायेगा 'जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह पटेल ने कहा कि हम सभी अपने पूर्वज के सिद्धांत एवं प्रेरणा से अभिभूत है ' आज स्वच्छता अभियान से संगठन को एकजुट करने का संकल्प लिया गया ' जनपद के सभी ब्लॉक के कमेटी गठन की कार्यवाही प्रारम्भ है ' लगातार राजनैतिक दलों द्वारा कुर्मी समाज के हिस्सेदारी की उपेक्षा अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा ' वर्तमान की सरकार भी लगातार कुर्मी समाज की अनदेखी कर रही है ' अब समाज सजग है ' स्वजातीय कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन मजबूती की ओर अग्रसर है ' इस अवसर पर अनिल गुप्ता, अजय जायसवाल, रणजीत सिंह, सभासद रमेश मल्ल, पूर्व सभासद जय प्रकाश कुशवाहा, विश्वंभर यादव, विजय गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहें ।

# विघ्न संतोषियों का शगल

लगता है हर चीज पर विवाद करना कुछ लोगों का शगल बन गया है। ऐसे विघ्न संतोषी प्रवृत्ति के लोग देश की हर उपलब्धियों पर, संवैधानिक संस्थानों पर बार-बार सवाल उठाते रहते हैं। अब इन चिर असंतुष्टतों ने भारत की जीडीपी पर ही सवाल उठा दिया है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी आंकी गई है। हम इसे नकार नहीं सकते, क्योंकि यह भारत सरकार के 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' (एनएसओ) के अर्थशास्त्रियों का निष्कर्ष है। यह विकास दर इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ईरान युद्ध का कालखंड रहा है। युद्ध के कारण तेल-गैस, उर्वरक, खाद्य और अन्य सामान के संकट दुनिया ने झेले हैं और युद्ध अब भी जारी है। सप्लाई चेन अब भी बाधित है। होर्मुज जलडमरूमध्य अब भी लगभग बंद है। युद्ध के अलावा, अल-नीनो और ट्रंपवादी टैरिफ के प्रभाव भी रहे हैं, लिहाजा भारत की वास्तविक जीडीपी की यह दर और नॉमिनल जीडीपी की 10.3 फीसदी विकास दर, यकीनन, बेहतर अर्थव्यवस्था के प्रमाण हैं। यकीनन देश प्रगति कर रहा है। जीएसटी संग्रह भी 1.99 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो एक रिकॉर्ड है। भारत की अर्थव्यवस्था 'डेड' नहीं है, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने उगला था। बाद में नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी ने न केवल 'डेड अर्थव्यवस्था' करार दिया, बल्कि 'आर्थिक सुनामी' की भविष्यवाणी भी कर डाली थी। देश ने दोनों को ही गंभीरता से नहीं लिया और अब 'विकास की सुनामी' का यथार्थ सामने है। भारत का खनन क्षेत्र 'नकारात्मक' (-2.4 फीसदी) रहा है, लेकिन कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग, निर्माण, सर्विस, व्यापार, होटल, वित्तीय सेवाएं, रियल एस्टेट, लोक प्रशासन आदि क्षेत्रों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।




हालांकि पिछले साल की तुलना में कृषि की विकास दर ने 0.8 फीसदी कम हुई है, फिर भी यह 3.6 फीसदी रही है। मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस क्षेत्र में बढ़ोतरी क्रमशः 10.7 और 10 फीसदी दर्ज की गई है। उद्योग क्षेत्र की वृद्धि दर भी 5.2 फीसदी आंकी गई है। जीडीपी गणना की प्रक्रिया और प्रणाली पर प्रख्यात अर्थशास्त्रियों ने लगातार सवाल उठाये हैं। वे इसमें 2.5 फीसदी के फर्जीवाड़े का आकलन करते रहे हैं। हम फिलहाल इस विवाद को यहीं छोड़ते हैं। जीडीपी की विकास दर को स्वीकार करते हुए कुछ जिज्ञासाएं पेश करना चाहते हैं। हम महंगाई, गरीबी, करीब 81.5 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज जैसे मुद्दे भी छोड़ते हैं, क्योंकि एक वर्ग इन मुद्दों को विकास दर में घुसाना आर्थिक निरक्षरता मानता है। बहरहाल सवाल और जिज्ञासा यह है कि जीडीपी के ये आंकड़े देश के शीर्ष उद्यमियों की बढ़ी संपत्तियों की बदौलत हैं अथवा इसमें देश के कामकाजी वर्ग, श्रम-बल, निजी खपत और निवेश के भी आंकड़े शामिल हैं? यदि हमारी अर्थव्यवस्था की विकास दर लगभग यही रही है या 7 फीसदी के करीब रही है, तो देश की प्रति व्यक्ति आय तेजी से क्यों नहीं बढ़ रही है। भारत दुनिया में 144-149वें स्थान तक क्यों रहता है? क्रय-शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर भी प्रति व्यक्ति आय 121-125वें स्थान पर क्यों है? बहरहाल आर्थिक असमानता की यह खाई कब तक भरी जाएगी? अरबपतियों की दौलत तो बढ़ती रहेगी, लेकिन आम आदमी की औसत आमदनी 1 फीसदी भी क्यों नहीं बढ़ पाई है? यदि प्रधानमंत्री मोदी इन सवालों का तार्किक जवाब दे पाएंगे, तो देश भी उनकी बधाई और शुभकामनाओं को स्वीकार करेगा और देश को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सियासी ताकत भी उनको देगा। देश की आर्थिक तरक्की को कल्याण में बदलने के लिए युवाओं को रोजगार प्रदान करना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र में सरकारों के पास इतनी नौकरियां नहीं हैं कि सभी को सरकारी रोजगार दिया जा सके। इसलिए सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी प्रोत्साहन देना होगा, ताकि वह युवाओं को वांछित संख्या में रोजगार दे सके। युवाओं का प्रशिक्षण इस तरह करना होगा, कि वे रोजगार के लिए तैयार हो सकें। आखिर जीडीपी की प्रगति को जमीन पर तभी महसूस किया जायेगा जब बेरोजगारी और गरीबी कम होगी।

## विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.


संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

# तकनीक के दौर में शिक्षक को बदलना होगा



मनोज बाजपेयी



**भविष्य की शिक्षा में स्मार्ट कक्षा हो सकती है, डिजिटल पुस्तकालय हो सकते हैं, एआई सहायक हो सकता है, लेकिन विद्यार्थी के व्यक्तित्व को समझने वाला, उसकी क्षमता को पहचानने वाला और असफलता के समय उसका हाथ थामने वाले गुरु की महती भूमिका हमेशा बनी रहेगी।**

महामारी के संकट के दौरान जब पूरी दुनिया लॉकडाउन के दौर में पहुंच गयी थी, स्कूल, कॉलेज बंद हो गये तब ऑनलाइन क्लॉस और एआई शिक्षक का महत्व अचानक बढ़ गया। करीब-करीब दो साल तक शिक्षा ऐसे ही चली लेकिन जल्द ही यह बात पूरी स्पष्टता से साबित हो गयी कि शिक्षक की जगह कोई मशीन नहीं ले सकती। छात्रों में शिक्षा, संस्कार और सरोकारों का बीजारोपण शिक्षक ही कर सकता है। भारतीय परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य कभी केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं रहा। गुरु-शिष्य परंपरा में ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, आत्मसंयम, सेवा, कर्तव्य और विवेक को महत्व दिया जाता था। महर्षि संदीपनि और श्रीकृष्ण, द्रोणाचार्य और अर्जुन, चाणक्य और चंद्रगुप्त तथा रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद जैसे उदाहरण बताते हैं कि गुरु केवल विषय का ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण करने वाला मार्गदर्शक होता है। कबीर ने गुरु की इसी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा था- 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।' यह सच है कि आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। मोबाइल, इंटरनेट, ऑनलाइन कक्षाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने ज्ञान तक पहुंच को अभूतपूर्व रूप से आसान बना दिया है। कुछ सेकंड में किसी विषय की जानकारी हासिल की जा सकती है।

आज स्वयम (एसडब्लूएवाईएएम) और दीक्षा (डीआईकेएसएचए) जैसे डिजिटल मंचों ने शिक्षा को कक्षा और स्थान की सीमाओं से बाहर निकाला है। अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और अपार (एपीएएआर) जैसी व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। यह तकनीकी परिवर्तन स्वागतयोग्य है, लेकिन इसके बीच हमें एक बुनियादी अंतर समझना होगा- जानकारी और ज्ञान एक ही चीज नहीं हैं। इंटरनेट जानकारी दे सकता है, लेकिन यह नहीं सिखा सकता कि कौन सी जानकारी सही है और कौन सी भ्रामक। कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्तर तैयार कर सकती है, लेकिन यह तय नहीं कर सकती कि विद्यार्थी उस उत्तर का नैतिक और व्यावहारिक उपयोग कैसे करें। कोई डिजिटल प्लेटफॉर्म परीक्षा की तैयारी करा सकता है, लेकिन असफलता के बाद फिर खड़े होने का आत्मविश्वास नहीं दे सकता। मशीन विद्यार्थी की गलती बता सकती है, पर उसके पीछे छिपे डर, संकोच या आत्मविश्वास की कमी को समझने के लिए मानवीय संवेदना चाहिए। यही वह क्षेत्र है जहां शिक्षक की भूमिका तकनीक से ऊपर और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। विडंबना यह है कि शिक्षा का विस्तार जितना हुआ है, सीखने की गुणवत्ता की चुनौती उतनी ही गंभीर बनी हुई है। उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ना अच्छी बात है, लेकिन डिग्री और रोजगार के बीच संबंध कमजोर रहा तो यह उपलब्धि अधूरी रह जाएगी। नई अर्थव्यवस्था को केवल डिग्रीधारी युवा नहीं, बल्कि ऐसे युवा चाहिए जो समस्या का समाधान कर सकें। तकनीक को समझ सकें, संवाद कर सकें, नये कौशल सीख सकें और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें। इसलिए विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता और उद्योग की जरूरतों को शिक्षा से जोड़ना समय की मांग है। तकनीक के दौर में शिक्षक को भी बदलना होगा। यदि शिक्षक डिजिटल साधनों और एआई से दूरी बनाए रखेगा तो वह नई पीढ़ी से संवाद में पीछे रह सकता है। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि एआई शिक्षक का स्थान ले ले। सही रास्ता दोनों के संतुलन में है। सोशल मीडिया की लगातार बढ़ती मौजूदगी, त्वरित सफलता की चाह, उपभोक्तावाद और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने बच्चों और युवाओं के सामने नई मनोवैज्ञानिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे समय में शिक्षा यदि केवल अंक, रैंक और नौकरी तक सीमित रह गई तो समाज को कुशल पेशेवर तो मिल सकते हैं, लेकिन जिम्मेदार नागरिकों की कमी बनी रह सकती है। सत्य, ईमानदारी, अनुशासन, सहिष्णुता, संवेदन शीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी जैसे मूल्य शिक्षा के मूल में होने चाहिए।

**विमर्श**

शिक्षक का आचरण भी विद्यार्थियों के लिए किसी पाठ्यपुस्तक से कम प्रभावशाली नहीं होता। जिस शिक्षक में समय की पाबंदी, अनुशासन, ईमानदारी, संवेदना और सीखने की निरंतर इच्छा होगी, वह बिना किसी अलग नैतिक शिक्षा के भी विद्यार्थियों को बहुत कुछ सिखा देगा। शिक्षा पर पर्याप्त निवेश भी इस परिवर्तन की बुनियादी आवश्यकता है। अच्छे विद्यालय केवल भवन से नहीं बनते। पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, खेल के मैदान, इंटरनेट और डिजिटल उपकरण आवश्यक हैं, लेकिन उनसे अधिक आवश्यक है ऐसा शैक्षिक वातावरण जहां शिक्षक को सम्मान मिले और विद्यार्थी बिना भय के प्रश्न पूछ सके। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन शिक्षा का अंतिम लक्ष्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। विद्यार्थी में जिज्ञासा, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्याओं के तार्किक समाधान की क्षमता विकसित करना अधिक महत्वपूर्ण है। यहां गुरु की भूमिका निर्णायक है। तकनीक विद्यार्थी को दुनिया से जोड़ सकती है, लेकिन शिक्षक उसे अपने समाज और जिम्मेदारियों से जोड़ता है। तकनीक उसे सूचना दे सकती है, लेकिन गुरु उस सूचना को ज्ञान और ज्ञान को जीवन-दृष्टि में बदलने में सहायता करता है। आजादी के बाद भारत ने शिक्षा की पहुंच और विस्तार में असाधारण प्रगति की है। अब अगली मंजिल अधिक विद्यालय या अधिक डिग्रियां भर नहीं, बल्कि बेहतर सीखने, बेहतर कौशल और बेहतर चरित्र का निर्माण है। भारत को ऐसी शिक्षा चाहिए जो प्रयोगशाला में वैज्ञानिक, खेत में तकनीक समझने वाला किसान, उद्योग में कुशल युवा, समाज में संवेदनशील नागरिक और राष्ट्र के लिए जिम्मेदार मनुष्य तैयार करे।

इसलिए तकनीक का स्वागत पूरी शक्ति से होना चाहिए, लेकिन शिक्षक की भूमिका को उसके सामने छोटा करके नहीं। भविष्य की शिक्षा में स्मार्ट कक्षा हो सकती है, डिजिटल पुस्तकालय हो सकता है, एआई सहायक हो सकता है, लेकिन विद्यार्थी के व्यक्तित्व को समझने वाला, उसकी क्षमता को पहचानने वाला और असफलता के समय उसका हाथ थामने वाला गुरु फिर भी आवश्यक रहेगा। तकनीक उत्तर खोज सकती है, गुरु सही प्रश्न करना सिखाता है। तकनीक ज्ञान तक पहुंच बना सकती है, गुरु उस ज्ञान को विवेक में बदलता है। इसलिए शिक्षा का भविष्य तकनीक और गुरु में किसी एक को चुनने में नहीं, बल्कि दोनों के सार्थक समन्वय में है। तकनीक बदलती रहेगी, साधन बदलते रहेंगे, लेकिन मनुष्य निर्माण में गुरु की भूमिका कभी पुरानी नहीं होगी।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

जनपद चित्रकट में आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण एवं घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया और साथ ही बाढ़ प्रभावित 800 परिवारों को राहत राशि का भी विकरित की। सीएम योगी.



नासिक महाराष्ट्र में आदिवासी छात्र और छात्राओं के एक प्रति-निधिमंडल से भेंट की, जिसमें अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर रहे छात्र भी शामिल थे। राहुल गांधी.



प्रदेश भर में अनगिनत स्थानों पर आयोजित 'पाठशाला पुकारे' की सफलता ने दिखा दिया है कि शिक्षा का मुद्दा का गांव गांव तक पहुंचा है, पीडीए पढ़ेगा भी और बढ़ेगा भी। अखिलेश यादव.



# उपासना की विधि

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशाना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

**अंतर्दृष्टि**

# सियासत में वायदों की फसल...

**व्यंग्यलोक**

चारों ओर विकास की सुगंधयुक्त बयार बह रही है। लगता ही नहीं, यह हमारा पुराना भारत है। खुदरा में एफडीआई आने के बाद से तो लगने लगा है हम अमेरिका में बैठे हैं। भ्रष्टाचार की बयार थमती नजर आ रही है। बल्कि इसे रोकने के लिए लोकपाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राइट टू इन्फोरमेशन के बाद राइट टू रिकॉल की कवायद तेज हो गई है। न अब अन्ना या केजरीवाल की जरूरत और न ऐसी किसी मुहिम की बल्कि लगने लगा है तमाम पुराने पापी नेताओं की आत्मा निर्मल हो गई है। देश को ऊपर उठाने के वचन दिये जा रहे हैं। इतना ऊपर की कोई छू भी नहीं पाये। वादे और आश्वासनों का लंबा सिलसिला चल रहा है। उपलब्धियां गिन-गिन कर बताई जा रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी की कोई कुछ भी बोले, कोई पाबन्दी नहीं। मानवाधिकारों की पैरवी बड़े जोरों से हो रही है। हो सकता है इसके चलते किसी को फांसी भी न दी जाये आगे से। फांसी न्यायालय ने दे भी तो उसे माफ करने की पहल होगी। मैं तो खुद असमंजस में हूँ कि यकायक यह परिवर्तन हुआ क्यों जा रहा है। सीबीआई पर कोई राजनीतिक दबाव से इंकार किया जा रहा है। वह अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। बाहर या भीतर से समर्थन नहीं मांगा जा रहा, लेकिन अपने आप समर्थन दिया जा रहा है। यह सरकार है या अलादीन का चिराग। नकद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है।



रामविलास जॉगिड़

वायदों की फसल लहलहा रही है। लोकतंत्र है या रामराज्य, मैं भेद नहीं कर पा रहा हूँ। इतना और एक साथ - ढेर सारा विकास बिना मांगे परोसा जा रहा है। वोटर को सुविधाओं की झड़ी लगी हुई है। सारे राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों को झाड़-पोंछ रहे हैं। आखिर यह सब क्यूं ओर किसलिए? शायद चुनाव आ रहे हैं। नहीं, हमारे नेता ऐसे अवसरवादी तो नहीं? मन में फिर वही सवाल आखिर क्यूं? मन का ही जवाब-चुनाव तो होंगे ही। यह सत्य है। इसमें छलावा कैसा? चलो चुनाव के बहाने ही सही विकास हो तो रहा है और हमें चाहिए भी क्या? महंगाई का रोना पिछड़े जमाने की बात है। वह अभी नहीं- फिर कभी, अभी केवल विकास की गंगा बहानी है और तब तक बहानी है जब तक कुछ भी बचा रहेगा। आखिर जनता विकास की गंगा चाहती है, सो मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचाने के बजाय सीधे विकास की गंगा बहा देनी है ताकि पानी की जरूरत ही न रह जाये।

# संयुक्त परिवारों के टूटने से संस्कारों से वंचित हुए बच्चे



**समाज**

मधु सिंह

एक समय ऐसा था जब एक ही परिवार में लोग संयुक्त रूप से रहते थे और जीवन में आने वाले अच्छे और बुरे दिन मिलकर साथ बिता लेते थे। यह वह दौर था जब परिवार में जब कोई बच्चा जन्म लेता था तो बच्चे को जन्म देने वाली मां चूंकि एक संयुक्त परिवार में रहने वाली होती थी, ऐसे में उसे प्रेग्नेसी के पूरे समय हर तरह से पूरे परिवार का सहयोग मिलता था, जिसके कारण उसकी गर्भावस्था का समय आराम से गुजर जाता था। जन्म देने के बाद बच्चा माता-पिता से ज्यादा दादा-दादी, चाचा-चाची और बुआ की गोद में खेलकर कब बड़ा हो जाता था, पता ही नहीं चलता था। संयुक्त परिवार में सभी एक साथ रहते ही नहीं थे बल्कि उनमें आपसी प्रेम, सहयोग, संस्कार, सुरक्षा और अपनापन भी होता था। उस परिवार में बच्चे माता-पिता से ही नहीं बल्कि परिवार के बड़े सदस्यों से भी जीवन के मूल्य सीखते थे।

यदि वे कोई गलती करते थे, तो उन्हें घर के बड़े बुजुर्ग ही सिखाते थे कि उन्हें कैसे इन गलतियों को करने से बचना है। घर में बड़ों का सम्मान करना, धैर्य रखना और एक दूसरे की मदद करना भी स्वाभाविक रूप से अपने घर से ही सीखते थे। अब स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। छोटे परिवार होने से बच्चों का रिश्तों का दायरा भी सीमित हो जाता है। पहले जिस घर में दादा-दादी, चाचा और ताऊ उनके मार्गदर्शक होते थे, वे सब अब धीरे-धीरे उनसे दूर होने लगते हैं। रिश्तों में पहले जहां हर खुशी और हर दुख मिलकर बांटा जाता था, वे रिश्ते अब केवल त्योहारों और शादियों तक ही सीमित हो गये हैं। क्योंकि जब लोग एक दूसरे के साथ नहीं रहते तो उनसे शारीरिक ही नहीं, संवाद कम होने से मानसिक दूरी भी हो जाती है और भावनात्मक जुड़ाव भी कम हो जाता है। पहले बच्चे अपने चाचा-ताऊ के बच्चों के साथ खेला करते थे और इससे उनमें एक दूसरे से ज्यादा जुड़े रहने का एहसास होता है। आज बच्चे अपने चचेरे भाई, बहनों के बिना न्यूक्लियर फैमिली में अकेले रहते हैं और उनका ज्यादातर समय मोबाइल, टीवी या वीडियो गेम में बीतता है। रिश्तों के नाम पर अब उनके फ्रेंड सर्कल के लोग ही होते हैं। उनके इस फ्रेंड सर्कल में अलग-अलग घरों के अलग संस्कारों वाले बच्चे होते हैं, जिससे उनके सामाजिक व्यवहार में भी भिन्नता होती है। अलग-अलग घर के, अलग-अलग माहौल के बच्चों के बीच रहने में उनमें अच्छे और बुरे की पहचान विकसित नहीं हो पाती। पहले जहां संयुक्त परिवार में धार्मिक, संस्कार और रीति-रिवाज और पारिवारिक परंपराएं बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों पर जोर देते थे, अब परिवार के सदस्यों की गैर मौजूदगी में वे परिवार की परंपराओं और मान्यताओं से भी अपने को अलग कर रहे हैं। परिवारों के बिखरने से संस्कृति, रीति-रिवाज और पारिवारिक पहचान भी धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है। आजकल बढ़ते अपराध भी इस ओर इशारा करते हैं कि कैसे हमारे पारिवारिक मूल्य लगातार क्षीण हो रहे हैं। दरअसल समस्या संयुक्त परिवार के टूटने की नहीं बल्कि रिश्तों में आपसी दूरियां होने से पैदा हो रही हैं। आज के समय में कॅरियर, शिक्षा और जीवन की परिस्थितियों के कारण परिवार के सदस्यों का अलग-अलग रहना एक मजबूरी है। लेकिन इस मजबूरी की आड़ में माता-पिता अकसर अपनी व्यस्तताओं का रोना रोकर अपने नजदीकी रिश्तेदारों से भी दूरी बना लेते हैं, जिसके कारण बच्चों में संस्कारहीनता आना स्वाभाविक है। क्योंकि एकल परिवार में बच्चे माता-पिता की अनदेखी के कारण बाहरी लोगों से काफी प्रभावित रहते हैं। उनको अच्छे और बुरे की पहचान करने वाले घर के बड़े सदस्यों का साथ नहीं मिलता। इसलिए समस्या परिवार में अलग रहने में नहीं बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी है।

यदि हम अलग रहते हुए भी परिवार के सदस्यों के साथ नियमित संवाद बनाकर रखें, उनके साथ मिलकर त्योहार मनाएं, साथ-साथ घूमने जाएं, बच्चों को परिवार से जोड़कर रखें, तो बच्चों में बढ़ती संस्कारहीनता को काफी हद तक खत्म कर सकते हैं। अपने बच्चों को परिवार के सदस्यों के साथ मिलने-जुलने दें। उन्हें दादा-दादी और दूसरे रिश्तेदारों के साथ समय बिताने दें। अपने घर परिवार के रीति-रिवाजों और परंपराओं का बच्चों को सम्मान करना सिखाएं और अगर आपसी मतभेद हो तो बड़ों को चाहिए कि वे बैठकर उन मतभेदों को सुलझाएं। बच्चों को इनसे दूर रखें।

## आप की बात

### सड़कों में बढ़ते गड्ढे

वर्षा ऋतु सड़कों के लिए काल बन जाती है। वर्षा से सड़कें खराब होती हैं और बाद में इनसे दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। बीते दिनों हुई लगातार हुई दो सप्ताह की बारिश से सड़कें जर्जर हो गयी हैं। यही हाल हर बरसात के बाद होता है। सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों। सड़कों के निर्माण में यह ध्यान रखने की जरूरत है कि उन पर कितना ट्रैफिक है, कितना लोड रहता है, उसी हिसाब से मजबूत सड़क बनाना चाहिए।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

### सामाजिक बदलाव

सरकारी योजनाएं सामाजिक, आर्थिक बदलाव का माध्यम बन जाती हैं अगर उनको ईमानदारी से सफलतापूर्वक लागू किया जाये। उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वि‍त हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था।

**आकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के पिंडारन गांव में शनिवार देर रात युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में दुख छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिंडारण गांव के रहने वाले भूपेंद्र (25) पुत्र जगदीश ने शनिवार रातघर के बरामदे में पेंट करने वाले पट्टे से फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे देखा तो जल्दी से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता जगदीश ने बताया कि भूपेंद्र रात करीब 12 बजे बरामदे में गया था। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने देखा तो वह पट्टे के सहारे फंदे पर लटका हुआ मिला। इसके बाद परिवार के लोग सदमे में आ गए। भूपेंद्र चार भाई-बहनों में इकलौता बेटा था। उसकी तीन बहनें हैं। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वह परिवार की आर्थिक मदद के लिए हैदराबाद काम करने जाता था। बताया गया कि मार्च में फसल की कटाई के समय वह हैदराबाद से वापस गांव आया था। तब से वह गांव में ही रह रहा था। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी साफ नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह और साफ हो पाएगी।

## मेडिकल कॉलेज में बनेगा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की पहल पर प्रदेश के चार मंडलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) की स्थापना की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। प्रथम फेज में अयोध्या में केंद्र के भवन निर्माण का प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया था। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने केंद्र के निर्माण के लिए दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में भूमि चिह्नित की है। लगभग 3 करोड़ रुपये से केंद्र का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार दिव्यांगजन के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। अयोध्या में इस केंद्र के निर्माण से स्थानीय दिव्यांजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और वे मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। विभाग के निदेशक ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में मण्डल मुख्यालय पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के लिए भूमि की आवश्यकता जताई थी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चंद्रेश त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चिह्नित कर पत्र हमारे विभाग को भेजा गया है। इस केंद्र में मुख्य रूप से दिव्यांगजन का सर्वेक्षण व पहचान, दिव्यांगता की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता, प्रारंभिक पहचान एवं हस्तक्षेप, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों की उपलब्धता, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑडियोलॉजी, काउंसलिंग जैसी पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही शिक्षकों, समुदाय एवं अभिभावकों के लिए अभिमुखीकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। केंद्र के सुचारु संचालन के लिए कार्यालय कक्ष, सामान्य कक्ष, कार्यशाला, ऑडियोलॉजी एवं स्पीच थेरेपी कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष, काउंसलिंग कक्ष तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं सहित भवन निर्माण किया जाएगा।

## निषाद राज जयंती को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**अयोध्या।** महाराजा निषाद राज जयंती समारोह को लेकर शहर के सिविल लाइन स्थित एक होटल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निषाद समाज की यह जयंती हर वर्ष 5 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाती है, उसी की तैयारियों को लेकर इस बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता निषाद समाज के जिलाध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने की। बैठक में समाज के आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए सामाजिक एकता सबसे जरूरी है। इसके साथ ही शिक्षा, रोजगार और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

जिलाध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने बताया कि 14वीं भगवान महाराजा निषाद राज जयंती समारोह को इस बार और भी भव्य रूप में मनाने की योजना है। इसके लिए जल्द ही आगामी बैठक की तिथि घोषित की जाएगी।

# कोडीन सीरप मामले के आरोपी के मेडिकल स्टोरों पर छापा

जिला संवाददाता



**बांदा।** बिसंडा क्षेत्र में 30 हजार एमएल कोडीनयुक्त कफ सिरप पकड़े जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। आरोपियों के मेडिकल स्टोरों पर औषधि निरीक्षक ने छापा मारा। अतर्रा में दो मेडिकल एजेंसियों की जांच के दौरान पांच दवाओं के नमूने लिए गए। दोनों दुकानों के रिकॉर्ड भी चेक किए गए हैं।

रविवार को छापेमारी में किसी भी मेडिकल स्टोर से कोडीनयुक्त सिरप नहीं मिला। मुख्य आरोपी प्रियांशु गुप्ता को औषधि विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। औषधि निरीक्षक दिव्यप्रकाश मौर्य ने अतर्रा में श्रीराम

**पांच दवाओं के नमूने, मुख्य आरोपी को नोटिस**

मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा। यह दुकान गिरफ्तार आरोपी रोहित पांडेय के पिता कल्लूराम पांडेय के नाम पर है। टीम ने यहां से दो एंटीबायोटिक दवाओं के नमूने जांच के लिए लिए। इसके बाद मुख्य आरोपी प्रियांशु गुप्ता की श्याम मेडिकल एजेंसी की भी जांच की गई। यहां से भी दो एंटीबायोटिक दवाओं के नमूने लिए गए। जांच के दौरान एक और दवा का नमूना भी लिया गया। औषधि निरीक्षक ने दोनों मेडिकल एजेंसियों के दवा खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड की जांच की। मुख्य आरोपी प्रियांशु गुप्ता पर कोडीनयुक्त कफ सीरप के कारोबार से जुड़े होने की आशंका है।

इसलिए उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अधिकारी ने बताया कि तय समय में जवाब न देने पर लाइसेंस रद्द करने की आख्या बड़े अधिकारियों को भेजी जाएगी। इस जांच के दौरान अतर्रा के एक निजी डॉक्टर की कार भी आरोपियों के पास से बरामद हुई है। डॉक्टर के मुताबिक, बुधवार रात करीब नौ बजे आरोपी रोहित पांडेय उनके पास आया था।

उसने बताया था कि घर में किसी की तबीयत खराब है। डॉक्टर ने रोहित से उसकी कार के बारे में पूछा तो उसने बताया कि जहां कार खड़ी होती है, वहां बारिश का पानी भर गया है और कार बाहर नहीं निकल पा रही है।

इसके बाद उसने डॉक्टर से कार मांगी थी। पुलिस अब इस पूरे मामले में कार के इस्तेमाल और आरोपियों से डॉक्टर के संबंधों की भी जांच कर रही है।

# शिवेश कुमार शुक्ला को दी गयी भावभीनी विदाई



**बहराइच(बाबागंज)।** बाबागंज चौकी प्रभारी शिवेश कुमार शुक्ला के स्थानांतरण पर रविवार को चौकी परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। स्थानांतरण के बाद उन्हें पुलिस लाइन बहराइच भेजा गया है। विदाई समारोह में क्षेत्र के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, समाजसेवियों और

**पत्रकारों व गणमान्य लोगों ने पुष्पमाला पहनाकर किया सम्मान, कार्यशैली की सराहना**

गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी विदाई दी।समारोह में वक्ताओं ने शिवेश कुमार शुक्ला के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यवहार और निष्पक्ष कार्यशैली को याद किया। लोगों ने कहा कि उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने का प्रयास किया।पत्रकारों के नेतृत्व में साथियों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान माहौल भावुक हो गया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारियों में सफलता की कामना की।

विदाई समारोह में शिवेश कुमार शुक्ला ने कहा कि बाबागंज में कार्य करने के दौरान क्षेत्रवासियों, पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और पुलिसकर्मियों से जो स्नेह व सहयोग मिला, उसे वह हमेशा याद रखेंगे। बाबागंज में बिताया गया समय उनके जीवन की अविस्मरणीय स्मृतियों में शामिल रहेगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने शिवेश कुमार शुक्ला को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दि ओक पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**फतेहपुर।** फतेहपुर दि ओक पब्लिक स्कूल में 5 सितंबर 2026 को शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं असाउ के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण परिश्रम और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं मनोरंजक मतिविधियाँ प्रस्तुत की विद्यार्थियों ने गीतए नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त कींए जिससे विद्यालय का वातावरण अत्सवमय हो गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके अथक प्रयासों और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देतेए बल्कि उनके व्यक्तित्वए संस्कार और भविष्य की नींव भी मजबूत करते हैं।समारोह में विद्यालय के सभी जिक्षक एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल तुप्रा कार्यक्रम के गुरु.शिष्य के सम्मानए स्नेह और विश्वास के संबंध को और अधिक प्रमाढ़ किया।

## हनुमानधाम आश्रम की भूमि पर कब्जे व लूट की शिकायत, आयुक्त ने दिए जांच के आदेश

**बांदा।** संत आशीर्वाददास ने मंडलायुक्त को दिए पत्र में चित्रकूट स्थित हनुमानधाम आश्रम की भूमि पर अवैध कब्जा करने, आश्रम के कीमती सामान को नुकसान पहुंचाने और लूटने के आरोप लगाए हैं। मामले में जांच कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, आश्रम से जुड़े व्यक्ति हरिप्रकाश मिश्रा, उसकी पत्नी ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने स्वयं को आश्रम से संबंधित बताकर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आश्रम की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया। आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि आश्रम में जबरन प्रवेश कर ताले तोड़े गए और कीमती सामान को नुकसान पहुंचाया गया। पत्र में आश्रम की संपत्ति को सुरक्षित कराने, कथित कब्जाधारकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। मंडलायुक्त कार्यालय की ओर से जिलाधिकारी चित्रकूट को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने और यदि मौके पर अवैध कब्जा पाया जाए तो नियमानुसार उसे हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## मानक विहीन संचालन पर हॉस्पिटल सीज

**बांदा।** बबेरू कस्बे के बांदा रोड स्थित एस हॉस्पिटल पर बीते दिवस स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए सील कर दिया। अस्पताल मानकों के अनुरूप संचालित नहीं पाया गया, जिसके बाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सीएचसी अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। अपर सीएमओ डॉ. विजय केशरवानी और बबेरू सीएचसी अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश सिंह पुलिस बल के साथ एस हॉस्पिटल पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के भीतर चार मरीज भर्ती मिले, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में शिफ्ट कराया गया। अधिकारियों ने अस्पताल के सभी दस्तावेजों को कब्जे में लेकर उनकी जांच की। निरीक्षण के समय अस्पताल के अंदर डॉ. पीयूष जायसवाल और गंगासागर मौजूद मिले। इसके बाद सभी को बाहर निकालकर पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया गया। अपर सीएमओ डॉ. विजय केशरवानी ने बताया कि एस हॉस्पिटल निर्धारित मानकों की अनदेखी कर संचालित किया जा रहा था। जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। ज्ञातव्य है कि इसी अस्पताल पर पिछले आठ अगस्त को भी तहसीलदार, अपर सीएमओ और सीएचसी अधीक्षक ने छापा मारा था। उस दौरान अस्पताल में एक महिला की डीएनसी प्रक्रिया की जा रही थी, जिस पर अधिकारियों द्वारा कागजी कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के संबंध में अस्पताल के संचालक बुद्धराज सिंह व डॉ. पीयूष जायसवाल का कहना है कि उनके अस्पताल का रजिस्ट्रेशन है, और इसे पूरी तरह मानकों के अनुरूप ही चलाया जा रहा था, लेकिन अधिकारी अचानक आए और अस्पताल को सील करके चले गए हैं।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरूक पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वनिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में पंपलेट बांटकर जागरूक किया।

## वन विभाग के पिंजरे में तेंदुआ हुआ कैद

**बहराइच।** जिले में नानपारा रेंज अंतर्गत शिवपुर विकास खंड के ग्राम नेवादा पूरे कस्वाती में आबादी क्षेत्र के आसपास विचरण कर रही एक मादा तेंदुआ रविवार को वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गई।वन क्षेत्राधिकारी नानपारा पीयूष गुप्ता ने बताया कि पिछले कई दिनों से ग्राम नेवादा पूरे कस्वाती और आसपास के क्षेत्रों में तेंदुआ दिखाई देने की सूचनाएं मिल रही थीं। सूचना का गंभीरता से लेते हुए नानपारा रेंज की वन विभाग टीम ने क्षेत्र में सघन गश्त शुरू की और ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया।

## पटाखों में आग लगाने से चार बच्चे घायल

**फतेहपुर।** जिले में रविवार को बच्चों ने खेल-खेल में पटाखा एकत्र कर आग लगा दी जिससे हुए विस्फोट से चार बच्चे घायल हो गए।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव जन्माष्टमी को लेकर खुशी का माहौल चल रहा था, कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच उन्हें कुछ जले हुए पटाखे मिल गए। इसके बाद बच्चों ने उन पटाखों को एकत्र किया और उसमें आग लगा दी।

# नशे से दूर रहें युवा, खेलों से करें जुड़ावः डीएम



**बांदा।** मिनी ओलंपिक प्रथम चरण का समापन जिलाधिकारी की उपस्थिति में हुआ। स्पोर्ट्स स्टेडियम के इंडोर हाल में देर शाम तक चले समारोह में विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी अमित आसेरी ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन में

**मिनी ओलंपिक का समापन**

बड़ी संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक और खेलप्रेमी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को नशे जैसे दुर्व्यसनों से दूर रहकर खेल मैदान से जुड़ना चाहिए।

समापन समारोह का रोमांच कबड्डी के फाइनल मुकाबले में चरम पर पहुंच गया। जेएन योद्धा और जेएन कॉलेज के बीच हुए जोरदार मुकाबले में जेएन योद्धा ने जेएन कॉलेज को 40-26 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। रस्साकसी के महिला और पुरुष वर्ग के मुकाबले भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। ओलंपिक का शुभंकर पांडा अपने साथी भालू दादा के साथ इंडोर हाल में प्रवेश कर उत्साह का संचार किया।

जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आदर्श राय के नेतृत्व में विजेता वालीबाल सीनियर पुरुष वर्ग की बांदा स्टेडियम टीम के खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी तरह अन्य खेलों के विजेता सम्मानित हुए। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, सिटी मजिस्ट्रेट दिनेशचंद्र सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 107 मोबाइल बरामद, मोबाइल स्वामियों को सौंपा



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष विक्रम सिंह के पर्यवेक्षण तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सर्विलांस टीम द्वारा विभिन्न कम्पनियों के कुल 107 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹ 26,12,830 (छब्बीस लाख बारह हजार आठ सौ तीस) है, बरामद किये गये । उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपदीय पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा कुल 107 खोये हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री तनिष्क आर जामकर(बहर) व अन्य पुलिस अधिकारी कमचारी उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा जनपद में खोये हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु सर्विलांस टीम एवं समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों के नेतृत्व में टीमों का गठन कर अभियान चलाया गया। जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा सभी थानों से समन्वय स्थापित कर भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की गई। इस क्रम में जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न कम्पनियों जिनमें एप्पल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, टेक्नो, रेडमी, वन प्लस आदि कंपनियों के गुमशुदा 107 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किये गये, जिन्हें आज दिनांक 06-09-2026 को पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। अपने खोये हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर मोबाइल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक बहराइच एवं जनपदीय पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे अपने मोबाइल फोन में ह्वासंचार साथी एप को प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर लें, जिससे भविष्य में मोबाइल खो जाने की स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त होती रहें। मोबाइल खोने की स्थिति में मोबाइल की बिल/आईएमईआई, आधार कार्ड एवं पहचान पत्र के साथ अपने स्थानीय थाने पर उपस्थित होकर सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। मोबाइल मिलने की स्थिति में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होती रहेगी। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा खोये हुए मोबाइलों की बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सर्विलांस टीम को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा भी की गई।

# अस्मिता खेलो इंडिया सॉफ्ट टेनिस लीग का सफल आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**बहराइच।** जनपद में पहली बार आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया सॉफ्ट टेनिस लीग का सफल आयोजन खस्र टेनिस अकादमी, स्टेशन क्लब, बहराइच में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जूनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्राची मिश्रा ने नेहा कश्यप को 3-1 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सेमीफाइनल के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में प्राची मिश्रा ने आरुषि मिश्रा को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।सब-जूनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में आकर्षी ने शिवानी को 3-1 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।वहीं सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में गरिमा सिंह ने मनीषा को कड़े संघर्ष के बाद 3-2 से पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रणव मिश्रा, जूनियर एशियन चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता, रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और बड़े मंच तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती हैं।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्री शनिष मणी मिश्रा लक्ष्मण अवार्डी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव श्री प्रशांत शर्मा, श्री इसरार, श्री राजीव शर्मा, श्री संजय मिश्रा सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।प्रतियोगिता का सफल आयोजन आदित्य मिश्रा, सचिव, बहराइच सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने और बहराइच में सॉफ्ट टेनिस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित किया जाएगा।

## लोक अदालत का आयोजन 12 को

रायबरेली जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय रायबरेली, परिवार न्यायालय रायबरेली, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायबरेली व सभी तहसील मुख्यालयों में 12 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर सरल निस्तारण कराना है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरुक करने हेतु पराविधिक स्वयं सेवकगण द्वारा पैम्फलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र कन्देला गांव में रामलगन मौर्या हत्याकांड में पुलिस ने एक और वांछित आरोपी इन्द्रभान सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी राजमणि सिंह उर्फ राज सिंह उर्फ भोलू समेत पांच आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। 25 अगस्त की शाम करीब छह बजे थाना पूराकलंदर क्षेत्र के ग्राम कन्देला में पुरानी जमीन और रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान रामलगन मौर्य और उनकी मां पार्वती देवी पर गोली और बम से हमला किया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल रामलगन मौर्य को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था, जबकि उनकी मां पार्वती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। घटना के संबंध में थाना पूराकलंदर में हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# बाइक सवार का टूटा हाथ, पीडब्ल्यूडी विभाग को बड़ी दुर्घटना का इंतजार



मिल्कीपुर-अयोध्या। अमानीगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत बहादुरगंज-अमानीगंज संपर्क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सड़क पर सैकड़ों बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। मगर जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। रविवार सुबह एक बार फिर यही हकीकत सामने आई जब महमदपुर गांव निवासी अंबिका प्रसाद द्विवेदी अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक सड़क में हुए गड्ढे में गिर गई। काफी कोशिशों के बाद भी उठ ना सके। घटना के बाद आसपास के लोग दौड़े और उन्हें उठाकर सड़क के किनारे बिठाया। लोगों ने देखा कि कीचड़ से भीगे अंबिका प्रसाद के बाएं हाथ की हड्डी टूट कर बाहर निकल गई है और हाथ से खून निकल रहा था। स्थानीय निवासी ताज मोहम्मद व धर्मराज ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आपको बता दें कि खंडासा-अमानीगंज संपर्क मार्ग पर प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आए दिन बैटरी रिक्शा पलटने से यात्री घायल होते रहते हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की नींद नहीं टूट रही। पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मानो किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हों हाल ही में खंडासा निवासी एडवोकेट सूरज कौशल द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग के जूनियर इंजीनियर प्रशांत मणि त्रिपाठी को फोन न उठाने पर व्हाट्सएप के माध्यम से सड़क में हुए गड्ढों और इनकी बदहाली की जानकारी दी गई थी। परन्तु उन्होंने अनदेखा कर दिया और कोई रिप्लाई करना मुनासिब नहीं समझा, जिसका नतीजा अंबिका प्रसाद द्विवेदी के साथ हुए दुर्घटना के रूप में सामने आया। क्षेत्र के निवासी विगत कई वर्षों से इस आस में हैं कि कब इस सड़क का स्थायी निर्माण होगा। विडंबना यह है कि इसी मार्ग से जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी आवागमन करते हैं, ताज्जुब की बात है कि उन्हें इतने बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई नहीं देते। वहीं विद्यालय आने जाने वाले स्कूली बच्चों को रोज इन्हीं गड्ढों से गुजरना पड़ता है। कीचड़ भरे रास्ते में गुजरने से उनकी ड्रेस खराब हो जाती है। साथ ही खंडासा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण 24 घंटे एंबुलेंस का आवागमन भी इसी रास्ते होता है। गड्ढों के कारण मरीजों को अधिक तकलीफ झेलनी पड़ती है। अस्पताल पहुंचते पहुंचते मरीज और बेहाल हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विगत कई वर्षों से उक्त सड़क की स्थिति दयनीय बनी हुई है, बार-बार शिकायत के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। लोग अब पीडब्ल्यूडी विभाग, शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गड्ढा मुक्त अभियान को सिर्फ प्रचार तक सीमित न रखकर इस मार्ग के नवीनीकरण अथवा मरम्मत की मांग कर रहे हैं।

## संक्षेप

### एसरी इंडिया ने लॉन्च किया जियोसरल

नई दिल्ली। एसरी इंडिया ने जियोसरल नाम से एक लाइनक्स आधारित डेस्कटॉप जीआईएस सॉफ्टवेयर लांच करने की आज घोषणा की पिछले कई वर्षों में टेक्नोलॉजी, प्रतिभा एवं नवप्रवर्तन में सतत निवेश के साथ एसरी इंडिया स्थानीयकरण पर विशेष ध्यान देती रही है। इसका उद्देश्य भारत में जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज को तेजी से अंगीकार करने से उपजी जरूरतें पूरी कर सकें। जियोसरल एसरी इंडिया टीम द्वारा इससे सतत ध्यान और प्रयासों का परिणाम है। जीआईएस यूजर्स उन्नत विश्लेषण, 3डी, नेटवर्क विश्लेषण और जटिल मानचित्रण के लिए एआरसीजीआईएस का उपयोग करते हैं।

### स्मिथ एंड जोन्स का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। 'स्मिथ एंड जोन्स' ने अपने पास्ता मसाला के लिए एक नया कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें मशहूर अभिनेत्री रसिका दुगल नजर आ रही हैं। रोजमर्रा के स्कूल टिफिन से जुड़ा यह अभियान, एक ऐसा लंच बॉक्स तैयार करने की खुशी को दर्शाता है जिसका बच्चे बेसब्री से इंतजार करते हैं और जिसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करना पसंद करते हैं। हर मां स्कूल का दिन खत्म होने पर एक ही उम्मीद करती है कि बच्चे का टिफिन खाली वापस आए। 'स्मिथ एंड जोन्स' में हमारा उद्देश्य है कि हम बच्चों के लिए बेहद स्वादिष्ट पास्ता पेश करके माताओं के इस काम को थोड़ा आसान बना सकें, जिसे बच्चे सचमुच पसंद करें।

### बाल विवाह के खिलाफ भारत की मुहिम को वैश्विक मान्यता

लखनऊ। बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत से उठी आवाज को वैश्विक मान्यता मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। भारत के लिए इस तारीख का विशेष महत्व है, क्योंकि 27 नवंबर 2024 को ही भारत सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। बाल विवाह के खात्मे के लिए एक अलग समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने की पहल की थी। मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में कई वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में एक बार फिर बाल विवाह के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने के लिए प्रस्ताव लाने की बात कही। तब अफ्रीकी देश सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी डॉ. फातिमा मादा बायो भी मौजूद थीं, जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया।

### टेक्नो स्पार्क गो 3 प्रो लॉन्च

नई दिल्ली। टेक्नो ने आज भारत में स्पार्क गो 3 प्रो स्मार्टफोन की उपलब्धता की घोषणा की। फोन में रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए टिकाऊपन के साथ मनोरंजन से जुड़ी कई सुविधाएं दी गई हैं। स्पार्क गो 3 प्रो भारत में प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर 15,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। स्पार्क गो 3 प्रो में आईपी69 वॉटर और डस्ट प्रोटेक्शन दिया गया है, जो अलग-अलग परिस्थितियों में फोन के इस्तेमाल के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। यात्रा के दौरान अचानक बारिश, बाहर धूल भरा माहौल या काम के लंबे घंटे हों, फोन को रोजमर्रा के ऐसे इस्तेमाल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### राजकुमार विश्वकर्मा का हुआ सम्मान

लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर डा. राजकुमार विश्वकर्मा को आरटीआई एक्टिविस्ट सिद्धार्थ नारायण ने सम्मानित। सिद्धार्थ ने बताया कि डा. विश्वकर्मा ने हाशिये पर खड़े गरीब से गरीब व्यक्ति को न्याय दिलवाया गया है। यह अत्यन्त सराहनीय कार्य है। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त डा. विश्वकर्मा की जीवन शैली अत्यन्त प्रेरणादायक है। सिद्धार्थ सूचना अधिकार क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

### लिवाइस का नया कैंपेन 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' चैप्टर 2 लॉन्च

नई दिल्ली। लिवाइस ब्रांड भारत में अपने वैश्विक कैंपेन बिहाइंड एवरी ओरिजिनल का चैप्टर 2 मैनी वेज, वन ओरिजिनल के साथ आगे बढ़ा रहा है। पहले चैप्टर की नींव पर आगे बढ़ते हुए, यह नया कैंपेन उन तमाम पलों, पहचानों और नजरियों का उत्सव मनाता है जो मिलकर तय करते हैं कि हम कौन हैं, और उन विभिन्न पहलुओं को अभिव्यक्त करने के हमारे तमाम तरीकों का भी। 150 से भी अधिक वर्षों से, लिवाइस लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने की यात्रा का हिस्सा रहा है। संगीत और फैशन से लेकर कला और रोजमर्रा की ज़िंदगी तक, यह ब्रांड व्यक्तित्व के लिए एक कैनवास बना रहा है।

# यूरोप को डीजल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बना भारत




नयी दिल्ली। रूस से डीजल की आपूर्ति में भारी गिरावट और अमेरिका से यूरोप जाने वाली ईंधन की खेप में कमी के बीच यूरोप के लिए भारत डीजल के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उभरा है। ऊर्जा और माल ढुलाई क्षेत्र के तत्काल आधार पर आंकड़े उपलब्ध कराने वाली कंपनी वॉर्टेक्सा के अनुसार, अगस्त में बाब-अल-मंदेब से यूरोप की ओर जाने वाले डीजल में करीब 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की रही। आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में करीब दो लाख बैरल प्रतिदिन डीजल बाब-अल-मंदेब से होकर यूरोप भेजा गया। यह मात्रा एक साल पहले के स्तर के करीब है, जबकि मार्च और अप्रैल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से डीजल की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी। भारत की रिफाइनरी इकाइयां अब यूरोप की डीजल आपूर्ति में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेलशोधन (रिफाइनिंग) करने वाला देश है। उसकी स्थापित शोधन क्षमता 25.81 करोड़ टन सालाना है, जो घरेलू ईंधन मांग से अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 6.15 करोड़ टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया था और वह दुनिया के प्रमुख शोधित पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यातकों में शामिल है। भारतीय ईंधन की मांग अब यूरोप के साथ-साथ रूस में भी बढ़ रही है। हालांकि, भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती कच्चे तेल की उपलब्धता हो सकती है। अगस्त में भारत में कच्चे तेल और कंडनसेट की आवक लगातार दूसरे महीने घटकर करीब 38 लाख बैरल प्रतिदिन रह गई, जबकि एक साल पहले यह करीब 48 लाख बैरल प्रतिदिन थी। ऐसे में यदि कच्चे तेल की आपूर्ति पर दबाव बना रहता है।

# पश्चिम एशिया तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिका के महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और वैश्विक बाजारों का रुख भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगा। इस सप्ताह बाजार वैश्विक मौद्रिक नीति, कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर संवेदनशील रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका के उम्मीद से बेहतर रोजगार आंकड़ों के बाद फेडरलरिजर्व की सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति बैठक को लेकर बदलती उम्मीदों पर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह, रुपये की चाल, कच्चे तेल की कीमतें और घरेलू बाजार में नकदी की स्थिति पर नजर रहेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम भी महत्वपूर्ण रहेंगे, क्योंकि इनका भारत की महंगाई, बाहरी संतुलन और कंपनियों की लाभप्रदता पर सीधा असर पड़ सकता है। पिछले सप्ताह ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत में आठ प्रतिशत से अधिक और डब्ल्यूटीआई में नौ प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंताओं ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ा दिया है। अब बाजार की नजर अमेरिका के आगामी महंगाई आंकड़ों पर होगी। ये आंकड़े फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा और वैश्विक बाजार धारणा के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और ब्याज दरों को लेकर उम्मीदें भी महंगाई के आंकड़ों से प्रभावित होंगी। इस बीच, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतें बाजार की धारणा पर लगातार दबाव डाल सकती हैं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 749.08 अंक यानी 0.96 प्रतिशत के नुकसान में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 277.95 अंक यानी 1.14 प्रतिशत नीचे आया। अगले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से अमेरिकी महंगाई, कच्चे तेल की कीमतों, पश्चिम एशिया के घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी।

## एसबीआई चालू वित्त वर्ष में 12,000 भर्तियां करेगा, 250 नयी शाखाएं खोलेगा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष में करीब 11,000 से 12,000 कर्मचारियों की भर्ती करने और अपने शाखा नेटवर्क के विस्तार की योजना बना रहा है। बैंक चालू वित्त वर्ष में लिपिक और अधिकारी स्तर पर करीब 11,000 से 12,000 नियुक्तियां करेगा। इसके अलावा बैंक की 200 से 250 नई शाखाएं खोलने की भी योजना है। सेवानिवृत्तियों और उभरती जरूरतों के आधार पर यह संख्या कुछ कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन उम्मीद है कि वित्त वर्ष के अंत तक करीब 12,000 लोगों की भर्ती हो जाएगी। पिछले साल बैंक ने बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की थीं, जिसमें 1,500 विशेषज्ञ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिकारी भी शामिल हैं। इस साल आईटी क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में भर्तियों की जरूरत नहीं है। मार्च, 2026 तक एसबीआई के कर्मचारियों की संख्या 2.45 लाख से अधिक थी। बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एसबीआई ने कुल 25,633 कर्मचारियों की नियुक्ति की थी।

# एफपीआई ने शेयर बाजार से 7,443 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में लगातार दो माह तक लिवाल रहने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सितंबर के पहले सप्ताह में फिर बिकवाल बन गए हैं।

इस दौरान उन्होंने भारतीय शेयर बाजार से 7,443 करोड़ रुपये निकाले हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर के मजबूत होने से विदेशी निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है। एफपीआई ने इससे पहले अगस्त में भारतीय शेयरों में 29,600 करोड़ रुपये और जुलाई में 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इससे पहले मार्च से जून तक लगातार चार महीनों में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे थे। सितंबर के पहले सप्ताह की निकासी के साथ ही 2026 में भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से भी काफी अधिक है। हाल में एफपीआई की बिकवाली के पीछे कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी प्रमुख कारक में से एक है। इससे भारत में महंगाई और चालू खाते की स्थिति को लेकर चिंता बढ़ी है। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने तथा डॉलर सूचकांक के मजबूत बने रहने से उभरते बाजारों के प्रति विदेशी निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा कमजोर हुई है। आने वाले समय में वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल एफपीआई प्रवाह का प्रमुख निर्धारक बना रहेगा।

## रेंटोमोजो लिमिटेड का आईपीओ 9 सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। रेंटोमोजो लिमिटेड बुधवार 9 सितंबर, 2026 को अपने इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के संबंध में बोली/ऑफर खोलेगी। ऑफर का प्राइस बैंड 384 से 404 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है (प्राइस बैंड)। न्यूनतम 37 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 37 इक्विटी शेयरों के गुणांकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं (न्यूनतम बोली लॉट)। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि मंगलवार, 8 सितंबर, 2026 होगी। बोली/ऑफर बुधवार, 9 सितंबर, 2026 को खुलेगा। इस ऑफर में 1,500 मिलियन रुपये (150 करोड़ रुपये) तक का एक फ्रेश इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 2,73,65,529 तक के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है (जिन्हें फ्रेश इश्यू के साथ मिलाकर 'ऑफर' कहा गया है)। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य (फेस वैल्यू) 1 रुपये है।

### पोको एक्स8 सीरीज के नये स्मार्टफोन लॉन्च

बेंगलुरु। पोको इंडिया ने आज पोको एक्स8 सीरीज के अपने नए स्मार्टफोन, पोको एक्स8 और पोको एक्स8 पावर पेश किए। आज के स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वालों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनी इस नई सीरीज में दमदार परफॉर्मेंस, बड़ी स्क्रीन, हर काम के लायक कैमरे, बड़ी क्षमता वाली सिलिकॉन-कार्बन बैटरी और मजबूत बनावट, सब एक साथ हैं। इससे इस्तेमाल करने वालों को काम, मनोरंजन और रोजमर्रा की जिंदगी, तीनों में ज्यादा करने की आजादी मिलती है। दोनों फोन में 1.5के एमोलेड डिस्प्ले, सिलिकॉन-कार्बन बैटरी तकनीक, फास्ट चार्जिंग, आईपी66, आईपी68, आईपी69 और आईपी69के रेटिंग, एसजीएस और टीयूवी की फाइव-स्टार क्वॉलिटी सर्टिफिकेशन मिलता है।

### रेंज रोवर इलेक्ट्रिक एक नये युग की शुरुआत

मुंबई। ओरिजिनल लग्जरी एसयूवी कही जाने वाली रेंज रोवर अब इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन के साथ उपलब्ध है, जो बेहतर परिष्कार और क्षमता के एक नए युग की घोषणा करती है। 1970 से रेंज रोवर का घर रहे सोलिहल में बनी यह पहली इलेक्ट्रिक रेंज रोवर है। यह रेंज रोवर ब्रांड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब तक की किसी भी रेंज रोवर से ज्यादा शांत, ज्यादा सहज, ज्यादा प्रतिक्रियाशील और ज्यादा टॉर्क देने वाली रेंज रोवर इलेक्ट्रिक बेमिसाल डिजाइन के साथ असाधारण परिष्कार और चकित कर देने वाली आधुनिकता को जोड़ती है। इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन केबिन का शोर कम करती है और रेंज रोवर की खास खूबियों को और बेहतर बनाती है। बेहतरीन परिष्कार, शानदार लग्जरी और हर रास्ते पर दमदार क्षमता। रेंज रोवर इलेक्ट्रिक एक दशक की सुविचारित इंजीनियरिंग और तकनीकी विकास का नतीजा है, जिसने ओरिजिनल लग्जरी एसयूवी के लिए नया मानदंड स्थापित किया है।

### जेन जेड के लिए झंडु बाम लेकर आया अनडू विद झंडु

मेरठ। पेन रिलीफ बाम, झंडु बाम ने जेन जेड की नजरों से दर्द को समझने की कोशिश की है। स्क्रीन देखने के कारण सिरदर्द और गर्दन दर्द, डूमस्क्रॉलिंग से थकान और रोज की परेशानियों को पीड़ा के रूप में दर्शाया गया है जिसे कि आज के युवा उपभोक्ता तुरंत पहचान लेते हैं। इस कैम्पेन का केंद्र है पीड़ालैंड एक काल्पनिक दुनिया जहाँ पर आज के युवा आधुनिक जीवन के दर्द और परेशानियों से जूझते दिखेंगे। तभी उनकी सभी समस्याओं को मिटाने के लिए उनके सामने आएगा एक जोशीला किरदार और सिर्फ एक आसान सुझाव से उनको राहत पाने में मदद करेगा पीड़ा को करो अनडू विद झंडु। यह कैम्पेन झंडु बाम के लिए एक रणनीतिक बदलाव है। झंडु बाम ने जिस तरह पॉपुलर कल्चर को अपनाया है।

# शिक्षा बदलेगी तो बदलेगा भारत : अखिलेश



लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज की ओर से लखनऊ पब्लिक कॉलेज, गोमती नगर स्थित श्री रामलाल मेमोरियल ऑडिटोरियम में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान की विभिन्न शाखाओं से आए प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए करीब 50 लाख रुपए के आकर्षक पुरस्कार, शाल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सांसद डॉ. एस. पी. सिंह ने अखिलेश यादव को शॉल एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अनेक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश में विद्यालयों के बंद होने की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालयों के बंद होने से विशेष रूप से गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समान अवसर मिलना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा को समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सांसद डॉ. एस. पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बदलते दौर में शिक्षक की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बदलेंगे तो शिक्षा बदलेगी और शिक्षा बदलेगी तो भारत बदलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का केंद्र बच्चा होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थी-केंद्रित एवं अनुभव आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे की क्षमता अलग होती है और शिक्षक का दायित्व है कि वह हर विद्यार्थी की प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारे। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करें; केवल नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि नए अवसर पैदा करने के योग्य बनाएं। शिक्षक दिवस का यह आयोजन शिक्षा, संस्कार, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की सर्वोच्च भूमिका का संदेश देता हुआ यादगार बन गया।

### किआ सोरेंटो भारत में 27.99 लाख रुपये से शुरू

नई दिल्ली। एक वैश्विक पहचान वाली गाड़ी आज भारत में अपनी शुरुआत कर रही है। किआ इंडिया ने किआ सोरेंटो को लॉन्च कर दिया है, और इसके साथ ब्रांड ने भारत के प्रीमियम थ्री-रो एसयूवी सेगमेंट में कदम रखा है। शुरुआती कीमत* डीजल के लिए 27.99 लाख रुपये और हाइब्रिड के लिए 29.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। किआ के सबसे कामयाब एसयूवी नामों में से एक भारतीय ग्राहकों तक लाने के साथ इस लॉन्च से भारत में किआ की पहली हाइब्रिड पेशकश भी आ रही है। साथ ही भारत में बनी सोरेंटो के साथ रियल-टाइम जेनरेटिव एआई वाला किआ एआई असिस्टेंट दुनिया में पहली बार आ रहा है, जिससे यह अपने सेगमेंट में यह क्षमता देने वाली पहली गाड़ी बन गई है।

# सरकार ने 10 दिन में 17 शहरों में 4000 टन बफर प्याज बेचा

नयी दिल्ली। सरकार ने बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए रियायती दर पर प्याज की बिक्री शुरू करने के पहले 10 दिन में 17 शहरों में करीब 4,000 टन बफर प्याज बेचा है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्र सरकार के पास 2026 के लिए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नाफेड) के जरिये 1.21 लाख टन प्याज का बफर भंडार है।

ये एजेंसियां कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए उत्पादक राज्यों से भंडारित प्याज को थोक में खपत वाले केंद्रों तक पहुंचा रही हैं। इसके लिए समर्पित रेलरैक कांदा एक्सप्रेस और ट्रक का इस्तेमाल किया जा रहा है। चुनिंदा मूल्य-संवेदनशील शहरों में प्याज 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेची जा रही है। खरे ने कहा कि अबतक 17 शहरों में करीब 4,000 टन बफर प्याज बेचा जा चुका है। उन्होंने कहा कि कांदा एक्सप्रेस के जरिये दिल्ली और चेन्नई में प्याज की खेप पहुंच चुकी है। तीसरी खेप अब लादी जा रही है, जिसे आने वाले दिनों में गुवाहाटी भेजा जाएगा। बफर प्याज के वितरण से उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है।

### ग्लोबल चेस लीग 2026 में जावा ऑल स्टार्स 42 बॉबर को पेश किया

नई दिल्ली। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने ग्लोबल चेस लीग 2026 में जावा ऑल स्टार्स 42 बॉबर को पेश किया। यह जावा ऑल स्टार्स के नए सफर में दूसरा बड़ा कदम है। 42 बॉबर पुरानी और पारंपरिक सोच को बदलने वाला जावा का एक बड़ा कदम था। भारत की इस पहली खास तौर पर बनी बॉबर में शानदार फैक्टिरीयर सीट डिजाइन के साथ रियर मोनो-शॉक सस्पेंशन दिया गया है। सड़कों पर अपनी अनोखी और दमदार मौजूदगी के कारण 42 बॉबर ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। साल 2026 में, इसके बेहतरीन डिज़ाइन, दमदार लुक और लोकप्रियता को देखते हुए इसे स्टाइल आइकॉन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी दिया गया था। ग्लोबल चेस लीग ने दिखाया है कि कैसे अपनी अलग पहचान और एक साझा मकसद दोनों एक साथ चल सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### सात्विक

जाने से पहले खिताब जीतने से हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। इससे यह भरोसा मिलता है कि हम जिस दिशा में मेहनत कर रहे हैं, वह बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अब हम घर वापस जाएंगे और अगले 10 दिन तक कड़ी ट्रेनिंग करेंगे। इसके बाद एशियाई खेलों में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे। हम वहां जाकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं और खेल का पूरा आनंद लेना चाहते हैं। भारतीय जोड़ी का सामना चीन की ऐसी जोड़ी से था जो लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय सर्किट से दूर रहने के कारण रैंकिंग में गिरकर 70वें नंबर पर पहुंच गई थी। हे जी टिंग के लिए यह वापसी के बाद केवल तीसरा टूर्नामेंट है। उन्होंने चीनी बैडमिंटन संघ द्वारा लगाई गई अनुशासनात्मक निलंबन की सजा पूरी करने के बाद प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में वापसी की है। सात्विक और चिराग ने हालांकि इससे पहले चीन की इस जोड़ी के खिलाफ हुए अपने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की थी। भारतीय जोड़ी ने फाइनल तक पहुंचने के सफर में तीन गेम के तीन मुकाबले खेले थे। इन सभी मुकाबलों में उन्होंने पहला गेम जीतने के बाद दूसरा गेम गंवाया था। सात्विक और चिराग ने इस साल के अपने 10वें टूर्नामेंट में तीसरे फाइनल में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी शुरुआत में रैलियों पर नियंत्रण नहीं बना सकी। हे जी टिंग और रेन ने तेज और आक्रामक शॉट्स से 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने आक्रमण जारी रखा जिससे यह बढ़त 8-3 हो गई। भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के डिफेंस को भेदने की कोशिश की, लेकिन चीन की जोड़ी ने ब्रेक तक अपनी बढ़त छह अंक की कर ली। भारतीय खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी की गति से तालमेल नहीं बिठा सके और अंतर बढ़कर 7-14 हो गया। हे जी टिंग शानदार लय में नजर आ रहे थे और लगातार स्मैश लगा रहे थे। फिर चिराग की एक सर्विस गलती ने मुश्किलें और बढ़ा दीं जिससे चीन की जोड़ी ने बढ़त 17-9 कर दी। इसके बाद चिराग का एक और शॉट बाहर जाने से चीन की जोड़ी ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी रैलियों को लंबा खींचना शुरू किया। सात्विक ने फ्लिक सर्विस का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को बार-बार फ्रंट कोर्ट में खेलने से रोका। इस तरह सात्विक और चिराग ने कड़े मुकाबले के बाद 7-6 की बढ़त हासिल कर ली।

### पहले बाढ़

कार्य में जुट गई और युद्ध स्तर पर अभियान चलाया गया। उसी दिन शाम को जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राहत कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि घरों में फंसे सभी लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार मंदाकिनी नदी में इतने बड़े पैमाने पर जलस्तर बढ़ा है। गत वर्ष क्षेत्र में लगभग 360 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, जबकि इस बार इससे स्तर लगभग दोगुना पहुंच गया। मध्य प्रदेश की ओर से आने वाला भारी वाहनों का पक्का पुल भी बह गया है। उन्होंने कहा कि जब एक मजबूत पुल तक बह सकता है तो सामान्य घरों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। आपदा की इसी विकरालता को देखते हुए प्रशासन के साथ विस्तृत बैठक कर कार्ययोजना तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी के कैचमेंट क्षेत्र में अनियोजित निर्माण ऐसी आपदाओं का बड़ा कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि नदी जब अपने स्वाभाविक स्वरूप में बहती है तो उसके दायरे में आने वाले अतिक्रमण और निर्माण बह जाते हैं। इसलिए कैचमेंट क्षेत्र में ऐसे निर्माण से बचना होगा और नदी के स्वाभाविक प्रवाह के लिए पर्याप्त मार्ग सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी भीषण बाढ़ के बावजूद प्रभु श्रीराम, कामदनाथ, हनुमान और चित्रकूट के ऋषि-मुनियों की तपस्थली की कृपा से कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। सामान्य परिवारों, व्यापारियों, मठ-मंदिरों और घाटों को बाढ़ से जो भी नुकसान हुआ है, उसमें सरकार की ओर से सहयोग की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पहले ही निर्देश दे रखा है कि बाढ़ या अग्निकांड में किसी गरीब अथवा किसी अन्य व्यक्ति का पुरा घर नष्ट हो जाता है तो पात्रता के अनुसार उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया आवास उपलब्ध कराया जाए। यदि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र नहीं है तो मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नया आवास और जमीन का पट्टा तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है। जहां जलजमाव हो गया है या अत्यधिक पानी आने के कारण लोग घिर गए हैं, उन्हें सुरक्षित राहत शिविरों में पहुंचाया जाए। राहत शिविरों में प्रभावित लोगों के लिए भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा सहित हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में बाढ़ राहत कार्यों के निरीक्षण का प्रसंग साझा करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने अधिकारियों से पूछा था कि पीड़ित परिवारों को क्या सहायता दी जा रही है। जवाब में सूखा ब्रेड बताया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा था कि यदि आपको 10 दिन तक केवल सूखा ब्रेड दिया जाए तो क्या आप रह पाएंगे।

### चंदौली में

की सप्लाई करता है। बरामद हेरोइन भी वह अपने पार्टनर के कहने पर किसी व्यक्ति को सप्लाई करने के लिए चंदौली की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान एएनटीएफ टीम ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के आधार पर पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हेरोइन कहां से लाई गई थी, इसे किसे सप्लाई किया जाना था और इस अवैध कारोबार में आरोपी के साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हैं। नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार चल रही कार्रवाई के बीच करोड़ों रुपये की हेरोइन की यह बरामदगी तस्करों के नेटवर्क पर एएनटीएफ की बड़ी चोट मानी जा रही है।

### दक्षिण दिल्ली

के लिए कई टीम गठित की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, ढही हुई इमारत को हॉस्टल डेज के नाम से जाना जाता था। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने अनुमान जताया कि 20 से अधिक लोग मलबे के नीचे फंसे हो सकते हैं, हालांकि इस संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, एक स्थानीय निवासी ने कहा कि हॉस्टल हमेशा भरा रहता था। इसलिए मलबे में अब भी कई लोग फंसे हो सकते हैं। गलियां काफी संकरी और भीड़भाड़ वाली हैं, इसलिए बचाव वाहनों के लिए घटनास्थल पर जल्दी पहुंचना मुश्किल था। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने तत्काल बचाव कार्य में मदद शुरू कर दी और मलबे में फंसे लोगों की तलाश के लिए हाथों तथा उपलब्ध औजारों से मलबा हटाया। इस संबंध में एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि अगर यह घटना किसी कार्यदिवस पर हुई होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी, क्योंकि आसपास के कई छात्र घर गए हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां बहुत कम लोग थे। दिल्ली पुलिस के साथ काम करने वाले स्थानीय निवासी राजेन छेत्री ने बताया कि इमारत में करीब 15 कमरे थे और प्रत्येक कमरे में दो से तीन छात्र रहते थे। छेत्री ने कहा कि यहां रहने वाले ज्यादातर छात्र केरलम, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से हैं और मुख्य रूप से मोतीलाल नेहरू कॉलेज, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज और श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में पढ़ते हैं। वे प्रति बिस्तर करीब 12,000 रुपये किराया देते थे। उन्होंने कहा, मैं पिछले 20 वर्षों से यहां रह रहा हूं। बेसमेंट में कुछ निर्माण कार्य चल रहा था, जहां पानी जमा होने लगा था। नींव भी बेहद कमजोर थी। उन्होंने बताया कि करीब 13 लोगों को बचाया जा चुका है। दिल्ली में शुक्रवार से लगातार बारिश हो रही है। पिछले 20-22 वर्षों से इलाके में रह रहीं प्रियंका ने कहा, यहां इमारतें पांच-छह मंजिल तक बनाई जा रही हैं।

### कानपुर में

जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को खुद ही बचाव कार्य शुरू करना पड़ा और मलबे में दबे परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने के लिए उन्होंने लगभग दो घंटे तक काम किया। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि इलाज में देरी हुई क्योंकि पीड़ितों को वहां लाए जाने के समय कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कथित खामियों की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिवार के अनुसार, काजल की शादी दिसंबर में होने वाली थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आगे की कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

### एंबुलेंस से

पर पुलिस, एंबुलेंस चालक, फायर सर्विस और हाईवे पेट्रोल जैसे तत्काल मदद पहुंचाने वाले कर्मी होंगे। दूसरे स्तर पर पुलिस, होमगार्ड और अन्य संस्थागत रिस्पॉन्डर शामिल होंगे। तीसरे स्तर पर आम नागरिकों को बेसिक इमरजेंसी रिस्पॉन्स का प्रशिक्षण देकर जरूरत के समय शुरुआती मदद के लिए तैयार किया जाएगा। योजना में सभी नागरिकों के लिए 48 घंटे तक मुफ्त आपातकालीन उपचार की व्यवस्था का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक कारणों से इलाज में होने वाली देरी को रोकना है। इसके साथ ही यूपीईईएन के लिए अलग बजट, पर्याप्त मानव संसाधन और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इमरजेंसी मेडिसिन ऑफिसर (एटड) कैडर बनाने, एम्स के अनुरूप वेतनमान और विशेषज्ञ डॉक्टरों को प्रोत्साहन देने जैसे प्रस्ताव भी योजना का हिस्सा हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इमरजेंसी की स्थिति में मरीज को अस्पताल तक पहुंचने के बाद इलाज शुरू होने का इंतजार न करना पड़े, बल्कि सूचना मिलते ही उपचार की प्रक्रिया शुरू हो जाए।

### हरितालिका तीज

संकल्प की स्मृति से जुड़ा पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व नारी शक्ति के धैर्य, आत्मविश्वास और समर्पण का संदेश देता है। ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को अपनी लोकभाषा, रीति-रिवाजों तथा सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। सीएम धामी ने कहा कि किसी भी समाज की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

voiceoflucknow@gmail.com






# मेरठ ने लखनऊ को दिया 204 रन का लक्ष्य

## दिव्यांश जोशी का तूफानी शतक, मेरठ मावेरिक्स ने फाइनल में लखनऊ को दी 204 रन बनाने की चुनौती

खेल संवाददाता

लखनऊ। दिव्यांश जोशी (105) के तूफानी शतक की बदौलत मेरठ मावेरिक्स ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलाईची और एनसीएस के ग्रैंड फिनाले में लखनऊ फाल्कन्स के सामने 204 रन का लक्ष्य रखा। दिव्यांश ने 40 गेंदों पर 12 चौके व सात छक्के से 105 रन की पारी खेली। उन्होंने 37 गेंदों में शतक पूरा कर यूपी टी-20 लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा।

भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को फाइनल मुकाबले की शुरूआत भी शानदार अंदाज में हुई। मेरठ मावेरिक्स और लखनऊ फाल्कन्स के कप्तानों और खिलाड़ियों ने म्यूजिक की धुन के बीच आतिशबाजी के बीच मैदान में एंट्री की। मैच की औपचारिक शुरूआत बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने टॉस कराकर और पारंपरिक अंदाज में घंटा बजाकर की। इसके बाद मेरठ के कप्तान रिंकू सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। स्वास्तिक चिकारा और दिव्यांश जोशी ने पहले विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरूआत दी। लखनऊ को पहली सफलता पांचवें ओवर में आईपीएल स्टार विप्रज निगम ने दिलाई। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर स्वास्तिक चिकारा को आउट करते हुए इस साझेदारी का अंत किया। स्वास्तिक ने 14 गेंदों पर तीन चौके की सहायता से 18 रन बनाए। दूसरे छोर पर दिव्यांश जोशी का बल्ला लगातार गरजता रहा।





उन्होंने छठें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर महज 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। इस दौरान दिव्यांश ने 6 चौके व चार छक्के लगाए। उनके इस अर्धशतक के साथ ही उन्होंने सीजन-4 का सबसे तेज अर्धशतक भी अपने नाम कर लिया। मेरठ ने पावरप्ले के छह ओवर में एक विकेट पर 53 रन बनाए। इसके बाद रितुराज शर्मा ने दिव्यांश का साथ दिया और दोनों ने स्कोर को 100 के पार पहुंचाया।

मेरठ का दूसरा विकेट नौवें ओवर में 103 रन के कुल स्कोर पर गिरा। रितुराज 17 गेंदों पर तीन चौके व एक छक्के से 24 रन बनाकर अजीत वर्मा की गेंद पर विप्रज निगम को कैच थमा बैठे। अक्षय दुबे 15 रन बनाकर 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर अभिनंदन सिंह की गेंद पर अजीत वर्मा को कैच थमा बैठे। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर अभिनंदन ने मेरठ के कप्तान रिंकू सिंह (1) को पवेलियन वापस भेज दिया। रिंकू प्रियम गर्ग को कैच दे बैठे। । उस समय टीम का स्कोर 4 विकेट पर 160 रन था। इसी बीच दिव्यांश ने 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर मात्र 37 गेंदों की पारी में 11 चौके व 7 छक्के लगाते हुए 100 रन बनाए। यह यूपी टी-20 लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। दिव्यांश शतक पूरा करने के बाद 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर 105 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर हो गए। उन्होंने 40 गेंदों की अपनी पारी में 12 चौके व सात छक्के भी लगाए। इस पारी के साथ दिव्यांश ने यूपी टी-20 लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक अपने नाम कर लिया। साथ ही वह लीग के फाइनल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए।

इसके बाद दिव्यांश राजपूत (13) को 18वें ओवर में अभिनंदन सिंह ने प्रियम गर्ग के हाथों कैच कराकर मेरठ को पांचवां झटका दिया। अगले ही ओवर में दिव्यांश जोशी मैदान में लौटे लेकिन वह दूसरी ही गेंद पर भुवनेश्वर का शिकार हो गए। मेरठ की पारी का अंत अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर हुआ जब जीशान अंसारी (3) को विकेटकीपर आराध्य यादव ने रन आउट किया। मेरठ मावेरिक्स का यह यूपी टी-20 लीग में लगातार चौथा फाइनल है। टीम ने इस उपलब्धि के साथ राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली लीगों के इतिहास में लगातार चार फाइनल खेलने वाली पहली टीम बनने का दावा भी मजबूत किया है। दूसरी ओर लखनऊ फाल्कन्स पहली बार यूपी टी-20 लीग के फाइनल में उतरी है।

### हम साथ मिलकर योजना बनाते हैं: पाकिस्तान को सस्ते में समेटने की रणनीति पर बोलीं श्री चरणी

दुबई। पाकिस्तान के खिलाफ महिला एशिया कप टी20 में अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत की एकतरफा जीत की नींव रखने वाली बायें हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने कहा कि टीम की स्पिनर मैच से पहले साथ बैठकर रणनीति बनाती हैं और मैदान पर उसके प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर देती हैं। श्री चरणी (सात रन पर तीन विकेट), प्रेमा रावत (नौ रन पर तीन विकेट), दीप्ति शर्मा (पांच रन पर दो विकेट) और शेफाली वर्मा (10 रन पर एक विकेट) ने शनिवार को यहां पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी और उसे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अपने अब तक के सबसे कम स्कोर 55 रन पर समेट दिया। भारत ने इसके बाद 68 गेंद शेष रहते सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। भारत पहले ही ग्रुप ए से सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका था। टीम तीनों मैच जीतकर टीम छह अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रही। चरणी ने कहा, टीम की बैठक में हम सब साथ बैठते हैं। प्रेमा, मैं, दीप्ति दीदी और राधा (यादव) दीदी। हम चर्चा करते हैं कि मैच में क्या करना है। इसलिए दीप्ति और राधा दी जो कहती हैं, हम मैदान पर उसे लागू करने की कोशिश करते हैं। चरणी ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाते हुए शवाल जुल्फिकार, गुल फिरोजा और आयशा जफर को पवेलियन भेजा। इससे पहले शेफाली ने मुनीबा अली को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई थी। पाकिस्तान ने चार ओवर में बिना किसी नुकसान के 27 रन बनाकर तेज शुरुआत की थी लेकिन छठे ओवर में चरणी के दो विकेटों ने उसका स्कोर तीन विकेट पर 29 रन कर दिया। इसके बाद टीम इन झटकों से उबर नहीं सकी। चरणी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 विकेट पूरे करने से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। इस 22 साल की गेंदबाज ने अपनी सफलता का श्रेय चीजों को सरल रखने और बुनियादी बातों पर ध्यान देने को दिया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ खुद पर ध्यान देने की बात है।

# झेंग की यूएस ओपन में वापसी नाओमी ओसाका भी चौथे दौर में

न्यूयॉर्क। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग चिनवेन ने शनिवार को शानदार वापसी करते हुए लगातार आखिरी सात गेम जीतकर 22वीं वरीयता प्राप्त कीज को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर यूएस ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के बाद झेंग कोर्ट पर पीठ के बल लेटी थीं और उनके हाथ हवा में थे। वह ऐसी जीत का जश्न मना रही थीं, जिसकी उम्मीद शायद सिर्फ उन्हें ही थी। दूसरी ओर कीज आंसुओं को रोकने की कोशिश करते हुए बता रही थीं कि आखिर कैसे झेंग लगभग मैच से बाहर होने के बावजूद जीत हासिल करने में सफल रहीं। कीज ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने निश्चित रूप से बहुत अच्छी शुरुआत की थी और फिर मैं बहुत डर गई मैं शॉट ही नहीं लगा पा रही थी।

मुझे नहीं पता। इस समय टेनिस बहुत मुश्किल लग रहा है और मुझे लगता है कि मैं उसी दबाव में आ गई। साल 2017 की उपविजेता कीज ने दूसरे सेट का टाईब्रेक हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 5-0 की बढ़त बना ली। झेंग ने एक गेम जीता लेकिन 5-1 पर सर्विस करते समय कीज के पास मैच प्वाइंट था। वह इसे भुना नहीं सकीं और यहीं से मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल गया। एक समय निराशा में कीज अपना रैकेट बार-बार सिर पर मारते दिखी। झेंग ने कहा, मेहनत का फल मिलता है। अब उनका सामना 2022 की यूएस ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। नाओमी ओसाका ने भी एलिस मर्टेंस को 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर चौथे दौर में जगह बना ली। दो घंटे 38 मिनट चले मुकाबले के अंतिम अंक के बाद दो बार की चैंपियन ओसाका ने अपना सिर रैकेट पर रख लिया, मानो इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को खुद भी अपनी जीत पर यकीन नहीं हो रहा हो। ओसाका ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैंने यह



मैच जीत लिया। मैं सचमुच हैरान हूं कि मैं जीत गई। ओसाका की वापसी झेंग जितनी मुश्किल तो नहीं थी, लेकिन वह निर्णायक सेट में 2-4 से पीछे थीं। उन्होंने कठिन मुकाबले के दौरान अपनी झुंझलाहट जाहिर करने के लिए माफी भी मांगी। पुरुषों में नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज हालांकि उलटफेर का शिकार होने से नहीं बच पाये। फ्रिट्ज ने दो सेट की बढ़त गंवा दी और 24वीं वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से 3-6, 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हार गए।

फ्रिट्ज ने कहा, मुझे नहीं पता कि आज मैंने ऐसा कैसे होने दिया। यूएस ओपन की पूर्व उपविजेता अमांडा अनिसिमोवा भी बाहर हो गईं। 10वीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा को 24वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-2, 7-5 से हराया। पोटापोवा का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त और फ्रेंच ओपन चैंपियन मिएरा आंद्रीवा से होगा। फ्रेंच ओपन के उपविजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 28वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ब्लॉक्स ने चार सेट में हराया। इसके साथ ही पुरुष एकल ड्रॉ में शीर्ष 10 में से छह वरीय खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं। यूएस ओपन की पूर्व चैंपियन (2023) अमेरिका की कोको गॉफ ने क्रिस्टीना बुका को 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में उनका सामना हमवतन 14वीं वरीयता प्राप्त इवा जोविच से होगा।

## संक्षेप

### मानसी इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहीं

जकार्ता। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी सिंह को रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में चीन की शू वेन जिंग से हारने के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। उत्तर प्रदेश की 21 वर्षीय मानसी को विश्व की 81वें नंबर की चीन की खिलाड़ी के खिलाफ 16-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 76वें स्थान पर काबिज इस भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कनाडा की रेशेल चान को हराया था जबकि शू ने तीसरी वरीय प्राप्त भारत की अनमोल खरब को मात दी थी।

### यूएस ओपन में युकी भांबरी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर हारे

न्यूयॉर्क। भारत के युकी भांबरी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर को यहां यूएस ओपन के पुरुष युगल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही दोनों खिलाड़ियों का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। भांबरी और उनके न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस को रयान सेगमैन और पैट्रिक ट्राहाक की अमेरिका की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में 7-6 (4), 7-6 (3) से शिकस्त दी। यह हार भांबरी और वीनस के लिए निराशाजनक रही, क्योंकि दोनों ने पिछले साल यूएस ओपन के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

### भारतीय फुटबॉल में इस साल आयेगा बड़ा बदलाव

मुंबई। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मालिक जॉन अब्राहम को उम्मीद है कि 10 अक्टूबर से शुरू होने वाला आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र भारतीय फुटबॉल के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। यह पहली बार देश की घरेलू फुटबॉल व्यवस्था में क्लबों के नेतृत्व वाली नयी संरचना की ओर बदलाव का संकेत देगा। आईएसएल का 2026-27 सत्र अगले साल मई तक चलेगा जो अपने पारंपरिक होम-अवे (अपने मैदान और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान) प्रारूप में लौटेगा। इसमें आठ महीने के दौरान कुल 163 मुकाबले खेले जाएंगे। पिछले सत्र में प्रशासनिक और व्यावसायिक अनिश्चितताओं के कारण देरी हुई थी।

# चीन मास्टर्स की खिताबी जीत से बढ़ा आत्मविश्वास : सात्विक- चिराग

एजेंसी

शेनझेन (चीन)। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का कहना है कि कोर्ट पर सोची-समझी आक्रामकता बनाए रखने से उन्हें चीन मास्टर्स का खिताब जीतने में मदद मिली और इस जीत ने आगामी एशियाई खेलों से पहले उनका मनोबल काफी बढ़ाया है। भारतीय जोड़ी ने रविवार को यहां शानदार वापसी करते हुए चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यु को 11-21, 21-13, 21-17 से हराकर अपने तीसरे प्रयास में 12,50,000 डॉलर इनामी चीन मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट का खिताब जीता।

यह 2026 सत्र का उनका दूसरा और इस प्रतियोगिता का पहला खिताब है। सात्विक ने मैच के बाद कहा, यहां खेलना हमेशा अच्छा रहता है। चोट से वापसी करने के बाद हमने हमेशा यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। 2024 में पेरिस ओलंपिक के बाद हम यहां खेले और सेमीफाइनल में पहुंचे। पिछले साल जब हम यहां खेले तब हम पूरी तरह फिट नहीं थे, फिर भी हम फाइनल तक पहुंचे। उन्होंने कहा, इस बार भी चोट से उबरने के बाद इस टूर्नामेंट ने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। इस हफ्ते की कहानी भी वैसी ही रही। पहले दौर को छोड़कर हमारे सभी मुकाबले तीन गेम तक खिंचे। फाइनल के बारे में सात्विक ने कहा, आज हमने धैर्य बनाए रखा और आखिरी पलों में आसान गलतियां नहीं कीं। मैच का यह सबसे सकारात्मक पहलू रहा।

हम बस अपनी रणनीति पर टिके रहे। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट में आने से पहले हमने जो योजना बनाई थी हम उसी पर अमल करना चाहते थे। अगर यह काम करता है तो अच्छा है नहीं तो हम वापस जाकर फिर से मेहनत करेंगे। मुझे लगता है कि इस रणनीति ने आज काम किया और हम बेहद खुश हैं। हम इस गतिरोध को तोड़ने और साल 2026 का अपना दूसरा खिताब जीतकर बेहद खुश हैं। यह खिताबी जीत एशियाई खेलों में इस जोड़ी के अभियान की शुरुआत से कुछ हफ्ते पहले आई है।

# मार्टिनेज के गोल से इंटर मिलान की जीत

एजेंसी

लंदन। लौटारो मार्टिनेज ने आखिरी क्षणों में अपना दूसरा गोल दागकर इंटर मिलान को शनिवार को इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरी ए में नेपोली पर 3-2 की रोमांचक जीत दिलाई, तो वहीं एर्लिंग हालैंड के गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में कोवेंट्री को 1-0 से हराकर तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इंटर मिलान की तरह सीरी ए के एक और रोमांचक मुकाबले में रोमा ने आखिरी मिनटों में दो गोल कर तीन मैचों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। इंटर मिलान के खिलाफ माटेओ पोलितानो और रासमुस होयलुंड ने 50वें और 53वें मिनट में गोल कर गत चैंपियन नेपोली को 2-0 की बढ़त दिलाई।

इसके तीन मिनट बाद मार्टिनेज ने गोल कर इंटर की वापसी की शुरुआत की। मार्कस थुराम ने 82वें मिनट में बराबरी का गोल किया। आखिरी पलों में मैनुअल अकांजी के प्रयास से गेंद मार्टिनेज तक पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर इंटर को जीत दिला दी। अटलांटा के खिलाफ मटियास सौले ने आखिरी समय में गोल और गोल में मदद कर रोमा को 2-। से जीत दिलाई। उन्होंने 90वें मिनट में मारियो हर्मोसो के गोल में मदद की, जिससे एडरसन के शुरुआती गोल की बराबरी हुई। इसके तीन मिनट बाद सौले ने खुद गोल कर रोमा को जीत दिला दी। लीग के एक अन्य



मैच में टोरिनो ने फियोरेंटीना को उसके घरेलू मैदान पर 2-1 से हराया। हालैंड ने सत्र का अपना तीसरा गोल किया और मैनचेस्टर सिटी ने कोवेंट्री को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। सिटी के तीन मैचों में नौ अंक हैं। पदोन्नत टीम हल सिटी सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और अब तक अपराजित है। उसने एस्टन विला के खिलाफ

❍ मैनचेस्टर सिटी की जीत में चमके हालैंड

0-0 से ड्रॉ खेला। टॉटिनहम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलकर सत्र का अपना पहला अंक हासिल किया। जैकब रैमसे के मैच के आखिरी चरण में किए गए गोल की मदद से न्यूकैसल ने बोर्नमाउथ के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर अपना अजेय अभियान जारी रखा। क्रिस्टल पैलेस ने फुलहम के खिलाफ दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रेवेन कॉटेज में 3-2 से सत्र की पहली जीत दर्ज की। ब्रेंटफोर्ड और सुंदरलैंड का मुकाबला भी 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। जमाल मुसियाला ने शाल्के के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में इस सत्र में पहली बार बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष लीग) में कदम रखा। बायर्न के इस मिडफील्डर को सत्र पूर्व न्यूरोलॉजिकल समस्या के कारण दो मैचों से बाहर रहना पड़ा था। फरवरी 2025 के बाद यह पहली बार था, जब बायर्न जर्मन लीग के किसी मुकाबले में गोल नहीं कर सका।

शाल्के के गोलकीपर लोरिस कारियस के शानदार प्रदर्शन ने टीम को 2017 के बाद बायर्न के खिलाफ पहला अंक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। छोटे से कस्बे के क्लब एलवर्सबर्ग ने अपने पहले बुंडेसलीगा सत्र की शानदार शुरुआत जारी रखते हुए बोरुसिया मोएनशेंग्लाडबाक को 4-3 से हराया। उसने आखिरी क्षणों में निर्णायक गोल दागकर यह जीत हासिल की। करीब 13,000 की आबादी वाले इस कस्बे के क्लब ने पिछले सप्ताह बायर लीवरकुसेन को हराने के बाद एक और पूर्व चैंपियन के खिलाफ उलटफेर किया। बोरुसिया डॉर्टमुंड ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हॉफेनहाइम को 3-2 से हराया। हॉफेनहाइम के डिफेंडर अल्बियन हाजदारी ने 86वें मिनट में आत्मघाती गोल कर डॉर्टमुंड की जीत सुनिश्चित की। लीपजिग को वेर्डर ब्रेमेन के हाथों 1-3 से हार मिली।

### मेस्सी की मदद से इंटर मियामी ने अटलांटा को बराबरी पर रोका

मियामी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मैदान पर अपना प्रभाव छोड़ने का सिलसिला जारी रखा है। मेस्सी ने शनिवार रात इंटर मियामी के लिए दो गोल में मदद की लेकिन उनकी टीम अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ पर रोक दी गई। अर्जेंटीना के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के बाद यह मेस्सी का पहला मुकाबला था। इंटर मियामी की ओर से लुइस सुआरेज और कासेमिरो ने गोल किए। टीम ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में दूसरे स्थान पर है और शीर्ष पर मौजूद नैशविले से 10 अंक पीछे है। नियमित सत्र में उसके 11 मुकाबले बाकी हैं। कासेमिरो ने 32वें मिनट में मेस्सी की कॉर्नर किक पर हेडर के जरिए गोल कर इंटर मियामी को बढ़त दिलाई। इसके कुछ ही मिनट बाद मिगुएल अल्मिरोन ने अटलांटा की ओर से बराबरी का गोल कर दिया। इसके बाद मेस्सी ने तेलास्को सेगोविया की ओर शानदार लॉफ्टेड पास खेला। सेगोविया ने गेंद सुआरेज की ओर बढ़ाई और उरुग्वे के स्टार ने मध्यांतर से ठीक पहले दाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर इस सत्र का अपना 12वां गोल दाग दिया।

# दलीप ट्रॉफी : पूर्व क्षेत्र के चार विकेट पर 385 रन

एजेंसी

चेन्नई। कप्तान इशान किशन की नाबाद 111 रन की शतकीय पारी के दम पर पूर्व क्षेत्र ने रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन दक्षिण क्षेत्र के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पहली पारी में चार विकेट पर 385 रन बनाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। दिन का खेल खत्म होने पर किशन और कुमार कुशाग्र (नाबाद 63) क्रीज पर मौजूद थे।

दोनों पांचवें विकेट के लिए 26.4 ओवर में 144 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। किशन ने अपनी पारी में 135 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का जड़ा। पूर्व क्षेत्र के लिए युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी (44), अभिमन्यु ईश्वरन (72) और शिखर मोहन (85) ने भी उपयोगी योगदान दिया। मैच के दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले किशन ने अपनी पारी में आक्रामकता और संयम का बेहतरीन नमूना पेश किया। उन्होंने मोहन के साथ भी चौथे विकेट के लिए 94 रन जोड़े। दोनों उस समय क्रीज पर साथ आए जब पूर्व क्षेत्र की टीम 147 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। दक्षिण क्षेत्र



के पास इस समय वापसी करने का मौका था लेकिन किशन और मोहन ने बल्लेबाजों के अनुकूल पिच पर विरोधी गेंदबाजों को निराश किया। किशन ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए जिसमें उनके दमदार पुल और बेहतरीन कवर ड्राइव शामिल थे।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 71 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर अगली 50 गेंद में अपना 10वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा कर लिया। उन्होंने अपना 100वां प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे श्रेयस गोपाल की गेंद पर चौका जड़कर यह मुकाम हासिल किया। दूसरे छोर पर 21 वर्षीय मोहन ने अपनी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई।

उनकी पारी की सबसे खास बात ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को छोड़ने का उनका शानदार निर्णय रहा। पूरी पारी के दौरान गेंदबाज एक बार भी उन्हें चकमा नहीं दे पाए। मोहन ने अपनी पारी में रक्षात्मक खेल के साथ-साथ आक्रामक रुख भी अपनाया और ऑफ स्पिनर त्रिपुराना विजय के एक ही ओवर में एक छक्का और दो चौके जड़े। मोहन जब शतक के करीब थे तब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीवी मिलिंद की गेंद को विकेटों पर खेल बैठे। इससे पहले ईश्वरन आज पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे और कई मौकों पर उन्होंने सूर्यवंशी से भी तेज गति से रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए महज 14 ओवर में 100 रन जोड़कर टीम को आक्रामक शुरुआत दी।

सूर्यवंशी हालांकि मिलिंद की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में डीप में स्थानापन्न खिलाड़ी तनय त्यागराजन को कैच दे बैठे। दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने पहली बार इस युवा बल्लेबाज को शॉर्ट पिच गेंद से परखा और उन्हें तुरंत सफलता मिल गई। एमए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद करीब 10,000 दर्शकों के सामने आउट होने का यह तरीका बिहार के इस युवा खिलाड़ी को क्रीज पर अधिक धैर्य रखने का सबक देगा। इसके बाद कुशाग्र ने भी दृढ़ संकल्प के साथ बल्लेबाजी की। दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाज रनों की बौछार के आगे बेबस नजर आए।

# राज्य फिन स्विमिंग में लखनऊ चैंपियन एलपीसी ने जीतीं छह ट्रॉफियां

खेल संवाददाता

लखनऊ। राज्य अंडरवॉटर एवं फिन स्विमिंग चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि वाराणसी की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

❍ वाराणसी की टीम रही उपविजेता, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चुनी गई राज्य टीम

लखनऊ के तैराकों ने अपनी गति और तकनीक के दम पर कई स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन किया।

जिला तैराकी प्रतियोगिता में एलपीसी का भी दबदबा रहा। एलपीसी के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ में से छह ट्रॉफियां जीत लीं। टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से कोच और आयोजक भी उत्साहित नजर आए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया और अपनी



प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में अंडरवॉटर स्पोर्ट्स फेडरेशन के महासचिव तपन पाणिग्रही ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने घोषणा की कि अगली राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में अंडरवॉटर और फिन स्विमिंग को लेकर खिलाड़ियों में लगातार रुचि बढ़ रही है। ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक डॉ. आर.पी. सिंह रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव (सेवानिवृत्त) सुधीर एम. बोबडे, अपर आयुक्त जीएसटी उग्रसेन द्विवेदी और राष्ट्रीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अखिलेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत 2029 तक होगा नशा मुक्त

## मादक पदार्थ से देश को मुक्त करने का प्रारूप तैयार, नक्सल समस्या की तरह उठायेंगे कदम : अमित शाह

एजेंसी

पणजी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि नशा-मुक्त युवा शक्ति 2047 में विकसित भारत का नेतृत्व करे तथा इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने 2029 तक भारत को नशा-मुक्त बनाने के लिए एक प्रारूप तैयार किया है। शाह ने कहा कि विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए मोदी सरकार देश को नशा-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ठीक वैसे ही जैसे उसने नक्सलवाद और आतंकवाद की समस्या को खत्म करने के लिए काम किया है।

उन्होंने कहा कि 2029 तक मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य के तहत केंद्र ने नशीले पदार्थों की तस्करी से लेकर वित्तपोषण एवं पीड़ितों के पुनर्वास तक समूचे मादक पदार्थ नेटवर्क को ध्वस्त करने की समन्वित राष्ट्रव्यापी रणनीति अपनाई है। शाह ने यहां मादक पदार्थ पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद प्रेसवार्ता में कहा, नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि नशा-मुक्त युवा शक्ति 2047 में विकसित भारत का नेतृत्व करे। इस बैठक में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गृह मंत्रालय के अधिकारी एवं राज्य सरकार के सरकारी शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा, 2014 से पहले मादक



पदार्थों के खिलाफ लड़ाई अधिकतर छोटी इकाइयों द्वारा और अलग-थलग रहकर लड़ी जाती थीं। एजेंसियां अक्सर छोटे-मोटे आरोपियों को पकड़कर ही संतुष्ट हो जाती थीं। हमारी सरकार इस लड़ाई को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से प्राथमिकता बना रही है। शाह ने कहा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में खास तौर पर मादक पदार्थ कार्यबल (एएनटीएफ) बनाए गए और स्थानीय पुलिस को राष्ट्रीय रणनीति से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि 2019 में एक संयुक्त समन्वय समिति भी बनाई गई थी, ताकि केंद्रीय एजेंसियां और राज्य सरकार मिलकर बड़े मादक पदार्थ नेटवर्क, उनके अंतरराष्ट्रीय संपर्क आदि के खिलाफ संयुक्त निर्णय ले सकें।

शाह ने कहा कि सरकार राजनीतिक इच्छाशक्ति, आपसी तालमेल के साथ कानून लागू करने और मादक पदार्थों की लत को रोकने एवं पीड़ितों के पुनर्वास के उपायों के जरिए नशा-मुक्त भारत 2029 का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, आतंकवाद में कमी आने के बाद जम्मू-कश्मीर प्रगति और विकास की राह पर है तथा वहां आतंकवाद धीरे-धीरे खत्म होने के करीब है। शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से अलगाववाद की भावना कम हुई है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने आंतरिक सुरक्षा को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। जिन लोगों ने तिरुपति से पशुपति तक लाल (माओवादी) गलियारा बनाने का सपना देखा था, उन्होंने हथियार डाल दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। पूर्वोत्तर का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि 2019 से अब तक 14 बड़े शांति समझौते हुए हैं और लगभग 11,000 हथियारबंद युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा का रास्ता अपनाया है।

## मॉस्को में पुतिन से मिलकर वार्ता करने कीव पहुंचे विटकॉफ व कुशनर



कीव। यूक्रेन पर रूस के बड़े हमले के बाद शांति वार्ता फिर से शुरू करने के प्रयासों के तहत अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर रविवार को कीव पहुंचे। यह यूक्रेन की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। इससे पहले शनिवार को दोनों ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक की थी। दोनों देशों की ओर से एक दूसरे पर हवाई हमले तेज किए जाने के बीच हुई इस यात्रा का उद्देश्य शांति वार्ता को फिर से शुरू करना है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि कीव अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथै सार्थकै बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, हम युद्ध खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ने में रुचि रखते हैं। शांति जरूरी है। सुरक्षा की गारंटी जरूरी है। युद्ध के बाद न्यायपूर्ण और स्थायी शांति जरूरी है। युद्ध खत्म कराने की अमेरिका की कोशिशें धीमी हो गई हैं, क्योंकि पिछले छह महीनों से अमेरिका का ध्यान ईरान युद्ध पर केंद्रित रहा है। विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद कुशनर की मॉस्को की पिछली ज्ञात यात्रा जनवरी में हुई थी, जब उन्होंने क्रेमलिन में पुतिन से बातचीत की थी। शनिवार को मॉस्को में तीन घंटे से ज्यादा समय तक बंद कमरे में बैठक हुई और बिना किसी बड़ी सफलता की घोषणा के खत्म हो गई। पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने बैठक के बाद इसे रचनात्मक, स्पष्ट व उपयोगी बताया, लेकिन किसी विशेष नतीजे के बारे में जानकारी नहीं दी। रूस और यूक्रेन के बीच हवाई हमले तेज हो गए हैं। सैनिकों को 1,250 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति पर ज्यादा बढ़त हासिल करने में मुश्किल हो रही है।

### संक्षेप

### नेपाल त्रासदी : लापता लोगों की तलाश जारी

काठमांडू। नेपाल में 26 अगस्त को अचानक आई बाढ़ से मची तबाही के करीब 11 दिन बाद भी बचावकर्मी मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं लेकिन उन्हें बरामद किए जा रहे शवों की पहचान करने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। नेपाल पुलिस द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक,1,344 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि करीब पांच हजार लोग अब भी लापता हैं। अब तक 13,100 से अधिक लोगों को बचाया गया है।

### लंदन जा रहे विमान की बेंगलुरु में आपात लैंडिंग

बेंगलुरु। लंदन के लिए रवाना हुए वर्जिन अटलांटिक के विमान को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण यहां के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईएबी) पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। विमान में 270 यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विमान ने सुबह करीब 8:20 बजे हवाई अड्डे से उड़ान भरी, लेकिन कथित तौर पर उड़ान भरने के तुरंत बाद उसमें तकनीकी खराबी आ गई।

## राजनाथ सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका जाएंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सैन्य संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

आधिकारिक बयान के अनुसार, सिंह के साथ रक्षा और विदेश मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आठ से 10 सितंबर तक श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि सिंह श्रीलंका के नेतृत्व के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे और कोलंबो में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

इसने कहा, भारत और श्रीलंका के बीच गहरे सभ्यतागत संबंध और बहुआयामी साझेदारी है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा, आर्थिक एवं व्यापारिक सहयोग तथा दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित है।

## संरा के विश्व मानचित्र में कश्मीर, लद्दाख भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुरूप हों : विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली। भारत ने रविवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र की पहल पर प्रस्तावित विश्व मानचित्र में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को देश के आधिकारिक मानचित्र के अनुरूप दिखाया जाना चाहिए तथा इनका कोई भी गलत या भ्रामक चित्रण स्वीकार्य नहीं होगा।

भारत ने महाद्वीपों के भूभाग को अधिक सटीकता से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विश्व मानचित्र में सुधार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जिसके दो दिन बाद विदेश मंत्रालय ने यह बयान दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने मानचित्र में सुधारः वैश्विक मानचित्रण प्रतिनिधित्व में संतुलन कायम करना और दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से अफ्रीका का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शीर्षक वाले प्रस्ताव को शुक्रवार को भारी बहुमत से पारित किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि यह प्रस्ताव किसी विशेष मानचित्र, मानचित्रण पद्धति या राष्ट्रीय सीमाओं के किसी खास चित्रण का समर्थन नहीं करता।

भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया और मतदान पर अपने स्पष्टीकरण में इक्वल एरिया मानचित्रण पद्धतियों को बढ़ावा देने के मूल सिद्धांत पर जोर दिया। जायसवाल ने इस मुद्दे पर मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत के संप्रभु क्षेत्र को भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुरूप दिखाया जाना चाहिए।

## महाराष्ट्र के छात्रों की आवाज सुने सरकार : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में हजारों छात्र सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि पूरे तंत्र से उनका भरोसा टूट चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को महाराष्ट्र के छात्रों की आवाज सुननी चाहिए, वरना छात्रों की गूंज और तेज होगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा कि चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, हर छात्र भाजपा शासन से परेशान है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र में हजारों छात्र शांतिपूर्ण तरीके से सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसकी वजह सिर्फ कोई एक परीक्षा या भर्ती नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र से टूटा हुआ भरोसा है।

❍ वरना छात्रों की गूंज और तेज होगी

गांधी ने कहा, चाहे केंद्र हो या राज्य, भाजपा सरकार में हर छात्र परेशान है। प्रश्नपत्र लीक, रुकी हुई भर्तियां, शिक्षा की बढ़ती और असहनीय लागत, छात्रावासों में अमानवीय हालात, जहर जैसा खाना और डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) में धोखाधड़ी।

## मोदी सरकार इसरो की भूमिका कर रही सीमित

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर स्टार्टअप को बढ़ावा देने के नाम पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की भूमिका को जानबूझकर सीमित करने का रविवार को आरोप लगाया।

पार्टी ने साथ ही दावा किया कि इसरो ने दशकों में जो क्षमताएं विकसित की हैं, उन्हें ऐसी निजी कंपनियों को हस्तांतरित किया जा रहा है, जिनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को लेकर संदेह है। कांग्रेस महासचिव और संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया। रिपोर्ट



के अनुसार, इसरो के प्रमुख कर्मचारी संगठनों ने इसरो प्रमुख वी. नारायणन को पत्र लिखकर संगठन के निजीकरण की दिशा और उसके मौजूदा कर्मचारियों तथा भविष्य की भूमिका पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर सवाल उठाए हैं। रमेश ने एक्स पर कहा, अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के नाम पर मोदी सरकार इसरो की भूमिका को जानबूझकर सीमित कर रही है।

इससे भी गंभीर बात यह है कि इसरो ने दशकों की कड़ी मेहनत से जो क्षमताएं विकसित की हैं, उन्हें ऐसी निजी कंपनियों को हस्तांतरित किया जा रहा है, जिनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि इसरो समुदाय के भीतर से आवाजें उठना साहसिक और सराहनीय है, जैसा कि इंडियन एक्सप्रेस की आज की रिपोर्ट से सामने आया है। रमेश ने कहा कि भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होने वाले देश के पहले इमेजिंग उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने निश्चित रूप से इसरो के भीतर लोगों का मनोबल बढ़ाया होगा।

## इसरो कर्मचारी संगठनों ने निजीकरण को लेकर स्पष्टीकरण मांगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नौ कर्मचारी संगठनों ने अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी. नारायणन को पत्र लिखकर विनिर्माण और परिचालन कार्यों को निजी कंपनियों को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है।

कर्मचारी संगठनों ने चार सितंबर को लिखे गए इस पत्र में इसरो की भविष्य की भूमिका के साथ-साथ मौजूदा कर्मचारियों और भविष्य में होने वाली भर्तियों पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। पत्र में कहा गया, निर्धारित वाणिज्यिक गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक मजबूत और सार्वजनिक



स्वामित्व वाले इसरो के साथ-साथ जारी रह सकती है लेकिन ऐसी नीति बिना व्यापक चर्चा के स्वीकार नहीं की जा सकती, जो इसरो की भूमिका को केवल सीमित अनुसंधान एवं विकास तक समेट दे और देश के प्रक्षेपण यानों के निर्माण एवं प्रक्षेपण संबंधी बुनियादी ढांचे का संचालन सार्वजनिक क्षेत्र के हाथों से बाहर चला जाए। पत्र में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका द्वारा 21 अगस्त को की गई टिप्पणियों का भी जिक्र किया गया। इन-स्पेस गैर-सरकारी संस्थाओं की विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, उन्हें सक्षम बनाने, अधिकृत करने और उनकी निगरानी करने वाली संस्था है। गोयनका ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कथित तौर पर कहा था, अंततः इसरो कोई भी प्रक्षेपण यान नहीं बनाएगा और न ही किसी प्रक्षेपण यान का निर्माण करेगा। यह सब निजी क्षेत्र या पीएसयू द्वारा किया जाएगा।

कर्मचारी संगठनों ने दावा किया कि इन टिप्पणियों के बाद अंतरिक्ष विभाग की ओर से कोई ऐसी आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई जिसमें स्वीकृत नीति, उसके कानूनी और प्रशासनिक आधार, उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने की प्रक्रिया तथा मौजूदा कर्मचारियों और भविष्य की सरकारी भर्तियों पर पड़ने वाले असर को स्पष्ट किया गया हो। पत्र में कहा गया है, इसरो द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय संपत्ति है।

### इंटरटेनमेंट...

## 'मिर्जापुरः द मूवी' ने दूसरे दिन कमाये 32 करोड़



**मुंबई।** फिल्म 'हनुमान अंश' भारत में 7 अगस्त 2026 को और 'मिजार्पुरः द मूवी' 4 सितंबर 2026 को रिलीज हुई हैं। फिल्म हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर पांचवें हफ्ते में भी मजबूत प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने हिंदी में 5वें शनिवार की सबसे बड़ी कमाई दर्ज करते हुए धुरंधर का पिछला रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शनिवार फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा कमाई वाला दिन भी रहा। सैकनिल्क के मुताबिक, हनुमान अंश ने पांचवें शनिवार को हिंदी भाषा में 16.50 करोड़ रुपए नेट का कलेक्शन किया। जबकि धुरंधर ने 5वें शनिवार को 11.75 करोड़ रुपए कमाए थे। हनुमान अंश ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 10 लाख रुपए नेट की ओपनिंग की थी। पहले दो हफ्तों में फिल्म ने करीब 1.50 करोड़ रुपए नेट कमाए। तीसरे हफ्ते में कमाई बढ़कर 10.40 करोड़ रुपए नेट हुई और चौथे हफ्ते में फिल्म ने 61 करोड़ रुपए नेट का कलेक्शन किया।

पांचवें हफ्ते के पहले दो दिनों में ही फिल्म 26.25 करोड़ रुपए नेट कमा चुकी है। आगे भी इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी की उम्मीद है। पांचवें शनिवार की कमाई के बाद हनुमान अंश भारत में 100 करोड़ रुपए नेट के आंकड़े के करीब पहुंच गई। फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 99.38 करोड़ हो गया है। आज पूरी उम्मीद है कि फिल्म 100 करोड़ रुपए नेट का आंकड़ा पार कर लेगी। जिसके बाद यह पहली भारतीय फिल्म बनेगी जिसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1 करोड़ रुपए से कम की ओपनिंग के बाद 100 करोड़ रुपए नेट क्लब में जगह बनाई है। वहीं, 'मिजार्पुरः द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन भी अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन भारत में 32.00 करोड़ नेट कलेक्शन किया। फिल्म का अब तक का इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 69.30 करोड़ और इंडिया नेट कलेक्शन 57.75 करोड़ हो गया है। वहीं, ओवरसीज में दूसरे दिन फिल्म ने ?6.00 करोड़ कमाए, जिससे कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 10.25 करोड़ हो गया है।

❍ हनुमान अंश ने 5वें शनिवार को 16.50 करोड़ कमाकर धुरंधर का रिकॉर्ड तोड़ा

दो दिनों में 'मिजार्पुरः द मूवी' का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 79.55 करोड़ पहुंच गया है। करण जौहर ने कहा- 'सॉलिड, कड़क और मसालेदार फिल्म' फिल्ममेकर करण जौहर ने 'मिजार्पुरः द मूवी' देखने के बाद फिल्म की तारीफ की है। फिल्म रिलीज होने के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसका ट्रेलर शेयर किया और अपना रिएक्शन दिया।

## पैपराजी पर भड़के सलमान खान

**मुंबई।** सलमान खान बिग बॉस 20 के सेट पर उन्हें कवर करने आए पैपराजी पर भड़क गए। सलमान ने सरेआम फोटोग्राफर्स को फटकारा, जिसका वीडियो अब सामने आया है। दरअसल, सलमान टी-शर्ट, जींस और काऊबॉय हेट पहने, बिग बॉस 20 के मंच पर शूटिंग के लिए पहुंचे थे। सलमान पोज दे रहे थे तभी एक फोटोग्राफर ने- बाबा, बाबा, चिल्लाते हुए उनसे पोज देने की डिमांड की। ये सुनते ही सलमान नाराज हो गए और गुस्से में कहा- बाबा? ये तेरा काम नहीं है। मुझे कैमरे के आगे आने की कोई जरुरत नहीं है। इस घटना के कुछ समय बाद फिर पैपराजी बार-बार फोटो लेने के लिए उतावले दिखे, जिससे सलमान के चेहरे पर गुस्सा आ गया। टेलीविजन रियलिटी शो बिग बॉस 20, 6 सितंबर से शुरू हो रहा है।

## बिपाशा बसु ने प्रेग्नेंसी के बाद ट्रोलिंग झेली

**मुंबई।** एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने हाल ही में बताया कि उनकी बेटी के जन्म के बाद वजन और शरीर को लेकर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। बिपाशा ने 'एल इंडिया' से बातचीत में कहा कि महिलाओं से उम्मीद की जाती है कि वे बच्चे को जन्म देने के बाद भी 20 साल की उम्र जैसा शरीर बना लें। बिपाशा ने कहा, 'आज भी महिलाओं के शरीर को लेकर होने वाली बातें काफी अजीब हैं। ऐसा लगता है कि बच्चे को जन्म देने के बाद 40 की उम्र में भी आपको 20 साल की उम्र जैसी बॉडी में वापस आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा, '20 साल की महिला से जो उम्मीद की जाती है, वही 40 साल की महिला से भी की जाती है। अगर आप जल्दी अपनी पुरानी शेप में नहीं लौटतीं, तो आपको ट्रोल किया जाएगा। लोग बहुत बेरहमी से पेश आएंगे। बिपाशा ने बेटी देवी के जन्म के बाद खुद इसका सामना किया। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत ज्यादा ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। कुछ पैपराजी ने मेरी बेहद अजीब तस्वीरें खींचीं। वे यह नहीं देखते कि एक महिला कितनी मेहनत कर रही है।

❍ पैपराजी ने खींचीं अजीब तस्वीरें, बोलीं- 40 की उम्र में 20 जैसे फिगर की उम्मीद गलत

## 'किंग' का फाइनल कट लॉक नहीं, शूटिंग खत्म

मुंबई। 'किंग' का फाइनल टोन और रफ्तार काफी हद तक एडिटिंग टेबल पर तय होगी। शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'किंग' की शूटिंग पूरी हो चुकी है, लेकिन फिल्म का फाइनल कट अभी लॉक नहीं हुआ है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, एडिटिंग के साथ म्यूजिक, बैकग्राउंड स्कोर, साउंड डिजाइन और वीएफएक्स का काम अभी जारी है।

बड़े स्तर की एक्शन फिल्म में शूटिंग खत्म होने के बाद एडिटिंग टेबल पर कई अहम फैसले लिए जाते हैं। इसमें तय होता है कि कौन-सा सीन कितना लंबा रहेगा, किस शॉट पर कट होगा और एक्शन सीक्वेंस की रफ्तार कैसी रखी जाएगी। 'किंग' के कुछ प्रमुख सीक्वेंस की फाइनल लेंथ पर



अभी काम चल रहा है। फिल्म के म्यूजिक पर भी अभी काम चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, अलग-अलग धुनों और ट्रैक पर काम किया जा रहा है और फिल्म के सभी गाने अभी फाइनल नहीं हुए हैं।

अब तक फिल्म की घोषणा के दौरान इस्तेमाल की गई थीम ट्यून ही सार्वजनिक तौर पर सामने आई है। नए गानों की शूटिंग अभी शुरू नहीं हुई है। पहली नजर में यह प्रोडक्शन में देरी लग सकती है, लेकिन बड़े बजट की फिल्मों में ऐसा क्रिएटिव वजहों से भी किया जाता है।

बॉलीवुड में बड़े गानों की शूटिंग कई बार फिल्म की मुख्य कहानी के हिस्सों के बाद की जाती है। इसके बाद एडिटिंग टेबल पर फिल्म की असली रफ्तार और मूड सामने आता है। इससे यह तय करना आसान होता है कि गाना कहानी में कहां फिट होगा और उसका ट्रीटमेंट कैसा रखा जाए। अगर किसी हिस्से में इमोशनल असर बढ़ाने की जरूरत है।

❍ म्यूजिक-वीएफएक्स में काम अभी बाकी




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com